ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 29 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक-115 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

सनी लियोनी ने कान मोमेंट के लिए पति डेनियल... पेज 12 पर



# ‘नए संसद भवन राष्ट्र को समर्पित’



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नव्य-भव्य संसद भवन को राष्ट्र को समर्मित किया। इससे पूर्व उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नए संसद भवन में सेंगोल को स्थापित किया। इसके बाद उन्होंने भवन निर्माण में योगदान देने वाले श्रमजीवियों का सम्मान किया। प्रधानमंत्री सुबह-सुबह रायसीना हिल्स स्थित संसद भवन पहुंचे और सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। नए संसद भवन में पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। नवनिर्मित संसद भवन के लोकार्पण के शुभ अवसर पर तमिलनाडु से आए आदिनम संतों से प्रधानमंत्री ने सेंगोल ग्रहण किया। इसके बाद वे इसे नए संसद की लोकसभा में अध्यक्ष के आसन के नजदीक सेंगोल को स्थापित करने गए। सेंगोल की स्थापना के पश्चात विधिवित पट्टिका अनावरण करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। इसके उपरांत उन्होंने श्रमजीवियों का सम्मान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने नए संसद भवन में आयोजित हो रहे ‘सर्व-धर्म’ प्रार्थना समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने सेंगोल की स्थापना के पूर्व उसे साष्टांग दंडवत प्रणाम भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि जैसे ही भारत की संसद के नए भवन का उद्घाटन हुआ है।





## संसद भवन-गणपति होम, नाद स्वर, सेंगोल व उत्तर प्रदेश का कालीन

**प्रधानमंत्री** नए संसद भवन के लोकार्पण समारोह के लिए रविवार सुबह पारंपरिक परिधान में द्वार संख्या एक से संसद भवन परिसर पहुंचे। यहां लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले कर्नाटक के श्रृंगेरी मठ के पुजारियों के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणपति होम अनुष्ठान में हिस्सा लिया। फिर पवित्र राजदंड 'सेंगोल' को दंडवत प्रणाम किया। इसके बाद पवित्र राजदंड लेकर तमिलनाडु के विभिन्न अधीनमों के पुजारियों का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानमंत्री 'नादस्वर' की धुनों के मध्य सेंगोल लेकर नए संसद भवन के भीतर गए। प्रधानमंत्री ने इसे लोकसभा कक्ष में अध्यक्ष के आसन के दायें बनाए गए विशेष स्थान पर स्थापित किया। इस अभूतपूर्व पल के साक्षी केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेशमंत्री एस. जयशंकर, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बने। प्रधानमंत्री ने इस भवन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कुछ कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। नए संसद भवन के लोकसभा और राज्यसभा के फर्श की शोभा उत्तर प्रदेश में निर्मित कालीन बढ़ा रहे हैं। करीब 900 कारीगरों ने 10 लाख घंटे तक बुनाई कर इनका निर्माण किया है। लोकसभा की फर्श की कालीन में हरे रंग में राष्ट्रीय पक्षी मोर और राज्यसभा की फर्श की कोकम लाल रंग की कालीन में राष्ट्रीय पुष्प कमल के उत्कृष्ट रूपों को दशार्या गया है। यह बुनकर भदोही और मिजार्पुर जिलों के रहने वाले हैं।

## पीएम ने किया 75 रुपये का सिक्का जारी

**पीएम** ने नए संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर 75 रुपये का सिक्का जारी किया। इस दौरान उन्होंने विशेष स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। बता दें कि देश अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। दरअसल, 75 रुपये के इस नए सिक्के का आकार 44 मिलीमीटर वृत्ताकार है। इसका मानक वजन 35 ग्राम है। सिक्के के अग्र भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष है और इसके नीचे 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है। उसके बाईं ओर देवनागरी लिपि में 'भारत' शब्द और दाईं ओर अंग्रेजी में 'इंडिया' शब्द लिखा हुआ है। सिंह स्तंभ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक चिन्ह और अंतरराष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य '75' भी लिखा हुआ है। साथ ही संसद परिसर की तस्वीर के नीचे अंतरराष्ट्रीय अंक में वर्ष '2023' लिखा हुआ है। सिक्के के पृष्ठ भाग में संसद भवन का चित्र है और सिक्के के ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में 'संसद संकुल' लिखा है। निचली परिधि पर अंग्रेजी में 'पार्लियामेंट काम्प्लेक्स' लिखा है। बता दें कि 200 सेररेशन वाला सिक्का 50 फीसद चांदी, 40 फीसद तांबा, 5 फीसद निकेल और 5 फीसदी जिंक से बना है।







## राष्ट्रपति ने किया नए संसद भवन का उद्घाटन का स्वागत

**राष्ट्रपति** ने रविवार को पीएम द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन किए जाने का स्वागत किया और कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व तथा अपार हर्ष की बात है। राष्ट्रपति ने उद्घाटन के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन देश के इतिहास में सुनहरे शब्दों में लिखा जाएगा। उन्होंने अपने संदेश में कहा, नए संसद भवन का उद्घाटन भारत के सभी लोगों के लिए गर्व और खुशी की बात है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने राष्ट्रपति का संदेश पढ़कर सुनाया। राष्ट्रपति मुर्मू ने संसद को देश के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश करार देते हुए कहा कि नया संसद भवन हमारी लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मुर्मू ने कहा, नए संसद भवन के उद्घाटन का अवसर भारत के इतिहास में सुनहरे शब्दों में लिखा जाएगा। पीएम ने रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन किया।

## भवन निर्माण में काम करने वाले कर्मियों को पीएम मोदी ने किया सम्मानित

**पीएम** को नए संसद भवन का उद्घाटन करने के बाद इसके निर्माण में जुटे कर्मियों को सम्मानित किया। मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ नए संसद भवन का उद्घाटन करने के बाद इसके निर्माण में काम करने वालों का अभिनंदन किया और उनके योगदान के लिए शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किए। प्रधानमंत्री से सम्मान पाने वाले कर्मियों में पश्चिम बंगाल के सुंदरबन के सत्य रंजन दास भी शामिल हैं। दास ने निर्माण स्थल पर श्रमिकों के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था की थी। मोदी ने ओडिशा के चांदीपुर के पुरंजन दलाई और राजस्थान के बाड़मेर के किशनलाल को भी सम्मानित किया, जिन्होंने नए भवन की लॉबी के डिजाइन पर काम किया था। वड़ोदरा से देवलाल सुखार और बिहार से अनिल कुमार यादव ने संसद की बाहरी दीवार पर बलुआ पत्थर लगाने का काम किया, पूर्वोत्तर के सुब्रत सूत्रधर ने बांस लगाने का काम किया, झारखंड के मुजफ्फर खान ने मैकेनिक के रूप में काम किया और निर्माण के दौरान सभी मशीनों को चालू रखा, दिल्ली के धर्मेंद्र ने गैस वेल्डिंग का काम किया, और वाराणसी के आनंद विश्वकर्मा ने नए भवन में दोनों कक्षों की छत और कुर्सियों का काम किया।



### नीति आयोग की बैठक से लौटे सीएम हेमंत, कहा-

## गांव के विकास से ही राज्य का विकास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नीति आयोग संचालन परिषद की बैठक से सीएम हेमंत सोरेन लौट गए हैं। इसके बाद भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि राज्य का विकास होगा तभी देश का विकास होगा। ऐसे में राज्य को भी गांव पर ध्यान रखना होगा। गांव के विकास से ही राज्य का विकास होगा। झारखंड के परिपेक्ष्य में हमने अपनी बातें रखी हैं। जरूरत पड़ने पर और भी ज्यादा मजबूती से अपनी बातों को रखेंगे। वहीं संसद भवन के उद्घाटन पर पूछे गए सवाल पर सीएम ने कहा कि दिल्ली में पहलवानों के साथ क्या हुआ यह भी पूछा जाना चाहिए।

### पहलवानों को हिरासत में लिए जाने की सीएम ने की निंदा



**नए** संसद भवन के उद्घाटन के पूर्व दिल्ली में बेमियादी अनशन पर बैठे देश के पहलवानों को हिरासत में लेने, मारपीट को लेकर विरोध शुरू हो गया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री से लेकर कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर कड़ी टिप्पणी की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने निजी ट्विटर हैंडल से ट्विट करके इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने कहा की जिस दिन संसद का नया भवन राष्ट्र को समर्पित किया जा रहा है, भारत के सबसे प्रसिद्ध चैंपियन पहलवानों, हमारे राष्ट्रीय गौरव के साथ इस तरह की क्रूर और शर्मनाक मारपीट को देखना दुखद है। उनका अपराध शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध के माध्यम से न्याय की मांग करना। मैं उनकी नजरबंदी की कड़ी निंदा करता हूं और उनकी तत्काल रिहाई की मांग करता हूं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बयान जारी कर कहा कि हद हो गई। जो पहलवान देश के लिए पदक जीत कर लाते हैं, उनके साथ देश के मालिक लोग फोटो खिंचावाते हैं। राष्ट्रीयता की बात करते हैं। मगर इन्हीं पहलवानों के साथ क्रूर व्यवहार हो रहा है।

## राहुल गांधी आज जाएंगे अमेरिका

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को एक स्थानीय अदालत द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी किए जाने के दो दिन बाद रविवार को नया सामान्य पासपोर्ट मिल गया और अब वह आज अमेरिका रवाना होंगे। सूत्रों ने बताया कि पासपोर्ट कार्यालय ने भरोसा दिलाया था कि रविवार को पासपोर्ट मिल जाएगा और उन्हें दोपहर के समय पासपोर्ट मिल गया। दिल्ली की एक अदालत ने राहुल को 10 वर्ष के बजाय तीन वर्ष के लिए सामान्य पासपोर्ट जारी किए जाने के वास्ते गत शुक्रवार को अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया था। राहुल आज शाम अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना होने वाले हैं।

## दुकान और मॉल में ग्राहकों से मोबाइल नंबर मांगने पर पाबंदी

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

उपभोक्ता मंत्रालय ने ग्राहकों से ई-मेल व फोन नंबर लेकर थर्ड पार्टी को बेचने व धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के चलते दुकान और मॉल में (बिल बनाते समय) मोबाइल नंबर मांगने पर पाबंदी लगा दिया है। आदेश जारी किया है कि कोई भी दुकानदार ग्राहक को बिलिंग या किसी अन्य काम के लिए मोबाइल नंबर देने को मजबूर नहीं करेगा।

आजकल हालत यह हो गई है कि आप किसी माल या बड़ी दुकान से सामान खरीदने जाते हैं, तो सामान का बिल बनाने वाला सबसे पहले आपका फोन नंबर पूछता है। यदि आपने उसको अपना फोन नंबर नहीं दिया, तो वे आपको सामान देने से मना कर देता है। कई ऐसे होते हैं जो अपना फोन नंबर डालकर आपका बिल बनाते हैं, और पेमेंट लेते हैं। इन हालात में आप जब किसी दुकान या माल से कोई सामान लेते हैं, और वह आपका फोन नंबर मांगता है, नहीं देने पर सामान नहीं देता है, तो आप पुलिस को फोन करके उसकी शिकायत कर सकते हैं। क्योंकि फोन नंबर देना जरूरी नहीं है। और मालवाले या दुकानदार आपका फोन नंबर लेकर ऐसे कंपनियों को दे सकते हैं, जो आपको लगातार फोन करने लगें। या आपके एसएमएस व वाट्सएप पर तरह -तरह के संदेश या विज्ञापन भेजने लगें।



## राज्य में बदलते मौसम ने कराया गर्मी का एहसास

**रांची।** राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होने से एक बार फिर गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। अब तक आसमान में बादल छाए हुए थे। इसके छंटने से गर्मी फिर तेज हो गई। रविवार सुबह से ही धूप छांव के बीच तीखी धूप ने गर्मी का एहसास करना शुरू कर दिया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि 30 और 31 मई को हल्के बादल छा सकते हैं लेकिन एक जून से गर्मी बढ़ेगी। तापमान में तीन डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य में अगले चार दिनों के दौरान भीषण गर्मी से लोगों को दो चार होना पड़ेगा।

### इतिहास — ब्रिटिश काल की गुप्त भूमिगत सुरंग से जुड़ा है झारखंड का राजभवन

## राजभवन 9 दशकों से भी ज्यादा पुराना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बीते 24 से 26 मई तक झारखंड के दौरे पर थीं और इस दौरान रांची स्थित राजभवन के जादू ने उन्हें एक बार फिर मोह लिया। उन्होंने विजिटर्स बुक में लिखा, राजभवन के सुंदर परिसर में आकर मुझे बहुत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यहां पर प्रवेश करते ही इस भवन में बिताए छह वर्षों की मधुर स्मृतियां जीवंत हो उठीं।

द्रौपदी मुर्मू छह साल तक झारखंड की राज्यपाल रही हैं। इस वजह से इस भवन में उनका नॉस्टैल्जिक होना स्वाभाविक है, लेकिन सच तो यह है कि रांची स्थित राजभवन अपने बेमिसाल स्थापत्य, बेहतरीन वास्तु और अनुपम सौंदर्य को लेकर ब्रिटिश काल से ही आकर्षण का केंद्र रहा है। झारखंड अलग राज्य के तौर पर भले 15 नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया, लेकिन रांची स्थित राजभवन का इतिहास 9 दशकों से भी ज्यादा पुराना है। अपनी बेहतरीन जलवायु और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण रांची बिहार की ग्रीष्मकालीन राजधानी हुआ करती थी। इसी दौरान इस राजभवन का निर्माण हुआ था। संभवतः यह पूरे देश की गिनी-चुनी ऐसी इमारतों में है, जो गुप्त भूमिगत सुरंग से जुड़ी है। इस सुरंग में जाने के लिए दो द्वारों के निशान राजभवन के दरबार हॉल और डाइनिंग हॉल के पास मौजूद हैं। कहते हैं कि इन द्वारों से जो सुरंग कनेक्ट होती थी, वह कहां तक जाती थीं, इसका पता किसी को नहीं है। झारखंड राजभवन की वेबसाइट में भी इन द्वारों और इनसे जुड़ी सुरंग का जिक्र है। झारखंड राजभवन की वेबसाइट में बताया गया है कि राजभवन के ग्राउंड फ्लोर में दो ट्रैप डोर्स हैं जो भूमिगत सुरंगों से जुड़े हुए हैं और ये सुरंगें किसी गुप्त स्थान तक जाती हैं। रांची डिस्ट्रिक्ट गजेटियर के मुताबिक इस दो मंजिला भवन को ब्रिटिश शासनकाल में करीब सात लाख रुपये में बनाया गया था।



## आयकर विभाग के नोटिस का जवाब दे, होगी कड़ी कार्रवाई

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

आयकर विभाग ने ‘जांच’ के दायरे में लिए जाने वाले मामलों के बारे में कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत ऐसे आयकर दाताओं जिन्होंने आयकर विभाग द्वारा भेजे गए नोटिस का जवाब नहीं दिया है, उनके मामलों की जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी। आयकर विभाग उन मामलों की जांच भी करेगा जहां किसी लॉ इंफोर्समेंट एजेंसी या रेगुलेटरी अथॉरिटी द्वारा टैक्स चोरी से संबंधित विशिष्ट जानकारी उपलब्ध कराई गई है। मालूम हो कि सीबीडीटी के निर्देश पर आयकर विभाग ने इस महीने 16 तारीख से देशभर में टैक्स चोरी, जीएसटी चोरी, फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन जैसे मामलों को रोकने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया था।

## झारखंड और बिहार में 17 हजार सिम रद्द

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिहार और झारखंड में नौ से अधिक कनेक्शन रखने वाले ग्राहकों के 21,800 सिम कार्ड में से अब तक कुल 17,000 को अप्रैल और मई में निष्क्रिय कर दिया गया है। रांची स्थित भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारी प्रत्युष पाठक ने रविवार को बताया कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 21,800 कनेक्शन में से लगभग 17,000 ऐसे मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय कर दिया है। डीओटी के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार एक ग्राहक भारत में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से अधिकतम कुल नौ मोबाइल कनेक्शन प्राप्त कर सकता है। जम्मू-कश्मीर, असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में ग्राहकों के लिए यह सीमा छह है। उन्होंने बताया कि अप्रैल और मई के महीने में टेलीकॉम सिम सब्सक्राइबर वेरिफिकेशन विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड फेशियल रिकॉग्निशन पावर्ड सॉल्यूशन ने खुलासा किया कि बिहार और झारखंड में एक उपभोक्ता को अनुमति से अधिक नौ से ज्यादा कनेक्शन देकर कुल 21,800 मोबाइल कनेक्शन जारी किए गये। उन्होंने कहा कि ऐसे करीब 17,000 नंबर के कनेक्शन काट दिये गये हैं।

# भूमि घोटाला : रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस के दर्ज केस को जांचेगी ईडी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जमीन घोटाले में ईडी अब नए तथ्यों पर काम करेगी। रांची के वैसे आपराधिक गिरोह जो कोलकाता जाकर कागजों की हेरफेर कराते थे, उनके खिलाफ अब नए सिरे से जांच होगी। दरअसल, कोलकाता में भी रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस ने अपनी कार्यालय की जांच करायी तो पाया कि वहां कई कागजों में हेरफेर की गई है, कई सारे दस्तावेज गायब किए गए हैं। ऐसे में रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस ने जांच के बाद एफआईआर दर्ज करायी है। इस केस के दर्ज होने के बाद रांची के ईडी जोनल कार्यालय ने अब उस केस को टेकओवर करने का फैसला लिया है। वर्तमान में सदर और बरियातू थाने में दर्ज केस के आधार पर ईडी की टीम ने ईसीआईआर दर्ज कर जमीन घोटाले में मनी लाउंड्रिंग की जांच शुरू की थी। अब कोलकाता में दर्ज केस में भी ईडी ने ईसीआईआर दर्ज करने का फैसला लिया है।
रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस आफिस में गड़बड़ी के मामले में ईडी ने एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ की थी। पूछताछ के बाद व ईडी की फोरेंसिक रिपोर्ट में गड़बड़ी सामने आने के बाद कोलकाता के आईजी रजिस्ट्रार ने इस मामले में टीम गठित कर जांच करायी थी। जांच टीम ने कोलकाता के रजिस्ट्री आफिस व रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस में कागजातों की मिलान करायी तो फर्जीवाड़ा सामने आ गया। सेना की बरियातू स्थित 4.55 एकड़ जमीन व चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन में छेड़छाड़ की पुष्टि भी एश्योरेंस आफ रजिस्ट्रार कार्यालय की जांच में सामने आयी है। जिसके बाद इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ जालसाजी, आपराधिक साजिश रचने जैसी धाराओं में केस दर्ज की गई। एश्योरेंस आफ रजिस्ट्रार ने रांची की कई जमीनों की जांच में भी गड़बड़ी पायी है। ऐसे में उन सारे लोगों के खिलाफ आगे ईडी का शिकंजा कस सकता है, जिन्होंने जमीन की खरीद बिक्री फर्जी दस्तावेजों के आधार पर की है। ईडी ने कोलकाता से फर्जी कागजात बनवाने वाले अफसर अली, इम्तियाज अहमद समेत सात लोगों को 13 अप्रैल की रात गिरफ्तार किया था। ईडी ने जांच में पाया था कि अफसर अली ने सेना जमीन, चेशायर होम रोड जमीन के साथ साथ कई अन्य जमीनों की खरीद बिक्री के लिए कागजात बनवाए हैं। इस मामले में ईडी की जांच में कई अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी मिली है, जो इसी तरह के धंधे में लिप्त हैं। रांची जमीन घोटाले में ईडी की टीम अब पहली चार्जशीट की तैयारी में है। ईडी के अधिकारी जून के दूसरे हफ्ते में मामले में रांची में विशेष ईडी कोर्ट में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर करेंगे। ईडी इस मामले में पहले से जेल में बंद प्रेम प्रकाश, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल पर भी चार्जशीट दायर कर सकती है।

**अफसर अली के अलावे कई गिरोह भी सक्रिय, कई अन्य नाम भी बन सकते हैं आरोपित**

**सेना की बरियातू स्थित 4.55 एकड़ जमीन व चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन में छेड़छाड़ की पुष्टि भी एश्योरेंस आफ रजिस्ट्रार कार्यालय की जांच में सामने आयी है**

## जमशेदपुर में अधिक शराब पीने से अधेड़ महिला की हुई मौत

**जमशेदपुर।** बिरसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोन नंबर तीन स्थित शिव मंदिर के पास रहने वाली पुष्पा सरदार (48) की शराब पीने से मौत हो गई। सूचना पाकर रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौत का कारण अत्यधिक शराब का सेवन बताया है। पुष्पा के भतीजे महाबीर ने कहा कि चाची घर पर अकेली ही रहती थी। चाचा की मौत हो चुकी है और उनके बच्चे नहीं है। वह रेजा का काम कर जीवन-यापन करती थी। काम से लौटने के बाद घर के पास ही देशी शराब पीने जाती थी। वह हर दिन शराब का सेवन करती थी। महावीर ने बताया कि चाची की मौत संभवतः अत्यधिक शराब के सेवन से हुआ है।

# मुख्यमंत्री ओबीसी का जातीय गणना व सर्वेक्षण कराएं : राजेन्द्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री के समक्ष एसटी, एससी और ओबीसी को आबादी के अनुपात में आरक्षण देने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए जाने का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने स्वागत किया है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि एसटी और एससी का जातीय आंकड़ा तो उपलब्ध है। लेकिन पिछड़ी जाति का जातीय आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ओबीसी के अधिकारों के प्रति सिर्फ भावनात्मक बातें ना करें। बल्कि बड़े हृदय दिखाएं और सच्चे मन से ओबीसी को उनका आरक्षण आबादी के अनुपात दिलाने का पहल झारखंड से करें। प्रसाद ने कहा कि इसके लिए बिना देर किए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन,ओबीसी का जातीय गणना और सर्वेक्षण तुरंत करवाएं। जिससे झारखंड में 55% आबादी वाले ओबीसी जातियों को आबादी के अनुपात आरक्षण मिल सके। प्रसाद ने यह भी बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ओबीसी का गणना और राजनीतिक आर्थिक सामाजिक स्थिति का सर्वेक्षण करने का आदेश अपनी सरकार में दिया था। उसी को आधार मानकर अविलंब ओबीसी का गणना और राजनीतिक आर्थिक ,सामाजिक स्थिति की सर्वेक्षण को तुरंत पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश देने का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, से आग्रह किया है।

## रातू पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का किया खुलासा

# चार नाबालिग समेत छह गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
पुलिस ने मोबाइल चोरी कर दूसरे राज्य व बाहर देशों में बेचने वाले अंतरराज्यीय मोबाईल चोर का खुलासा करते हुए थाना क्षेत्र के आदर्श नगर कमड़े में छापेमारी कर चार नाबालिग सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके पास से विभिन्नं कंपनियों के आधा दर्जन से अधिक मोबाईल जब्त किया है। गिरोह में चार बच्चों के अलावा 21 वर्षीय देव कुमार महतो पिता अजय महतो ग्राम बाबूपुर तीन पहाड़, जिला साहेबगंज व 22 वर्षीय अक्षय कुमार जयसवाल पिता अरुण कुमार चौधरी नीचे टोला तीन पहाड़ जिला साहेबगंज शामिल है। पकड़े गये सभी लोग साहबगंज जिले के बाबूपुर पहाड़ गंज के रहने वाले है। ये लोग बच्चो को लेकर रांची व आसपास के भीड़ भाड़ वाले इलाके में चोरी की घटना को अंजाम देने के उपरान्त चोरी के मोबाइल को दूसरे राज्य व बाहर देशों में खपाते थे।
पुलिस ने इनके पास से विभिन्न कंपनियों के चोरी के सात मोबाईल फोन जब्त किये है। जिसमें
एक सफेद रंग का आईफोन, जिसका आईएमईआई नंबर- 357771574260811,357771574250937, एक ओप्पो ए 77 मोबाईल ओसेन ब्ल्यू कलर का जिसका IMEI NO- 866768060246779, 866768060246761 , सेमसंग कम्पनी का ब्लू रंग का मोबाईल जिसका IMEI NO 35098761275200, 35172151275200 , मोटोरेला कम्पनी का मोटो जी (30) मोबाईल फोन, जिसका IMEI 358468242661657, 3584682- 42661665 , ब्लू रंग का सैमसंग गैलेक्सी MOT CORE जिसका IMEI NO. 354420778335036,3580142583350326, ब्लू रंग का रेडमी 8ए मोबाईल जिसका IMEI NO- 86161405679, 861614056797037, रेडमी कम्पनी का सफेद ब्लू रंग का मोबाईल फोन शामिल है। मामले को लेकर पुलिस ने रातू थाने में भादवी की धारा 379/414/ 120 (बी) के तहत कांड संख्या 211/23 दर्ज किया है।
छापेमारी दल में थे शामिल : पु०नि० सह थाना प्रभारी सपन कुमार महथा, पु० अ० नि० रोहित कुमार, पु० अ० नि० शेखर कुमार सिंह, पु० अ० नि० नितिश कुमार, स० अ० नि० सुधीर कुमार, आ0- उज्जवल कुमार सिंह, रातू थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## देवघर के बसाहा पंचायत भवन में लगा डीसी का जनता दरबार

**देवघर।** डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में पालोजोरी प्रखंड के बसाहा पंचायत भवन में रात्रि आज सुबह जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने संध्या चौपाल में आए हुए समस्याओं के साथ जनता दरबार में आई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया। पंचायत भवन में उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए जांच से जुड़े मामलों का सत्यापन कराते हुए जल्द से जल्द समाधान का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। जनता दरबार के दौरान कई लोगों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। डीसी ने बसाहा पंचायत अंतर्गत मनरेगा के अलावा चल रहे विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इसके अलावा उपायुक्त ने सिंचाई कूप, नल कूप आदि का निरीक्षण करते हुए बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा फलदार पौधा लगाने का निर्देश दिया।

# सरकारी कार्यालयों में आउटसोर्सिंग से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर ने की वेतन पुनरीक्षण की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के सरकारी कार्यालयों में बाह्यस्त्रोत (आउटसोर्सिंग) के माध्यम से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर/ डाटा एंट्री ऑपरेटर ने मानदेय पुनरीक्षण करने और सीधे विभाग या कार्यालय से वेतन भुगतान करने की मांग की है। इस संबंध में रविवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष आउटसोर्सिंग से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर और डाटा एंट्री ऑपरेटर ने एक बैठक कर राज्यपाल व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। मौके पर कई कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि राज्य सरकार में संविदा पर कार्यरत कर्मियों को अधिक वेतनमान मिल रहा है। वहीं, बाह्यस्त्रोत (आउटसोर्सिंग) से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर और डाटा एंट्री ऑपरेटर को एजेंसी के माध्यम से वेतन भुगतान किया जाता है। जबकि संविदा पर कार्यरत कर्मियों से अधिक कार्य आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर और डाटा एंट्री ऑपरेटर करते हैं। मौके पर कई कर्मियों ने बताया कि राज्य सरकार से समान काम के लिए समान वेतन की मांग की गई है। बैठक में काफी संख्या में सरकारी विभागों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर और डाटा एंट्री ऑपरेटर मौजूद थे।

## जगन्नाथपुर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**रांची।** रांची का ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला इस बार भव्य तरीके से आयोजित होगा। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के कारण दो-तीन वर्षा तक रथ मेले का भव्य आयोजन नहीं हो सका था लेकिन इस बार रथमेला पुरानी परंपरा और भव्यता के साथ ही आयोजित होगा। रथमेला को लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। राज्य के वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव ने रविवार को तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की और जरुरी निर्देश दिए। इधर रांची स्थित जगनाथपुर मंदिर परिसर में रविवार को बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# अन्नापूर्णा भंडारे में 1500 श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमङ्ड आरएस कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल, राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण मे संस्था के सक्रिय सदस्यों और उनके परिवार के सौजन्य से बुलंदखंड केसरी महाराजा प्रणामी धर्म के स्तम्भ महाराजा छत्रसाल जी के 375 वें जन्मदिवस के सुअवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के आज के भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ ने मंदिर परिसर में आये हुए भक्त प्रेमीयो,राहगीरों एवं बच्चों के बीच 88 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्धाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित 05 पुरोहितो के द्वारा विधी विधान से विधिवत भगवान के दरबार मे पुजा,आरती कर विधिवत महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का टिका कर के भजन संकीर्तन कर आज की 88 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आज के भंडारे में संस्था ने पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव,आलु, चना टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरीया खीर, जलजीरा के शर्बत आये हुए प्रत्येक श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। रविवार दिनांक 28 मई 2023 को सुबह से ही पड रही भीषण गर्मी मे भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ था उत्साह में कोई कमी नही थी।

## लोकतंत्र का मंदिर देने के लिए झारखंड की जनता ने मोदी को दी बधाई

**रांची।** भारतीय संस्कृति और वास्तुकला से सुसज्जित देश को इतना भव्य और आकर्षक लोकतंत्र का मंदिर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की ओर से बधाई और जोहार। आने वाली पीढ़ी आपके रचनात्मक और दृढ़ निश्चय स्वभाव पर गर्व करेगी। किसी सरकार और आम व्यक्तित्व से इतने कम समय में इतना भव्य और दिव्य एतिहासिक निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती है। वीर सावरकर जी की जयंती पर देश को यह भेंट मिल रही है। एक देशभक्त को यह सच्ची श्रद्धांजली है। लोकतंत्र के मंदिर के निर्माण को पूर्ण करने वाले सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को भी बधाई।

# पंडित नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष राजकुमार महतो के नेतृत्व में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी की 59वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में पंडित जवाहरलाल नेहरु जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, कार्तिक चंद्र महतो, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष दुर्गा चरण महतो, सिल्ली पुर्वी मंडल अध्यक्ष हितेश कुमार बड़ाईक आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## बाधा | बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

# बच्चों की पढ़ाई में आ रही है समस्या



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
मई माह में जिस तरह से गर्मी का पारा चढ़ने लगा है वैसे ही बिजली की भी आंखमिचौली से लोगों का गुस्सा बढ़ा दिया है। बिजली की आवाजाही से लोगों को परेशान कर दिया है। बिजली नहीं रहने के कारण पानी की भी किल्लत होने लगी है। लोगों को काफी दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है। अभी मई महीना यह हाल है तो जून में क्या होगा। लोगों से बिजली विभाग से गुहार लगाकर थक चुके हैं। लेकिन व्यवस्था जस की तस है। सिल्ली मुरी आस पास क्षेत्र में करीब एक माह से बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान दिख रहे हैं। उमस भरी गर्मी में लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। सुबह से देर शाम तक प्रतिदिन घंटो बिजली गुल रहती है। इसके कारण आमजनों की परेशानी काफी बढ़ गई है। गर्मी में सभी स्कूल बंद है। निजी विद्यालय के संचालकों द्वारा बच्चों का सिलेबस पूरा करने के लिए ऑनलाइन क्लास शुरू किया गया है। स्कूली बच्चे घर में रहकर मोबाइल व लैपटॉप के माध्यम से क्लास कर रहे हैं। लेकिन बिजली कट होने की समस्या से बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। मोबाइल व लैपटॉप चार्ज नहीं हो पाता है। इसके कारण बच्चों का क्लास बाधित हो रहा है। मोबाइल चार्ज करने के लिए रेलवे स्टेशन का सहारा लेना पड़ रहा है। विद्युत उपभोक्ता सिल्ली व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि दिनभर में लगातार दो-तीन घंटा बिजली गुल हो जाती है। मोबाइल व लैपटॉप चार्ज नहीं हो पाता है। इसके कारण क्लास बाधित हो रहा है। साथ ही उमस भरी गर्मी में काफी परेशानी हो रही है। विभागीय अधिकारी को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने कहा कि पहले की अपेक्षा विद्युत आपूर्ति में काफी सुधार लाया गया है। करीब एक माह से ग्रिड में तकनीकि खराबी आ जाने के कारण बिजली कट होने की समस्या उत्पन्न हुई है ।उपभोक्ताओं की परेशानी को बहुत जल्द दूर किया जाएगा।

## झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन नौ जुलाई को

**रांची।** झारखंड कंबाइंड एंटरेंस कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन बोर्ड (जेसीईसीईबी) नौ जुलाई को झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन आयोजित करेगा। इसके लिए 29 मई से ऑनलाइन के माध्यम से एप्लीकेशन जमा लिए जायेंगे। एप्लीकेशन झारखंड कंबाइंड की वेबसाइट पर जाकर सबमिट करना होगा। यहां एडमिशन चयन परीक्षा के जरिये होता है।
◆ऑनलाइन एप्लीकेशन भरने की शुरूआत : 29 मई ◆ऑनलाइन एप्लीकेशन भरने की आखिरी तिथि : 20 जून ◆आवेदन की गड़बड़ियों में सुधार : 21 जून और 22 जून ◆झारखंड कंबाइंड एग्जामिनेशन : 9 जुलाई को होगा।
रांची और दुमका में होंगे परीक्षा केंद्र
एग्रीकल्चर और इससे जुड़े पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए ली जाने वाले झारखंड कंबाइंड की परीक्षा झारखंड के दो शहरों में ही ली जाएगी। यह दो शहर राजधानी रांची और दुमका है। एग्जामिनेशन ऑफलाइन मोड में लिया जाएगा। वैसे कैंडिडेट जो जेरनल, इडब्ल्यूएस, बीसी वन और बीसी टू में आते हैं और वे पीसीएस और पीसीबी ग्रुप के लिए फॉर्म भरते हैं।

# श्री श्याम मंडल का वार्षिक आम सभा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मण्डल, रांची की वार्षिक आम सभा रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर के सभागार में मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला के अध्यक्षता संपन्न हुई। सर्व प्रथम सामूहिक श्री श्याम वन्दना की गई । मंडल की अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए आशा प्रकट की कि श्री श्याम मण्डल निरन्तर श्री श्याम अराधना में लीन रहते हुए कार्यपथ पर निरन्तर आगे बढ़ता रहेगा । मण्डल के मंत्री श्री धीरज बंका ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मण्डल का वार्षिक 2022 - 2023 का आय - वय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया जिसे सभा ने सर्वसम्मि से स्वीकृति प्रदान की। मण्डल के सदस्यों ने मण्डल की भावी प्रगति के लिए अपने सुझाव रखे। अंत में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सुरेश चन्द्र पोद्दार ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवम धार्मिक कार्यों का विवरण सभा को बताया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा की कार्यवाही समापत की गई। आज के सभा में रमेश धरणीधरका, विवेक ढांडनीयां, गौरव परसरामपुरिया, रोहित पोद्दार उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर में विशेष भजन संकीर्तन का हुआ आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को विशेष भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। आज बाबा श्याम का विषेश मनोहारी श्रृंगार किया गया। लाल गुलाब पीला गेंदा लाल गेंदा गुलबहार बेली रजनीगंधा तुलसी सूर्यमुखी मोती की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। अवसर था पत्रकार राहुल शर्मा श्रीमती कंचन शर्मा के सुपुत्र मुदित के जन्मोत्सव का ।संध्या 5.30 बजे से भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ । आज के विषेश कीर्तन की अखण्ड ज्योति राहुल शर्मा ने अपने परिवार के साथ प्रज्वलित करके बाबा श्याम को प्रसाद का भोग अर्पित किया। गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विश्वनाथ नारसरिया, श्याम सुन्दर शर्मा, गौरव अग्रवाल, मोनू पवन शर्मा, मदन सोनी, तनय काठपाल, वेद भूषण जैन, लोकेश जालान आशुतोष खेतान पंडित शंकर लाल बसंत शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया के गांव में कृषि उपकरण का हुआ वितरण

# बेहतर उत्पादन के लिए किसानों को किया गया प्रेरित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहीदों एवं नायकों के गांवों के किसानों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी तेलंगा खड़िया के ग्राम मुरगू, जिला गुमला के 150 आदिवासी किसानों के बीच को किसानोपयोगी लघु कृषि उपकरण का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में झारखंड के वीर एवं साहसी महापुरुष तेलंगा खड़ियों की अंग्रेजों, जमींदारों के शोषण तथा अत्याचार के खिलाफ लड़ाई और अंग्रेज शासन से मुक्ति तथा देश के स्वतंत्रता में कुर्बानी को याद एवं नमन प्रणाम किया गया। बीएयू कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह की पहल पर निदेशालय प्रसार शिक्षा के सौजन्य से आयोजित तीसरी कड़ी के इस कार्यक्रम में किसानों को कुल दस तरह के हस्तचालित लघु कृषि उपकरणों को निः शुल्क बांटा गया। इन उपकरणों में मेज शेलर, गार्डन वेस्ट बेल्ट, सिक्क प्लास्टिक ग्रिप, गार्डन टूल्स, हैंड वीडिंग फोर्क, हैंड कल्टीवेटर, हैंड वीडर, हैंड हो तथा स्प्रेयर मशीन के अलावा प्लास्टिक वर्मी वेड शामिल थे। मौके पर तेलंगा खड़िया के वंशजों के पंद्रह पारिवारिक सदस्यों को भी सभी कृषि उपकरण प्रदान कर उन्नत तकनीक से खेती के लिए उत्प्रेरित किया गया। मौके पर बीएयू वैज्ञानिक एवं एटिक प्रभारी डॉ बन्धनु उरांव द्वारा किसानों को कृषि उपकरणों की उपयोगिता एवं लाभों के बारे में बताया गया। किसानों को लघु कृषि यंत्र के उपयोग से कम समय और कम श्रम के साथ सफल खेती से कम लागत में खेती से अधिक पैदावार प्राप्त करने की तकनीकी को बताया। साथ ही स्प्रेयर मशीन से दवाओं के छिड़काव से फसलों कीट-रोग व्याधि से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर आत्मा संस्थानों के बीटीएम सुनील कुमार, एटीएम नजरुल अंसारी, रोहित कुमार एवं कृषि अभियंता अनमोल कुजूर कृषि उपकरणों का रख-रखाव एवं खरीफ फसलों की उन्नत खेती तकनीकी की जानकारी दी कार्यक्रम के क्रियान्वयन में पंचायत मुखिया बंदी राम उरांव एवं कृषक मित्र जितेश्वर उरांव की सक्रिय भागीदारी एवं सहयोग रहा।

# झारखंड में विवि के शिक्षक सरकार से नाराज, बड़े आंदोलन की तैयारी में जुटे

**रांची।** राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों की छुट्टी में 50 प्रतिशत तक की कटौती की गई है। राज्य सरकार के इस फैसले से गुस्से में हैं। नाराज यूनिवर्सिटी शिक्षकों ने राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को पत्र लिखकर यूजीसी प्रावधानों के अनुरूप विश्वविद्यालय शिक्षकों को छुट्टी निर्धारित करने का आग्रह किया है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले राज्य भर के विश्वविद्यालय शिक्षक बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं। संघ के महासचिव डॉ ब्रजेश कुमार का मानना है कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए भी अवकाश का निर्धारण राज्यकर्मियों की तरह करने का निर्णय लिया है, जिसके लागू हो जाने के बाद 41 दिन का अवकाश शिक्षकों का कम हो जायेगा। जबकि विश्वविद्यालय शिक्षकों को यूजीसी नियमावली 2022 गाइडलाइन अनुरूप अवकाश देने का प्रावधान है। जिसमें देशभर के विश्वविद्यालय के शिक्षकों को साल में 8 सप्ताह की छुट्टी निर्धारित की गई है, जिसमें रिसर्च वर्क के साथ-साथ कई तरह के शैक्षणिक कार्य किए जाते हैं।

**नया शैक्षणिक कैलेंडर को लेकर उठा विवाद :** राजकीय सरकारी विश्वविद्यालयों के लिए जारी नए शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार अब सालाना 87 की जगह 43 दिन की छुट्टियां होंगी। इसके अलावा गर्मी और पर्व त्योहार की छुट्टी में भी कटौती की गई है। अमूमन विश्वविद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां करीब एक महीने की होती थी, जिसे सिमटकर 20 दिन का कर दिया गया है। यह विवाद तब उठा जब राजभवन से 16 मई को अधिसूचना राज्य के विश्वविद्यालयों तक पहुंचा और विश्वविद्यालय के कुलपति के द्वारा नए शैक्षणिक कैलेंडर में अवकाश की संशोधित सूची जारी की गई। नाराज शिक्षकों का मानना है कि राज्य सरकार के कर्मियों को सप्ताह में 5 दिन का कार्य दिवस होते हैं और 2 दिन अवकाश होता है लेकिन विश्वविद्यालय के शिक्षकों को 6 दिन कार्य करने होते हैं।

## रांची में दुष्कर्म पीड़ित बच्ची का बयान दर्ज



**रांची।** बाल कल्याण समिति रांची की टीम ने रविवार को बीते दिनों दुष्कर्म की शिकार हुई सात वर्षीय नाबालिग बच्ची का बयान दर्ज किया। बयान में बच्ची ने अपने साथ घटी घटनाओं की जानकारी दी। बच्ची का अभी अस्पताल में ईलाज चल रहा है। बाल कल्याण समिति की टीम ने अस्पताल में ही जाकर बयान दर्ज किया। समिति के चेयरमैन अजय शाह ने बताया कि आमतौर पर बयान के लिए पीड़ित को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है लेकिन बच्ची इलाजरत है, इसलिए अस्पताल में ही जाकर बयान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की हालत में सुधार आ रहा है। उसे समिति की ओर से हर संभव सहायता देने की कोशिश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि नाबालिग के साथ उसके एक रिश्तेदार ने ही दुष्कर्म किया था। इस मामले में ठाकुरगांव थाना में आईपीसी व पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## रघुवर दास ने प्रधानमंत्री को दी बधाई



**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने रविवार को भव्य और आकर्षक लोकतंत्र का मंदिर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और वास्तुकला से सुसज्जित देश को इतना भव्य और आकर्षक लोकतंत्र के मंदिर देने के लिए आने वाली पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रचनात्मक और दृढ़ निश्चय स्वभाव पर गर्व करेगी। उन्होंने कहा कि किसी सरकार और आम व्यक्तित्व से इतने कम समय में इतना भव्य और दिव्य ऐतिहासिक निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर की जयंती पर देश को यह भेंट मिल रही है। एक देशभक्त को यह सच्ची श्रद्धांजलि है।

## फाइनल को लेकर रांची के लोगों में उत्साह, कहा- धोनी फिर जीतेंगे खिताब

**रांची।** आईपीएल 2023 के फाइनल मैच को लेकर राजधानी रांची के भी लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महेंद्र सिंह धोनी को लेकर राजधानी के लोग आईपीएल के फाइनल मैच को लेकर काफी उत्साहित है। मैदान पर पसीना बहाने वाले खिलाड़ियों ने कहा कि आज के मैच को लेकर उन्हें उम्मीद है कि धोनी एक बार फिर से आईपीएल का खिताब अपने नाम करेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स को धोनी एक बार फिर से आईपीएल का विजेता बनाने का काम करेंगे। महेंद्र सिंह धोनी के करीबी रह चुके अनीसुर रहमान ने कहा कि धोनी जब क्रिकेट के मैदान में रहते हैं तो दर्शकों का उत्साह चरम पर रहता है। आज के आईपीएल फाइनल को लेकर भी लोगों में खासा उत्साह है, क्योंकि धोनी रांची के हैं और उन्होंने भारत का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है।

## नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराए जाने के खिलाफ रांची में कांग्रेस का धरना

# देश का लोकतंत्र खतरे में : राजेश ठाकुर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश के नये संसद भवन के उद्घाटन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाए जाने का कांग्रेस ने दमदार विरोध किया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रविवार को रांची में विरोध स्वरूप बिरसा चौक पर धरना दिया। धरना में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल नेता एवं मंत्री आलमगीर आलम, राजीव रंजन प्रसाद, रवींद्र सिंह, राकेश सिन्हा, राकेश किरण, अमूल्य नीरज खलखो, चंद्रकांत शुक्ला, शमशेर आलम, कुमार राजा सहित कई नेता उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के संवैधानिक प्रमुख, सेना प्रमुख और संसद के दोनों सदनों को संबोधित करने वाली राष्ट्रपति को नहीं बुलाना, उनसे उद्घाटन नहीं कराना, पूरी तरह से तानाशाही रवैया है। यह लोकतंत्र के लिए बहुत ही घातक है। उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक संस्थानों को खत्म करने की साजिश है, जिसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। विपक्ष के बार-बार आग्रह, मांग और निवेदन के बाद भी भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी एक नहीं सुनी। आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। इसे बचाना कांग्रेस का दायित्व है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की आपत्ति यह नहीं है कि देश के प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन कर रहे हैं। आपत्ति यह है कि आप चार्टर्ड प्लेन से पंडित और पुजारी मंगवा रहे हैं लेकिन दिल्ली में बैठी देश के संवैधानिक प्रमुख राष्ट्रपति को उद्घाटन समारोह में नहीं बुला रहे हैं। यह कैसी जिद और कैसी नयी परंपरा की शुरूआत है। देश की जनता राष्ट्रपति के इस अपमान को कभी भूल नहीं पायेगी।

## झारखंड में पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण 20 जून से




**रांची।** राज्य के झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) और विशिष्ट भारत रिजर्व बटालियन (एसआईआरबी) की प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण 20 जून से होगा। इन सभी बटालियन के हवलदार और एएसआई को एसआई में और एसआई को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी जानी है। प्रशिक्षण की तैयारी के लिए आईजी ट्रेनिंग ने जैप चार, जैप पांच, जैप नौ और आईआरबी नौ के कमांडेंट के साथ 29 मई को बैठक होगी। बैठक में शौचालय, पानी, बिजली, पाठ्य सामग्री, हथियार, गोली के बिंदुओं पर चर्चा होगी।

## जलाशय बचाओ पदयात्रा चार जून को होगी

**रांची।** सामाजिक कार्यकर्ता अमृतेश पाठक ने कहा कि रांची में तीन ऐसे जलाशय है, जिनकी स्थिति पहले से खराब है और समय के साथ अब और भी खराब हो रहा है। उनमें कांके डैम, बडा.तालाब और हरमू नदी की दूर्दशा देखकर तो धरती और प्रकृति भी भीतर ही भीतर सिसकती होगी। इसके मद्देनजर जलाशय बचाओ पदयात्रा चार जून को सुबह 8 बजे से कांके डैम के सरोवर नगर तट से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ सरकार को अपनी नीति और नीयत तथा जनता को अपनी प्राथमिकता पुनः परिभाषित करनी है। इसी संकल्प के निमित्त कि रांची के इन तीन जलाशयों को हमें मिलजुलकर बचाना है।

# रांची में मानसून से पहले नालियों की नहीं हुई सफाई तो शहर होगा बदहाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मौसम विभाग के अनुसार 15 जून के बाद मानसून दस्तक देने वाला है। इसमें महज 20 दिन रह गये हैं लेकिन रांची नगर निगम ने शहर के बड़े-छोटे तमाम नालों की सफाई का कार्य अभी पूरा नहीं किया है। व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो पहली बरसात में ही शहर की सूरत बिगड़ जायेगी। शहर में अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण किया गया है। यह नाला चारों ओर से पैक है। ड्रेनेज सिस्टम कहीं सड़क से ऊंचा है, तो कहीं नीचा। इस कारण भी जल जमाव की समस्या पैदा होती है। लोगों का कहना है कि जब तक पैक नाले का स्लैब हटाकर व बंद नाले को कटर से काट कर इसकी पूरी सफाई नहीं की जायेगी तब तक सुधार होने की कोई गुंजाइश नहीं है। इसे बारिश से पूर्व नहीं किया गया तो भारी परेशानी होगी। भारी बारिश से गली मुहल्लों को जलमग्न होने से कोई बचा नहीं पायेगा। इस संबंध में रांची नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि आने वाले मानसून के लिए नगर निगम गंभीर है। इसकी तैयारी की जा रही है। नगर निगम शहर को चार जोन में बांट कर इसे व्यवस्थित करने में लगा हुआ है। समय रहते इसे बेहतर कर लिया जायेगा। नगर निगम में संबंधित शाखा व अधिकारियों व सुपरवाइजरों को इसकी कमान सौंपी गई है। उन नगर आयुक्त बड़े-छोटे तमाम नालियों की सफाई के कार्य का निगरानी कर रहे हैं। इसलिए बरसात से पूर्व शहर को व्यवस्थित कर लिया जायेगा। किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

## सैकड़ों बच्चों के बीच पुस्तक कॉपी का वितरण किया गया

**रांची।** झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच द्वारा रविवार को सैकड़ों बच्चों के बीच पुस्तक कॉपी पेंसिल रबड़ कट्टर आदि का वितरण किया गया। मंच के अध्यक्ष मोहम्मद नसीम शेख ने बताया कि अभी हम लोग ने कुछ दिन पहले लगभग 50 से 60 दिनों तक लोगों को भोजन कराया था। अब ऐसे बच्चे ,जो पढ़ नहीं पा रहे हैं या जिन्हें कॉपी पेंसिल किताब की दिक्कत है, वैसे बच्चों तक हम लोग पढ़ाई के लिए पुस्तक कॉपी का वितरण कर रहे हैं और समाज में जागरूकता फैला रहे हैं कि वह पढ़ें और आगे बढ़े। इसके लिए हम लोग स्कॉलरशिप की भी व्यवस्था कर रहे हैं। यह मंच पिछले 25 सालों से सेवा एवं जागरूकता का कार्य कर रहा है।उन्होंने कहा कि अभी तो पूरे झारखंड में कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं, आने वाले समय में पूरे देश भर में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# रिम्स में सुरक्षा पुलिस और प्रबंधन के लिए चुनौती




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के रिम्स में इन दिनों राज्य के कई ऐसे लोग इलाजरत हैं जो पुलिस प्रशासन के लिए कहीं ना कहीं चुनौती है। रिम्स के पेइंग वार्ड में झारखंड का कुख्यात अपराधी अनिल शर्मा, मनरेगा घोटाले की मुख्य आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल, बिहार के पूर्व सांसद और हत्या के आरोपी प्रभुनाथ सिंह जैसे लोग इलाजरत है। इनके अलावा भी कई ऐसी शख्सियत हैं जो रिम्स में इलाज कराने आते हैं और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी रिम्स प्रबंधन और स्थानीय पुलिस प्रबंधन की होती है। रिम्स प्रबंधन की तरफ से बताया गया कि ऐसे लोगों को प्रशासन के लिए सुरक्षा मुहैया कराना कहीं ना कहीं मुश्किल होता है। बताया कि ये सभी सजायाफ्ता हैं और इनके इलाज के दौरान भी यह ख्याल रखा जाता है कि कानून के नियमों का पालन हो सके। अधीक्षक की बैठक में होता निर्णयः ऐसे मरीजों को लेकर रिम्स के अधीक्षक डॉ हीरेन बिरुवा बताते हैं कि जो भी ऐसे कैदी होते हैं। खासकर जो सजायाफ्ता है या फिर कैद के दौरान उन्हें इलाज की आवश्यकता होती है। वैसे मरीजों के लिए रिम्स के आला अधिकारी अपने स्तर से बैठक कर यह निर्णय लेते हैं कि किस मरीज को किस जगह शिफ्ट करना है। उसके बाद मेडिकल अधीक्षक के निर्देश से मरीजों को विभिन्न जगह शिफ्ट किया जाता है। उन्होंने कहा कि जो साधारण कैदी होते हैं उनके लिए तो कैदी वार्ड में इंतजाम कर दिया जाता है। साथ ही वैसे कैदियों की तैनाती में ज्यादातर पुलिसकर्मियों की जरूरत होती है, वैसे कैदियों को रिम्स के पेइंग वार्ड में शिफ्ट किया जाता है। ऐसा इसलिए कि उनके सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को भी रहने के लिए जगह मिल सके और कैदियों पर रिम्स के चारों ओर से निगरानी भी रखी जा सके। रिम्स के अधीक्षक डॉक्टर हीरेन बिरुवा बताते हैं कि पेइंग वार्ड रिम्स अस्पताल के सेंटर में बना हुआ है और रिम्स के चारों तरफ से इस भवन में प्रवेश किया जा सकता है।

## रांची समाहरणालय में 30 निम्नवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति का आदेश जारी

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने लंबे समय से मैन पावर की कमी से जूझ रहे रांची समाहरणालय में 30 निम्नवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, झारखंड कर्मचारी आयोग के निर्देश पर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 के राज्यस्तरीय मेधा सूची के आधार पर समाहरणालय में 30 निम्नवर्गीय लिपिक की सीधी नियुक्ति की जायेगी। नियुक्ति के लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र और अन्य प्रमाण पत्रों की जांच छह जून को होगी। जानकारी के अनुसार, लिपिक संवर्ग की परीक्षा जेएसएससी ने साल 2017 में ली थी। छह साल बीत गये लेकिन आज तक इसका रिजल्ट नहीं जारी किया गया। सरकार के पास यह मामला लंबित है। जिला समाहरणालय में तृतीय, चतुर्थवर्गीय कर्मियों के अलावा राजस्व उप-निरीक्षक, अमीन, स्टेनो के पद हैं। इनके नियंत्री व नियोजन पदाधिकारी उपायुक्त (डीसी) होते हैं।

## उत्पादन | बीएयू छात्रों ने उत्प्रेरक कक्षा सह ध्यान योग कार्यक्रम में लिया भाग

# किसानों को उपयुक्त तकनीकों से अवगत करायें : प्रशांत किशोर






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) से जुड़े स्वयंसेवक विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय उत्प्रेरक कक्षा सह ध्यान योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरुस्कार विजेता पुलिस अधिक्षक, झारखंड पुलिस प्रशांत किशोर ने किया। मौके पर प्रशांत किशोर ने बीएयू छात्रों से बीआईटी मेसरा में अध्ययन दौरान एनएसएस से जुड़ी गतिविधियों एवं अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों को गांवों में जाकर आधुनिक कृषि तकनीकी पर जागरूकता अभियान चलाने एवं किसानों को आय बढ़ाने के स्थानीय उपयुक्त तकनीकों से अवगत कराने की सलाह दी। साथ ही नजदीक के गावों में जाकर बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओ की तैयारी कराने की सलाह दी। कहा कि इससे छात्रों को सम्मान और संतुष्टि मिलेगी। कार्यक्रम में कमांडर पी रामाराव, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी, गुमला ने ध्यान योग की शिथिलीकरण प्रक्रिया और ध्यान योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। ध्यान योग को चिंता, तनाव और अवसाद के लक्षणों को कम करने में बेहद कारगर उपाय बताया। मौके पर हार्टफुलनेस संस्था, रांची से जुड़े सुधांसु पाठक एवं विशाल कुमार ने छात्रों को ध्यान योग कला की विभिन्न विधियों से ध्यान योग करना सिखाया।

कार्यक्रम में कृषि संकाय के करीब 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संचालन एवं धन्यवाद बीएयू एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ बीके झा ने दी। उन्होंने छात्रों को एनएसएस गतिविधियों में निरंतरता बनाये रखने की भी अपील की।

## आदिवासी नेता बिगा मिंज ने जदयू में की घर वापसी

**रांची।** जदयू के प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह में आदिवासी नेता बिगा मिंज जदयू में शामिल हए। उन्हें जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने दल की सदस्यता ग्रहण कराई। उनके साथ उनके कई समर्थकों ने भी पार्टी की सदस्यता ली। बिगा मिंज के जदयू में शामिल होने पर जदयू नेता श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, उपेन्द्र सिंह, आशा शर्मा, संजय सिंह, रामजी प्रसाद एवं अन्य ने उन्हें माला पहनाकर दल में उनका स्वागत किया। मिंज के जदयू की सदस्यता ग्रहण करने पर खीरू महतो ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिगा मिंज पूर्व में भी मेरे साथ काम कर चुके हैं। पार्टी के युवा मोर्चा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इनके आने से आदिवासी समुदाय के लोगों का रुझान पार्टी की ओर बढ़ेगा और पार्टी का संगठन इनके सहयोग से रांची जिला में धारदार होगा।



नए सांसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं अन्य सांसदों के साथ

# हजारीबाग में 72 घंटे से बिजली-पानी ठप




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग और आस-पास के क्षेत्रों में बिजली-पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। 25 मई शाम करीब पांच बजे आयी घंटे भर की तेज आंधी-पानी ने शहरवासियों की नींद उड़ा दी है। 72 घंटे बाद भी यहां बिजली व्यवस्था सामान्य नहीं हो पायी है। बिजली नहीं होने के कारण शहर में वाटर सप्लाई चरमरा गयी है। वहीं बिजली नहीं होने के कारण सरकारी और निजी बोरिंग के लिए मोटर भी नहीं चल पा रही है। ऐसे में शहर में पानी की घोर समस्या उत्पन्न हो गयी है। शहर के कोर्रा, डेमोटांड, मटवारी, हीरबाग चौक, दीपू गढ़ा कॉलानी, कुम्हार टोली, पीटीसी इलाका, इंद्रपूरी, डेली मार्केट, मोहन टाकिज इलाका, चतरा रोड सहित पूरे हजारीबाग जिला व आसपास के क्षेत्रों में अब तक बिजली आपूर्ति व्यवस्था सामान्य नहीं हो पायी है। हजारीबाग अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों के अनुसार हजारीबाग के इतिहास में ऐसा आंधी-तूफान कभी नहीं आया था। इस तूफान में भारी संख्या में बिजली के खंभे और तार धराशायी हो चुकी है। सैकड़ों ट्रांसफार्मर खराब हो गये हैं। आंधी-तूफान ने भारी संख्या में 33 और 11 केवी लाइन भी ब्रेक डाउन हो गये थे। हालांकि अब ज्यादातक केवीए लाइन को ठीक कर लिया गया है। बिजली के खंभे और तार लगाने का काम भी पूरा किया जा चुका है। सुधीर कुमार ने कहा कि आज शाम से लेकर सोमवार तक पूरे हजारीबाग में बिजली आपूर्ति व्यवस्था सामान्य हो जायेगी।

## दुलमहा, गौरियाकरमा और हरिला तुरीया टोला में विद्युतापूर्ति शुरू

### क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए हर संभव कृतसंकल्पित : अकेला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण प्रखंड के दुलमहा बढ़ियाटांड़ दलित टोला, गौरियाकरमा और हरीला तुरिया टोला पिछले कई दिनों से अंधेरे में डूबा था। रविवार को स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कर विद्युतापूर्ति प्रारंभ किया। जिससे ग्रामीणों में हर्ष है । विधायक ने कहा कि क्षेत्र में पानी, बिजली आदि जैसे मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के लिए वह हर संभव प्रयासरत है । तकनीकी कारणों से कुछ देर हो सकते है । विभागीय कर्मी और पदाधिकारियों को भी जनता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक समाधान करने के निर्देश दिए गए है । जिस पर अमल किया भी जा रहा है, फिर भी यदि कोई लापरवाही होती है तो उसकी लिखित शिकायत अवश्य करे । इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, समाजसेवी कमल शंकर पंडित, श्याम सुंदर यादव, सुभाष यादव, शिवशंकर भुईयां, प्रकाश भुईयां, कृष्णा भुईयां, सुनील भुईयां, दशरथ रविदास ,रामा रविदास सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे । वही हरीला तुरी टोला के ट्रांसफार्मर उद्घाटन में मुख्य रूप से विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू यादव, समाजसेवी बद्री यादव, मुन्ना तुरी, बासुदेव यादव, बालेश्वर सिंह, दिनेश यादव और गौरिया करमा में अर्जुन यादव, महेश यादव आदि मौजूद रहे ।

## जमीन की दावेदारी को लेकर मारपीट दोनों पक्षों ने थाना में दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** महुगढ़ा निवासी शिवशंकर साव ने थाना में अपने जमीन ( खाता नंबर 1 प्लॉट 16 के 3.10 एकड़ हिस्से) पर अवैध रूप से कब्जा करने वालो पर रोक लगाने पर मार पीट करने संबंधित आवेदन थाना को दिया है । शिकायत की गई है कि उक्त जमीन का मामला कोर्ट में चल रहा है बाबजूद महुगढ़ा के अनवर मियां, सगीर मियां, मनोज मंडल, अजीत मंडल, संतोष मंडल, किशोर मंडल, रंजीत मंडल, महादेव मंडल, सरफराज मियां, अफजल मियां और साफी मियां जबरन जेसीबी लगाकर नींव खोद रहे है । आरोप लगाया गया है कि मना करने के क्रम में इनलोगो ने जानलेवा हमला, गाली गलौज किया है । वही दूसरे पक्ष की सकीना खातून ने आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उक्त जमीन का अंचलाधिकारी ने उनलोगों के पक्ष में फैसला दिया है । फैसला आने के बाद जमीन पर काम लगाया गया । परंतु शिकुमार साव, तुलसी साव, बालेश्वर साव, रामेश्वर साव, यशोदा देवी, सुनील साव, अनिल साव, मोहन साव, भुनेश्वर साव, महादेव साव, दुलारी देवी, निरिया देवी और लीलावती देवी ने काम करने से रोकते हुए गाली गलौज और मारपीट किया । जिससे आवेदनकर्ता सहित खतिजा खातून और अफसाना खातून घायल हो गई है । मामले को लेकर दोनो पक्षों ने अपने अपने पक्ष रखते हुए उचित कारवाई की मांग किया है ।

### फरार वारंटी हुआ गिरफ्तार, भेजा जेल

**बरही ।** पिछले पांच वर्षो से फरार वारंटी को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । जानकारी के अनुसार वारंटी रमेश कुमार प्रजापति पिता कुंजो पंडित ग्राम दुधपनिया का रहने वाला है । इसके विरुद्ध वर्ष 2018 में बरही थाना में धारा 406, 409, 420 के तहत मामला दर्ज हुआ था ।

### आगमी लोस चुनाव में कांग्रेस की जीत को लेकर कांग्रेसियों ने किया बैठक

**बरही ।** आगमी लोकसभा चुनाव 2024 में हजारीबाग संसदीय सीट से कांग्रेस की जीत को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ता अभी से मंथन प्रारंभ कर दिए है । रविवार को बरही के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रघुनंदन गोप के पंचमाधव स्थित आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक कर विभिन्न विन्दुओ पर विचार विमर्श किया । जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता बासुदेव यादव (धनवार) व संचालन नरेश सिंह ने किया। घंटों चली बैठक में उपस्थित नेताओं ने वर्तमान सांसद के कार्यों और कमियों और कांग्रेस के जनहित के मुद्दो को जनता के समक्ष लाने पर विचार विमर्श किया । तय किया गया कि हजारीबाग लोकसभा की सीट किसी भी प्रकार कांग्रेस पार्टी के हिस्से आए । बैठक संचालनकर्ता ने देते हुए बताया कि शीघ्र ही अगले बैठक में पार्टी अपने कार्यक्रमों की रूपरेखा का निर्णय लेगी । बैठक में यमुना यादव, मनोज कुमार मुखिया करियातपुर, कुणाल कटरियार, प्रमोद सिंह, गाजो यादव, सुशील केसरी उर्फ नुनु, मास्टर शरीफुल हक, पी हाइड्रोलिक के प्रोपराइटर प्रयाग यादव, मोहन प्रजापति, द्वारिका रविदास, राजू राणा आदि सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

### जनता ने जिप उपाध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र



**बरही ।** मलकोको पंचायत के गोहमदवाटांड़ में आम सभा का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न योजनाओं पर चर्चा किया गया । सभा की अध्यक्षता जगदीश प्रसाद ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पारित कर एक मांग पत्र जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव को सौंपा गया । मांग पत्र में संजय राणा के घर से कोतरा टांड, सुनील राणा के घर से लेकर पुराना कब्रिस्तान तक और सदाम अंसारी के घर से महेश राणा के घर तक मिट्टी मोरम पथ, इशाक मियां के घर से लेकर सदीक मियां के घर तक नाली निर्माण, मनोज मियां के घर से अंबेदकर स्कूल तक पथ निर्माण, कोनिया और बेलागढ़ा नदी में छठ घाट, बरसाती नदी में श्मशान घाट और मुस्ताक अंसारी के घर से लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय तक पीसीसी पथ निर्माण संबधित प्रस्ताव शामिल है। जिप उपाध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए हर संभव संपन्न करवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षो से यह क्षेत्र विकास का कार्य से उपेक्षित रहा है इसे वह आगे ले जाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे । आम सभा में केदार राणा, विजय राणा, हीरालाल राणा, दिनेश राणा, रंजीत यादव, मुकेश ठाकुर, गुलाब दास, डुगलाल ठाकुर, किशुन सिंह, मेघलाल सिंह, मुस्ताक अंसारी, संदीप यादव, सूरज दास, जिब्राईल अंसारी, बैजनाथ राणा, दुर्गेश ठाकुर, मंजू देवी, मीना देवी, पार्वती देवी, लीलावती देवी, सुदामा देवी, कंचन देवी, चेतनी देवी, सखी मसोमात आदि सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पैंकी में नव निर्मित हनुमान मंदिर में श्री श्री 1008 श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ को लेकर 28 मई को कलश यात्रा का आयोजन किया गया । मंडप परिसर से गाजे-बाजे के साथ निकली। कलश यात्रा में करीब 251 से अधिक संख्या में नव कन्याएं एवं महिला श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जिला संगठन सचिव गुड्डू सिंह, राजेंद्र कुमार महतो सहित कई लोग शामिल हुए। इस क्रम में कलश यात्रा के लिए प्रस्थान करते हुए कलशधारी क्षेत्र का नगर भ्रमण कर स्थानीय दामोदर नद पहुंचे।यहां यज्ञाचार्य पंडित गंगा तिवारी, पुरोहित पंडित नितेश तिवारी समेत ने अन्य पंडितों ने यजमान बने डालचंद महतो, खेमलाल महतो, राजेश महतो, प्रदीप महतो, दिलेश्वर महतो नेपाल महतो सपत्नीक को विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके उपरांत सभी श्रद्धालु जलभरकर माथे में कलश को रखकर मंडप परिसर पहुंचे, जहां कलशो को स्थापित किया गया।

### अधजले युवक को अस्पताल में छोड़ कर हुआ फरार, मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर अस्पताल में शनिवार की रात अज्ञात व्यक्ति ने एक अधजले युवक को सदर अस्पताल में भर्ती करा कर फरार हो गया। उसने कोडरमा निवासी छोटू यादव को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच के बाद जानकारी मिली कि वह टंडवा से रेफर हुआ था और सदर अस्पताल भेजा गया था। उसके बाद मुर्दा कल्याण समिति के नीरज कुमार ने सदर थाना को सूचना दी। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि जांच में पता चला कि उसे टंडवा से रेफर किया गया था और जो व्यक्ति उसे लेकर आया था, उसने यहां कोडरमा का पता बताया। अब तक उसका कोई अता-पता नहीं चल पाया है।

## चौपारण : मछली लदा पिकअप वैन लूटकर भाग रहे पांच बदमाश गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

चौपारण। सियरकोनी से एक मछली लदा पिकअप अगवा कर भाग रहे पांच बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चौपारण के मिथिलेश कुमार, श्रवण कुमार, सूरज कुमार, इटखोरी के अनिल नारायण गुप्ता और नीतीश कुमार दांगी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर और पुलिस निरीक्षक बरही ने बताया कि शनिवार की रात मछली लदे पिकअप वाहन डब्ल्यूबी 37बी-1562 को लूटकर भागने की सूचना मिली थी। इस संबंध में आसनसोल निवासी पिकअप वैन के उपचालक प्रदीप ढीबर के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। उपचालक ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल से मछली लोड कर पटना जा रहा था। इसी बीच केन्दुआ मोड़ के पास से बलेनो कार जेएच02एवाई-6020 पर सवार अपराधियों ने चालक की पिटाई कर बेहोश कर दिया। उसके बाद मारपीट कर गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर इटखोरी की तरफ भाग गए। एसपी के आदेश पर पुलिस निरीक्षक बरही और थाना प्रभारी चौपारण के साथ अन्य बलों ने वाहन का पीछा किया। दो घंटे के अंदर पिकअप वैन जब्त कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया। इस दौरान बलेनो कार और तीन मोबाइल भी जब्त किए गए।

## 200 असहाय मजदूरों को निजी खर्च से कराया भोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग दिलवालों का शहर है। यहां जब भी लोगों को जरूरत पड़ी, कोई न कोई बंदा रहनुमा बनकर सहयोग के लिए सामने आ जाता है। इस बार रामनगर निवासी बप्पी उर्फ करण शनिवार की रात गरीब, असहाय, मजदूरों और मरीजों के परिजनों को भोजन कराया। उन्होंने डीटीओ कार्यालय में लगभग 20, बस स्टैंड में 40 मजदूरों और रिक्शा चालकों के साथ अस्पताल में दर्जनों लोगों को खाना खिलाया। यही नहीं जो देर रात बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में मजदूर लगाए गए थे, उन्हें भी भोजन कराया। उन्होंने निजी खर्च से लगभग 200 लोगों को भोजन कराया। बप्पी उर्फ करण छात्र हैं और जेपीएससी की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने दो बार साक्षात्कार भी दिया है. लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। ऐसे में वह कोचिंग सेंटर में पढ़ा रहे हैं। उनकी यह सोच है कि जो व्यक्ति सक्षम है, उन्हें महीना में कम से कम एक दिन गरीब, असहाय, मजदूर तबके के लोगों को कम-से-कम एक वक्त का भोजन कराना चाहिए। इससे बड़ा पुण्य कुछ नहीं हो सकता। बप्पी उर्फ करण ने अपने परिवार वालों से इसके लिए मदद ली। घर के लोगों ने मिलकर खिचड़ी बनाई और उन्होंने अलग-अलग जगह पर जाकर उन्हें भोजन कराया। खिचड़ी के साथ पापड़, अचार और चटनी भी परोसा गया। बप्पी की यह कोशिश है कि सप्ताह में एक दिन इस तरह का काम कराया जाएगा। वहीं उन्होंने आम लोगों से अपील भी की है कि जो भी सक्षम व्यक्ति हैं, वह ऐसा अवश्य करें, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोए।

### हजारीबाग : स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए प्रवेश परीक्षा 30 मई को

**हजारीबाग।** स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्ट विद्यालय) के लिए कक्षा छह से नौ तक की प्रवेश परीक्षा 30 मई को दिन के 10 से 12 बजे तक होगी। इसके लिए 29 मई की सुबह नौ बजे से अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र दिए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए जिला प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों को इसके लिए साथ में प्रवेश पत्र में दिए गए। फोटो की तरह ही दो फोटोग्राफ्स साथ में लाने होंगे. हजारीबाग में तीन सेंटर बनाए गए हैं। जिला स्कूल के परीक्षार्थियों के लिए दो सेंटर बनाए गए हैं। कक्षा छह और सात के परीक्षार्थियों के लिए हिन्दू प्लस टू हाई स्कूल और आठवीं व नौवीं कक्षा के लिए श्रीकृष्ण बाल आरक्षी विद्यालय में सेंटर बनाया गया है। जिला स्कूल से 720 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं राजकीय बालिका प्लस टू हाई स्कूल और मॉडल स्कूल चुरचू का सेंटर भी जिला स्कूल में ही बनाया गया है। मॉडल स्कूल बरही का सेंटर राजकीय बालिका स्कूल में बनाया गया है। राजकीय बालिका प्लस टू हाई स्कूल की करीब 400 छात्राएं इस परीक्षा में शामिल होंगी। गौरतलब है कि हजारीबाग के चार उत्कृष्ट विद्यालयों में इसी सत्र से सीबीएसई पैटर्न के आधार पर पढ़ाई होगी।

### बरकट्ठा में भक्ति जागरण में झूमे श्रद्धालु



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बरकट्ठा डीह के कोशो में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ सह पिंडी जीर्णोद्धार कार्यक्रम शनिवार को पूणार्हुति के साथ समापन किया गया। वहीं रात्रि में विश्वकर्मा म्युजिकल एंड जागरण पार्टी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भक्ति गीतों पर झुमते नजर आए। स्थानीय गायक शंकर गोस्वामी के भक्ति गीतों पर श्रद्धालु जमकर झूमे कार्यक्रम में मां दुर्गा की झांकी समेत कई झांकियां प्रस्तुत की गई। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष जीवलाल साव, उपाध्यक्ष सुंदर तूरी, सचिव पिंकू यादव, एडवोकेट संदीप कुमार, शिवकुमार यादव, टुकलाल नायक, सहदेव नायक, उपेन्द्र यादव, रामखेलावन यादव समेत आदि ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### हजारीबाग के डॉ. जिशान मुंबई में आइकॉन अवार्ड से सम्मानित

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के मशहूर डेंटिस्ट डॉ जिशान खान को ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर ब्रेट ली ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में मुंबई में आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह शनिवार की रात मुंबई के होटल ताजमहल पैलेस में आयोजित किया गया। समारोह में देश-विदेश से 80 डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया था। डॉ जिशान ने कहा कि मुख्य उद्देश्य दंत चिकित्सा में आने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करना था। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में 40 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 57.7 फीसदी लोग अपनी समस्या के लिए सरकारी दंत चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करते हैं। डॉ. जिशान खान ने कहा कि डेंटल कॉलेज अस्पताल और अधिकांश निजी डेंटल क्लीनिक शहर की सीमा के भीतर हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कम या वस्तुतः कोई दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। एक अध्ययन के अनुसार लगभग 30 फीसदी आबादी तक दंत चिकित्सक सुविधा पहुंच ही नहीं पाती है। डॉ जिशान की इस उपलब्धि पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने उन्हें बधाई दी है। इससे पूर्व में डॉ जिशान को हेल्थकेयर अवार्ड, यूथ आइकॉन अवार्ड, इमर्जिंग डेंटिस्ट अवार्ड एवं यंग आइडल अवार्ड से सम्मानित कया जा चुका है। अन्य सम्मान पानेवालों में अमृतसर के डॉ आशीष बग्गा, पुणे के डॉ ऋत्विक भार्गव, चेन्नई के संदीप बोहरा, लखनऊ के डॉ ज्ञानदीप वर्मा, पटना के डॉ संजय त्रिपाठी, इंदौर के डॉ शेरेया भदानी और दिल्ली की डॉ पूजा सिंह के नाम शामिल हैं।

**जानकारी** | अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर छात्राओं को किया गया जागरूक

# मासिक धर्म का होना कोई अपराध नहीं : प्राचार्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** मासिक धर्म का होना कोई अपराध नहीं है और इस दौरान हीन भावना से ग्रसित होने की भी आवश्यकता नहीं है। सदियों से समाज में बैठी हुई भ्रांतियों को मिटाने की जिम्मेदारी आज के युवाओं पर है, ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके। माहवारी स्वच्छता से ही कल का भविष्य स्वस्थ और सुरक्षित हो सकता है। इस बात की जानकारी अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर बिहारी बालिका उच्च विद्यालय की प्राचार्या रूपा वर्मा ने दी। इस मौके पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यालय की छात्राओं को माहवारी स्वच्छ्ता के विषय पर जागरूक करना था। प्राचार्या ने कहा कि सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया पर किसी भी तरह का अंधविश्वास अथवा झिझक रखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने इस विषय पर खुल कर बात करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि माहवारी के दौरान स्वच्छ्ता नहीं रखने से महिलाओं में कई तरह की बीमारी और समस्या होने की आशंका बनी रहती है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष आज ही के दिन मासिक धर्म के दौरान स्वच्छ्ता के महत्व को लोगों तक पहुंचाने के लिए ही अंतरराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छ्ता दिवस मनाया जाता है। गर्मी की छुट्टी होने के बावजूद विद्यालय के आस-पास की वर्ग नवम एवं दशम की छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाध्यापिका रूपा वर्मा ने शिक्षकों एवं छात्राओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। शिक्षक सादिक हुसैन ने मंच संचालन किया. शिक्षक जीतेन्द्र कुमार, जया कुमारी, रेणु कुमारी, कुमारी विनीता, सोनी कुमारी, लिपिक मुकेश कुमार, आदेशपाल फूलो देवी, मीना देवी और गायत्री देवी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। बिहारी गर्ल्स स्कूल हजारीबाग झारखंड का पहला स्कूल है, जहां एमएचएम लैब है। यहां छात्राओं को माहवारी के दौरान क्या समस्याएं होती है और उनका समाधान कैसे किया जाए, इस बारे में जानकारी दी जाती है। प्राचार्य रूपा वर्मा ने इस लैब की आधारशिला रखी थी। लैब बनाने में उन्होंने किसी से भी वित्तीय सहायता नहीं ली।

# अनियमित जीवनशैली बिगाड़ रही है हड्डियों की सेहत: डॉ नीतीश प्रिया

## प्रेरणा शाखा और केयर हॉस्पिटल ने लगाया जनसेवा के तहत हड्डी रोग के लिए परामर्श शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा एवं केयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में जन सेवा के तहत निशुल्क हड्डी रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 80 लोगों ने अपना चेकअप कराया। मौके पर रांची से आए डॉ. नीतीश प्रिया ने प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केड़िया, सचिव सारिका लड्ढा, केयर हॉस्पिटल के प्रबंधक संजीव खेतान उर्फ लड्डू ने चिकित्सक को पौधा, प्रतीक चिन्ह सम्मानित किया। मौके पर डॉक्टर नीतीश प्रिया ने कहा कि अनियमित जीवन शैली उम्र के हिसाब से जोड़ों में दर्द व अन्य समस्याएं उत्पन्न कर रही हैं। इन समस्याओं को नजरअंदाज करना आपको भारी पड़ सकता है। आजकल कम उम्र में भी लोगों को जोड़ों में दर्द, बहुत सी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। कारण हमारी अनियमित दिनचर्या है। हमें अपने दिनचर्या में बदलाव करने की जरूरत है। सुबह-शाम की सैर, योग, व्यायाम, पौष्टिक आहार और जागरूकता हड्डी रोग से बचा सकते हैं। अगर शरीर को फिट रखना है तो आपको थोड़ा समय अपने फिटनेस के लिए देना होगा। कई बार विटामिन डी की कमी से भी जोड़ों में दर्द समस्या हो जा रही है। आपको लंबे समय से लगातार घुटनों में दर्द हो तो इसको लेकर लापरवाही ना बरतें और डॉक्टर से मिले। वहीं प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केड़िया और सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर शरीर की हड्डियां ही नहीं होती तो हमें इतना रचनात्मक और सुंदर शरीर भी नहीं मिलता। हमारी हड्डियों में बहुत कठोर संरक्षण है, जो हमारी मांस पेशियों और त्वचा को सहारा प्रदान करती है। हमारी नसें, रक्त प्रवाह, फेफड़े आदि संकुचित हो जाते हैं। इसलिए नियमित रूप से समय-समय पर जांच करवाते रहनी चाहिए। मौके पर कार्यक्रम में परियोजना निदेशक दीपा गुप्ता, उषा शर्मा, मीना हिसारिया, ज्योति परसरामपुरिया, पूनम सहल, मिनी हिसारिया आदि उपस्थित थीं।

# चंदवारा प्रखंड के रेघवाटांड़ में वन रक्षा बंधन कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** आज चंदवारा प्रखंड के स्वावलंबी ग्राम रेघवाटांड़ में वन रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव, मिनिस्ट्री आफ लेबर एंड इम्प्लॉइमेंट, भारत सरकार, उपायुक्त श्री आदित्य रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज व अनुमंडल पदाधिकारी श्री संदीप कुमार मीणा ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ों की रक्षा के लिए पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा। इसके साथ साथ संयुक्त सचिव, उपायुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पौधारोपण भी किया गया। संयुक्त सचिव ने कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण करें ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ जल संरक्षण हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने वन विभाग द्वारा निर्मित अमृत सरोवर को भी देखें। संयुक्त सचिव ने ग्रामीणों को वन सुरक्षा की शपथ दिलाई। मौके पर गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय यादव, अंचल अधिकारी राम रतन वरनवाल, अंचल अधिकारी कोडरमा अनिल कुमार, पीएमयू सदस्य धनपाल, अनुज व अन्य मौजूद थे।

### बोलबा पीड़ियापोश चर्च में परम प्रसाद समारोह का आयोजन

# प्रभु के बताए मार्ग पर चले बच्चे : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** प्रखंड के पीड़ियापोश चर्च में रविवार को मिस्सा पूजा के साथ बच्चों का पहली परम प्रसाद संस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधानसभा के विधायक नमन विक्सल कौनगाड़ी उपस्थित रहे।मिस्सा पूजा फादर बेंजामिन डुंगडुंग, एवं अरविंद खाखा ने किया। कार्यक्रम में विधायक एवं धर्म गुरुओं का स्वागत महिलाओं के द्वारा फूल माला देकर किया गया ।मौके पर विधायक ने बच्चों के प्रथम पवित्र परमप्रसाद मिस्सा अनुष्ठान में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। बच्चों के माता-पिता भाई-बहनों को भी अपने संदेश में कहा कि बच्चों को परमेश्वर के बताये माँर्ग में चले एवं मसीही संगति में रहने के साथ अध्यात्मिक और संसारिक बुध्दि ज्ञान की प्राप्ति के लिए खूब मेहनत करना सिखाएं।अभी के वर्तमान परिस्थितियों में मसीही समुदाय पर दबाने का लगातार कोशिश किया जा रहा है। इसलिए सचेत और होशियार रहो।हम संख्या और धन बल में बहुत कमजोर है।इस लिए परमेश्वर की संगति में रहें और निरंतर विश्वास एवं समर्पित भाव से प्रार्थना करते रहें।चुंकि विश्वास एवं समर्पित भाव से परमेश्वर से किया हुआ प्रार्थना कभी बेकार नहीं जाता है। इस्त्राइलियों को जिस तरह से मिस्त्र देश से बिना लाठी डंडा और तलवार के लड़ाई किए परमेश्वर ने उन्हें कैसे आजादी दिलाई थी। वैसे ही अगर हम सभी ईश्वर के संगति में रहेंगे तो हम सबों को भी सहयोग ईश्वर का प्राप्त होगा। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधायक मद से पिड़ियापोंस विद्यालय में साईकिल शेड दिए,जिसका शिलान्यास विधायक ने किया।कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, बोलवा प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि अमृत मिंज, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष रोशन आदि उपस्थित थे।

### कोलेबिरा के बेड़ा गांव पहुंचे पूर्व मंत्री एनोस एक्का

# जनप्रतिनिधि और सरकार की लापरवाही की वजह से क्षेत्र का नहीं हुआ विकास



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा/कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत टुटीकेल के राईबेड़ा गांव झारखंड सरकार में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री रहे एनोस एक्का पहुंचे उनके साथ उनके बेटे झापा युवा जिलाध्यक्ष विभव संदेश एक्का भी थे ।जहां पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि क्षेत्र का विकास तभी होता है जब जनप्रतिनिधि सजग होकर क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का कार्य करता है। लेकिन इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और सरकार की लापरवाही की वजह से क्षेत्र में विकास नहीं हो पाया है और मेरे जाने के बाद पूरी तरह से रुक गया है लेकिन 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर से लोगों के बीच सेवा करने का मौका मिला है ।तो सत्ता में रहूं या ना रहूं पद में रहूं या ना रहूं लेकिन लोगों का सेवा करता रहूंगा जो इस क्षेत्र में अधूरे कार्य हुए हैं उसे पूरा करने का बीड़ा उठाया है ।और झारखंड पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता क्षेत्र की समस्याओं को अपनी समस्या समझते हुए दूर करने का कार्य करेगी। साजिश के साथ मुझे फंसाने का काम किया गया था ।लेकिन न्यायालय पर मुझे पूर्ण विश्वास था और आप लोगों के बीच में आ चुका हूं। आज वर्तमान सरकार की जो स्थिति है वह किसी से छुपा हुआ नहीं आज लोग बिजली पानी सड़क सहित मूलभूत सुविधाओं को लेकर तरस रहे हैं लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है इसलिए वक्त आ गया है ।अपनी वोट और अपनी ताकत को समझें और एकजुट होकर झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि आने वाले चुनाव में इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले और झारखंड पार्टी पूर्व की तरह क्षेत्र में छूटे हुए सभी कार्य को पूरा करें। वही संदेश एक्का ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार मेरे पिताजी ने अपने कार्यकाल में इस क्षेत्र को अपना घर समझकर कार्य किया उसी प्रकार मैं भी इस क्षेत्र का बेटा बनकर सभी के सुख दुख में साथ देने के लिए तैयार हूं। इस मौके पर गांव के ग्रामीण एवं झारखंड पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विशेष अभियान को लेकर दो गायों को गौशाला समिति को सुपुर्द किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** शनिवार को कोडरमा गझंडी रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे किलोमीटर संख्या 395/16-18 के पास कैटल रन ओवर के बाबत आरपीएफ कोडरमा के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान उपरोक्त रेलवे लाइन के बगल में चरने वाले दो गायों को पकड़ा गया। गायों को लेकर आस पास के गांव में काफी पूछताछ की गई लेकिन किसी ने भी अपना होने का दावा नही किया। आरपीएफ निरीक्षक जवाहर लाल ने बताया कि दोनो गायों को पकड़ कर श्री कोडरमा गौशाला समिति कोडरमा को उचित देखभाल हेतु सुपुर्द किया गया है। विदित हो कि उपरोक्त एरिया में रेलवे लाइन के किनारे जानवर चरते है और चलती ट्रेन के चपेट में आने से उसकी मौत हो जाती है। रेलवे में भयंकर दुर्घटना होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। दोनो गायों के स्वामी के बाबत खोजबीन की जा रही है। स्वामी का पता चलने पर उसके विरुद्ध मामला पंजीकृत कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उल्लेखनीय हो कि रेलवे लाइन के दोनों ओर चहारदीवारी का निर्माण भी किया जा रहा है ताकि कोई जानवर या मानव रेलवे पटरी पर ना आ सके। रेलवे ने 150 किमी प्रति घंटा के स्पीड से ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

# अघरमा में महिला समूह ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत अघरमा में महिला समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात विधायक ने सभी महिला समूह को साड़ी देकर प्रोत्साहित किया ।उन्होंने कहा कि आज जो ये साड़ी आप लोगों के बीच दे रहा हूं,इसका बहुत दुरगामी सोच के साथ दे रहा हूं ।वह ये कि हमारे विपक्षी कहते हैं कि ईसाई आदिवासी ,आदिवासियत संस्कृति को नहीं करते हैं क्योंकि कि ये लोग अलग धर्म अपना चुके हैं ।मूल अपने भाषा, संस्कृति, परम्परा को समाप्त कर चूके हैं। इसलिए इन्हें आदिवासियत सेवंचित किया जाना चाहिए। जबकि ईसाई समाज के लोग अपने भाषा, संस्कृति, परम्परा को न कभी भूलें हैं ना कभी भूलेंगे ।ईसाई समुदाय के लोग करम भी मनाते हैं और अपने संस्कृति को भी जिन्दा रखने का काम करते हैं। इसलिए ये साड़ी दे रहे हैं कि आप अपने पढ़ाई-लिखाई के साथ ही साथ अपने भाषा संस्कृति परम्परा को भी सदैव याद रखें। उन्होंने खुद को खड़िया समुदाय के बताते हुए अपने खड़िया भाषा संस्कृति, उरांव अपने उरांव भाषा संस्कृति एवं मुण्डा अपने भाषा संस्कृति में ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने और अपने समाज को समृद्ध और सशक्त बनाने की बात कही ।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, फादर लिनो फर्नांडिस,जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन,अमृत डुंगडुंग आदि उपस्थित थे।

# हर मनुष्य एक-दूसरे का सम्मान करें: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कुरडेग भिखारियेट काथलिक महिला संघ का 25 वर्ष पूरा होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर बिशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में मिस्?सा पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर कोयल दल की बहनों ने नृत?य कर बिशप सहित अन?य अतिथियों को वेदी तक लाया। बिशप विंसेंट बरवा ने संदेश देते हुए कहा कि महिला संघ के लिए रजत जयंती समारोह महत्वपूर्ण समारोह है। माताओं को ईश्वर का सौभाग्य प्राप्त है। वहीं एक मां होना गौरव की बात है, जो ईश्वर के सभी संतानों पर अपना निस्वार्थ प्रेम व स्नेह न्योछावर करती है। कलिसिया भी हमारी मां है। जो सब कुछ सहन करते हुए भी हमारे ऊपर स्नेह बरसाती है। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, डीन फादर सुनील कुमार तिर्की, फादर नेस्तोर कुल्लू, फादर बिपिन किशोर सोरेंग, फादर फाबियन डुंगडुंग, फादर एडमोन बाड़ा, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का,प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवनिस खलखो,जिप सदस्य केरसई प्रेमा बड़ा,कुरडेग भिखारिएट कुरडेग भिखारिएट काथलिक महिला सभानेत्री लिली अनिता एक्का,अनिता रानी टोप्पो,रजनी कुल्लू,सुचिता बिलुंग, हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी ।विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि प्रभु चाहते हैं कि हम ईश्वर के प्रेम और पड़ोसी प्रेम को अपने जीवन का केंद्र बिंदु बनाएं। हर मानव एक-दूसरे का सम्मान करें। भाई अपने भाई का आदर करे। इससे ईश्वर का आशीष और कृपा ना केवल कलीसिया पर बल्कि पूरी दुनिया में भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा निश्चय ही कुरडेग की कलीसिया और महिला संघ ईश्वर के प्रेम को परिवार और समाज मे बांटकर ईश्वर के बेटे-बेटी होने का अहसास कराते हैं। कहा कि सिमडेगा की महिलाएं अनुशासित और सेवा भावना से परिपूर्ण हैं। जीवन में प्रभु यीशु को स्थान दें। वे हमारे हर दुख को दूर कर देंगे। हमारी फिक्र करेंगे।

## अवैध देशी शराब के खिलाफ पुलिस की छापेमारी

**कुरडेग।** एसपी सिमडेगा के निर्देश पर कुरडेग पुलिस कुरडेग थाना क्षेत्र में अवैध देशी शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाकर देशी शराब , जावा महुआ , शराब बनाने के वर्तन के नष्ट कर रही है। रविवार सुबह थाना प्रभारी मुन्ना रमानी को सुचना मिली कि खिण्डा पंचायत के सल्याटोली और धवईटोली में देशी शराब का निर्माण एवं विक्री धड़ल्ले से की जा रही है सुचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी शराब , जावा महुआ को नष्ट किया गया छापेमारी टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी मुन्ना रमानी कर रहे थे वहीं अचानक गाँव में हुई छापेमारी से अबैध शराब के धंधेबाजों के बीच हड़कंप मच गया अबैध धंधे में लिप्त कारोबारी घर छोड़ कर फरार हो गये जिससे किसी की गीरफ्तारी नहीं हो सकी थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी हालत में अवैध शराब की बिक्री एवं निर्माण नही होने दिया जाएगा मौके पर एस आई नरेश मरांडी , एसआई रमेश कुमार , एएस आई सुखलाल हांसदा एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे ।

## अंजुमन फैजुर रजा सिमडेगा की वार्षिक चुनाव आज

**सिमडेगा।** अंजुमन फैजुर रजा चुनाव 2023 को लेकर चुनाव कमिटी के जानिब से सभी प्रकार की तैयारी कर ली गयी है। चुनाव आज सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक इसलामपुर स्थित मदरसा फैजुर रजा में बैलेट पेपर के जरिए किया जाएगा जिसमे विधि व्यवस्था हेतु प्रशासन को सूचना दी गयी है ।जिले के सभी कमिटी के सदर और सेक्रेटरी को भी सूचना दी जा चुकी है की वो वोट में भागीदारी जरूर करें। चुनाव कमिटी द्वारा अंजुमन के चुने हुए नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कराने का भी निर्णय लिया है जो 29 मई को ही शाम 7 बजे जमजम काम्प्लेक्स के हॉल में किया जाएगा ।जिसमे जिले के दोनों विधायक के अलावा एसपी डीसी डीडीसी एसडीपीओ एसडीओ ,बीडीओ सीओ एवं थाना प्रभारी को आमंत्रित किया गया है।

## समर कैंप में शामिल हुए 600 प्रतिभागी

**केरसई।** प्रखण्ड के कोनसकेली में रविवार को 9 वां गोंडवाना समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उड़ीसा राज्य से 600 प्रतिभागी और 30 अनुभवी प्रशिक्षक शामिल हुए है। समर कैंप गोंडवाना आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच सिमडेगा, गोंडवाना छात्र संघ सिमडेगा और महिला समिति कोनसकेली के सयुंक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। जो लगातार सात दिनों तक चलेगा। समर कैंप का उद्घाटन गोंडी रीति-विधि से किया गया। इसके बाद बैलून उड़ाकर कैंप का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में आईआईटी जोधपुर के प्रोफेसर डॉ गणेश मांझी ने कहा कि आधुनिक युग में सफल होने और युद्ध जीतने का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है। उच्च स्तरीय शिक्षा और देश दुनिया की खबरों से अवगत होकर ही हम समाज को सशक्त और जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने तकनीकी विकास के अवधारणा और उसके प्रभाव पर भी अपने विचार रखे।

## किसानों दी गई जैविक खेती करने की जानकारी

**जलडेगा।** प्रखंड के कोनमेरला और जलडेगा पंचायत भवन में कृषि 50 महिला एवं 50 पुरुष किसानों का तीन दिवसीय जैविक खेती और तकनीकी प्रशिक्षण का समापन हुआ। शिविर में लीड्स संस्था ने किसानों को प्रशिक्षण दिया इस दौरान किसानों को जैविक खेती की सविस्तार जानकारी दी गई। बताया गया कि टपक सिंचाई के माध्यम से कम पानी में बेहतर फसल उगाई जा सकती है। शिविर में एफटीसी तकनीक से खेती की भी जानकारी दी गई। जैविक खेती से होने वाले फायदे किसानों को बताया गया। इस दौरान लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार, जलडेगा एफपीओ के सीईओ सोनू सिंह, जोसेफ लुगुन, कलिंद्र प्रधान सहित किसान उपस्थित थे।

**जागरूकता** | माहेश्वरी महिला समिति ने किया गोशाला में गौ आहार, हनुमान मंदिर में लीची जूस का वितरण

# पांच महिला सहित 15 लोगों ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** महेश्वरी सभा एवं महेश्वरी महिला समिति के सयुंक्त तत्वधान में रविवार को महेश्वरी भवन में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 5 महिला सहित 15 लोगों ने रक्त दान किया । रक्त दान करने वालों में राधिका सोमानी , आशा जाजू , ममता पचीसिया , शालिनी सोमानी , नैना पचीसिया , गौरव खटोर , सुधांशु पचीसिया , राकेश सोमानी , शिवेश पचीसिया , अनुराग सोमानी , गोपाल कंदोई , अतुल हिसारिया, सतीश केसरी , बंटी कुमार , आदित्य राज का नाम शामिल है । रक्त दान शिविर के मौके पर रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ आर के दीपक ने कहा कि पुण्य के लिए दान तो बहुत करते है , लेकिन रक्त दान कर जो दूसरों को जिंदगी बचाए वह महादान है । एक व्यक्ति को हर 3 माह में रक्त दान करना चाहिए । इससे तीन लोगों को जिंदगी बचती है । वहीं सह चेयरमैन डॉ सुजीत राज ने कहा कि यदि किसी की जिंदगी आपके खून से बचती है तो उसके परिवार के लिए भगवान स्वरूप बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि पहले के अपेक्षा महिलाएं रक्त करने से पीछे नहीं है । इसलिए अपने जीवन में हमेशा रक्त दान करना चाहिए। इस अवसर पर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष बिमल पचीसिया , सचिव सौरभ पचीसिया , महिला समिति की अध्यक्ष अनिता सोमानी , सचिव रश्मि पचीसिया , परियोजना निदेशक गौरव खटोर , सुधा पचीसिया ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है । रक्त दान शिविर लगाने का उद्देश्य जागरूकता लाना है । उन्होंने कहा कि महेश नौवीं सोमवार को सुबह में मनाई जाएगी और इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा । इधर रक्त दान शिविर के मौके पर रेड क्रॉस के अरविंद सेठ , मो. जफर , अमित कुमार के आलावा बृजमोहन खटोर , गिरधारी सोमानी , हर्षित सोमानी , सुधा पचीसिया , सुमित पचीसिया आदि उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर के समीप 15 सौ राहगीरो के बीच लीची का जूस का वितरण किया गया। इसके अलावा गौशाला परिसर में गौ आहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें तरबूज और गुड़ खिलाया गया । कार्यक्रम की परियोजना निदेशक राकेश सोमानी, शालिनी सोमानी , हर्षित सोमानी, मीता खटोर के देखरेख में संपन्न हुआ ।

## भाजयुमो ने सीएम हेमंत सोरेन का पुतला फूंका

# विद्यालय के नाम बदलने का विरोध




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल युवा मोर्चा लोहरदगा द्वारा ऐतिहासिक नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के नाम बदलने पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन बरवा टोली चौक में किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की झारखंड के सबसे पुराने हाई स्कूलों में एक नदिया हिंदू उच्च विद्यालय है। इससे झारखंड सरकार ने हिंदू शब्द को हटा दिया है। अब सभी विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाने जाएंगे। आजादी के पूर्व 1921 ईस्वी में इसकी स्थापना की गई थी। एक्सीलेंस शब्द एक-एक गुलाम मानसिकता की पहचान है जो अंग्रेजों के कार्यकाल में अंग्रेजों को कही जाती थी। नाम बदल जाने पर लोहरदगा के नागरिकों में जबरदस्त विरोध है। हेमंत सोरेन से मांग की कि लोहरदगा की ऐतिहासिक धरोहर विद्यालय को नदिया हिंदू उच्च विद्यालय नाम रहने दिया जाए। मौके पर ओमप्रकाश सिंह, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज, श्रीचंद्र प्रजापति, सरोज प्रजापति, परमेश्वर साहू, ओम गुप्ता, तरुण देवघरिया, विश्वजीत सहदेव, बाल्मीकि कुमार, विवेक चौहान, सज्जन कुमार, प्रकाश नायक, पवन कुमार, जीवन उरांव, शुभम अग्रवाल, कमलेश कुशवाहा, प्रवीण ठाकुर, नवीन ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

# चैनपुर पंचायत के बरटोली गांव में जंगली हाथी ने मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
चैनपुर पंचायत के बरटोली गांव में एक जंगली हाथी ने किसान शांति प्रकाश मींज के घर को रविवार की अहले सुबह ध्वस्त कर दिया। वहीं खेतों में लगी सब्जी की फसल को रौंद व खाकर नुकसान पहुंचाया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार की सुबह लगभग 4:00 बजे एक जंगली हाथी बरटोली गांव में प्रवेश कर गरीब किसान के नए मकान को ध्वस्त करने लगा वही पड़ोसी एडवर्ड मींज ने बताया कि रात करीब 3:00 बजे कुत्तों के भौंकने की कारण उसकी नींद खुली तो बाहर निकल कर टोर्च की रोशनी में देखा कि एक जंगली हाथी शांति प्रकाश के घर को ध्वस्त कर रहा है जिसके बाद एडवर्ड ने एक पटाखा फोड़ कर ग्रामीणों को सतर्क किया एवं ग्रामीणों को जानकारी दी कि एक जंगली हाथी गांव में घुसकर शांति प्रकाश के घर को ध्वस्त कर रहा है जिसके बाद



ग्रामीणों ने मशाल की सहायता से बड़ी मुश्किल से जंगली हाथी को खदेड़ हुए शंख नदी के उस पार जारी प्रखंड के श्रीनगर गांव के जंगल की ओर खदेड़ दिया।

**मुआवजे की मांग :** इधर किसान शांति प्रकाश ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। आपको बताते चलें कि एक जंगली हाथी कई महीनों से चैनपुर एवं जारी प्रखंड के सीमावर्ती जंगल में डेरा जमाए हुए हैं और रात होते ही सीमावर्ती गांव बरटोली, बुकमा, सिंगपुर, श्रीनगर, छतरपुर गांव में प्रवेश कर गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को चट कर जाता है वहीं खेतों में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहा है लगातार जंगली हाथी द्वारा गांव में हमले से ग्रामीण काफी भयभीत हैं और रतजग्गा कर अपने गांव की पहरेदारी करने को मजबूर हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### लोगों ने प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम सुना





**नावा बाजार।** भारतीय जनता पार्टी नवा बाजार मंडल में मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व मे लोगो स 'मन की बात' कार्यक्रम सुना। दक्षिणी भाग के प्रभारी विधायक प्रतिनिधि रामरेखा चंद्रवंशी के सहयोग से सभी पंचायतों में मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। तथा उत्तरी भाग के प्रभारी अखिलेश यादव का सहयोग विशेष रहा। पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में पंचायत में कार्यक्रम को किया गया। तुकबेरा पंचायत अध्यक्ष परशुराम मेहता के बूथ नंबर 355 पर भी सुना गया। उपस्थित ग्रामीण तथा कार्यकर्ताओं के नाम इस प्रकार है। महामंत्री अशोक चौहान, पंकज चंद्रवंशी एसटी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष उदय यादव प्रखंड स्वयंसेवक उदय चंद्रवंशी वरिष्ठ नेता कपिल देव ठाकुर एससी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी किसान मोर्चा महामंत्री महेंद्र शाव पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रजापति आदि।

### विधायक ने आहर जीर्णोद्धार की रखी आधारशिला

**मनातू।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पदमा पंचायत के ग्राम तेलियादोहार में समदा आहर के जीर्णोद्धार की आधारशीला शनिवार को पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने नारियल फोड़ कर की। विधायक ने कहा कि समदा आहर के बनने से दर्जनों किसानों को सिचाई का समुचित लाभ मिलेगा। सरकार हर जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रही है।

# फांसी लगाकर 18 वर्षीय युवती ने की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र की इमली गांव निवासी 18 वर्ष चंपा कुमारी ने रविवार की सुबह में घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दी है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों की कुछ स्पष्ट जानकारी नहीं प्राप्त हो पायी है।मृतक के नाबालिक भाई गांव में खेलने निकला था। भाई जब वापस आकर देखा तो दरवाजा बंद था। बाद में उसने आवाज देकर आसपास लोगों को बुलाया, आसपास के लोगों के सहयोग से दरवाजा खोल कर अंदर देखा तो लड़की का शव फंदे से झूल रहा था। बाद में उपस्थित लोगों ने इसकी जानकारी मृतक के मां एवं पाटन थाना पुलिस को दी। सूचना पाते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक के चाचा अनिल मोची ने बताया कि मृतक के पिता हैदराबाद मजदूरी करने गए हैं। घर में मां एवं भाई के साथ मृतक रहा करती थी। रविवार की सुबह में मां रिश्तेदार में नेवता मनाने गई थी एवं

# शिकारियों ने तरहसी जंगल में हिरण को मारी गोली, बचाने का प्रयास असफल

**हिरण के पिछले भाग में मारी गई दो गोली**

**वन विभाग के कर्मियों ने हिरण का रेस्क्यू किया**

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के सरइडीह जंगल के झरना छठ घाट पर शनिवार की देर शाम एक हिरण का शिकार करने के लिए उसे गोली मार दी गई। हिरण के पिछले भाग में दो गोली मारी गई। गोली लगते ही हिरण तड़पने लगा। इस बीच चरवाहे महेश भुइयां की नजर उस पर पड़ी। उसने वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश यादव के साथ मिलकर हिरण को शिकारियों से बचाया और घर ले आए। बाद में इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना के अलोक में वन विभाग के कर्मियों ने हिरण का रेस्क्यू किया। हिरण का इलाज शुरू कराया। हालांकि करीब एक घंटे बाद हिरण की मौत हो गई। रविवार की सुबह हिरण के शव का पोस्टमार्टम मनातू में किया गया। वन विभाग के कर्मी मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं। शिकारियों की तलाश की जा रही है।मनातू वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राकेश पांडेय ने जानकारी दी कि वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश यादव की सूचना पर मौके पर पहुंचे और जख्मी हिरण का रेस्क्यू किया। हालांकि उसे बचाया नहीं जा सका। प्रभारी वनपाल ने बताया कि हिरण के पिछले हिस्से में दो गोली लगने के निशान मिले हैं। हिरण नर था, उसकी उम्र लगभग 3 वर्ष के आस पास होगी। मनातू



में उसका पोस्टमार्टम कराकर दफना दिया गया है। रेस्क्यू में उनके साथ उनके साथ वनपाल जयप्रकाश रंजन, वनरक्षी अभय कुमार एवं चालक देवशरण महतो भी थे।बता दें कि तरहसी प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जंगल में स्थित पानी के तमाम स्त्रोत सूख गए हैं। ऐसे में पानी की तलाश में हिरण समेत अन्य जंगली जानवर आबादी वाले इलाके में स्थित जलस्त्रोतो पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान उनका शिकार करने की कोशिश की जा रही है।

# पूर्व मेयर ने दिया योग संस्थान को साउंड सिस्टम का उपहार

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** स्थानीय अंबेडकर पार्क में रविवार को पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने योग संस्था योग युवा संस्थान को उपहार स्वरूप साउंड सिस्टम दिया। उन्होंने कहा कि 'मुझे खुशी है की जैसे- जैसे निगम क्षेत्र में पार्को का निर्माण हो रहा है ,वैसे वैसे योग करने वालों की संख्या बढ़ रही है । पहले लोग बड़ा तालाब, गांधी उद्यान जहां गंदगी का अंबार लगा रहता था ।आज वहां लोग योग कर रहे। वहीं अब शहर के चर्चित कोयल रिवर फ्रंट पर भी शहर के गणमान्य लोग योगा करते नजर आ रहे हैं। जब मैं इन सबों के बीच जाती और इनके चेहरों पर मुस्कान देखती हूं।, वहां जब बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलता है। महिलाएं घर से बाहर निकल कर योगा करते नजर आती तो लगता है मेरा शहर बदल रहा है और मुझे मेरे कार्यकाल में किए कार्यों का पारिश्रमिक मिल रहा है। मुझे दुख होता है मेरे कार्यकाल में निर्मित अंबेडकर पार्क ( बड़ा तालाब) के घटिया निर्माण एवं रखरखाव को देख कर। मैंने संवेदक को करोड़ों का झरना जो 10 दिन भी नहीं चला को चालू करने, लाखों के लगे फूल पत्ती एवं घास को ठीक करने तथा नंगे वायरिंग एवं पानी की व्यवस्था ठीक करने को कहा था। जिसका मैंने कार्य पूर्ण करने तक बोर्ड में एजेंडा लाकर संवेदक का भुगतान भी रोका पर ये अब तक नहीं किया गया। मैं इस संबंध में नगरआयुक्त एवं उपायुक्त पलामू से बात कर ठोस कदम उठाने को कहूंगी क्योंकि यह पार्क शहर का हृदय स्थल है ' प्रथम महापौर को उपस्थित महिलाओं ने पार्क में निर्मित शौचालय की बदतर स्थिति को बताते हुए दैनिक सफाई हेतु आग्रह किया।

### पुलिस ने सालों से फरार अभियुक्त के घर की कुर्की जब्ती

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरवार गांव के फरार अभियुक्त प्रमोद यादव तथा रविंद्र पासवान के घर मे हरिहरगंज व छतरपुर पुलिस ने कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस ने अभियुक्त के घर से खटिया, पंखा, कुर्सी, गैस सिलेंडर खाना बनाने की बर्तन सहित अन्य सामान को जब्त किया। हरिहरगंज थाना के एसआई कृष्णा कुमार यादव ने बताया कि छतरपुर थाना कांड संख्या 120/2017 सीएलएक्ट का नामजद अभियुक्त है। जो बीते 6 साल से फरार चल रहा है। जिसके बाद न्यायालय के आदेश के बाद अभियुक्त के घर मे कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गयी। कार्रवाई में छतरपुर एसआई मनोज कुमार सहित हरिहरगंज छतरपुर पुलिस के जवान शामिल थे।

## भाजपा की एक दिवसीय सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** भाजपा ने केंद्र में नौ साल पूरे किए। पार्टी ने रविवार को रामचंद्र चंद्रवंशी इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी विश्रामपुर में विश्रामपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मंडलों की एक दिवसीय सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने की। कार्यक्रम का संचालन राजन पांडे ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यशाला का आयोजन भाजपा सोशल मीडिया विभाग के जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह एवं सूरज विश्वकर्मा के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी एवं भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक साथ ही जिला उपाध्यक्ष



रामचंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह सह प्रभारी सूरज विश्वकर्मा और पवन गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि कर कार्यशाला की शुरूआत की। सोशल मीडिया के व्यापक उपयोग पर जोर देते हुए, मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने सोशल मीडिया की चुनौतियों को बड़े ही बारीकी से समझाते हुए पॉजिटिव प्रचार एवं विपक्ष के प्रोपेगेंडा दोनों से कैसे निपटें,इस पर प्रकाश डाला। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा कि सोशल मीडिया का महत्व आगामी लोकसभा के चुनाव को देखते हुए अधिक है सोशल मीडिया के द्वारा सरकार के उपलब्धियों को कार्यकताओं के द्वारा जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने सोशल मीडिया के कार्यकताओं को सोशल मीडिया की बारीकियों को समझाया एवं सोशल मीडिया का प्रशिक्षण दिया।

**बैठक** योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान

# नई संसद लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रतिबिंब : केसरी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में डाक बंगला परिसर में भाजपा कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुये महाजनसंपर्क अभियान के जिला सह संयोजक इंद्रमणि जायसवाल ने कहा कि यह अभियान वैसे लोगों से संपर्क स्थापित करने के लिये चलाया जा रहा है, जो लाभार्थी हैं। साथ ही यह प्रधानमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं को बताने तथा लोगों तक इस योजना को पहुंचाने के लिये चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगामी 5 जून से लाभार्थी सम्मेलन से शुरू होगा तथा आगामी 25 जून को प्रधानमंत्री के संबोधन से संपन्न






होगा। इस बीच मंडल स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

मुख्य अतिथि सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्वमंत्री रामचंद्र केसरी ने कहा कि भारतीय इतिहास में आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में जुड़ेगा। आज के दिन संसद के नये भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है, जो आजाद भारत में लोकतंत्र के मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है। इस अवसर पर मंडल के सदस्य व हम सब भारतवासी आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा जनता के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संगठन प्रभारी मुकेश चौबे ने कहा कि पार्टी आजीवन सदस्यता अभियान चला रही है। इसमें कार्यकताओं को बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगामी 11 जून को मेदिनीनगर के शिवजी मैदान में विशाल सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय ने कहा कि सबके प्रयास से ही सबका विकास संभव है। बैठक को जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शिवधारी राम, मथुरा पासवान, कुमार कनिष्क व लवली आनंद ने भी संबोधित किया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, अशोक सेठ, ईश्वरी कमलापुरी, सीमा देवी, चंद्रकांत पांडेय, संजय कांस्यकार, जितेंद्र विद्यार्थी, सोनू सिंह, सुजितलाल अग्रवाल, सोबरन चंद्रवंशी, प्रो0 महमूद आलम, सच्चिदानंद तिवारी, रामप्रवेश प्रसाद, अविनाश प्रसाद, विनय प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे। मंडल मंत्री शैलेंद्र शुक्ल के धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक सपन्न हुई।

# ईंधन, चालक के बिना बाइक एंबुलेंस निष्क्रिय

**ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की योजना सिरे नहीं चढ़ी**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिले के उग्रवाद प्रभावित व सुदूर गांव के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से खरीदी गई बाइक एंबुलेंस स्वास्थ विभाग में पड़ी-पड़ी जंग खा रही है। स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग को चार बाइक एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है, लेकिन वर्तमान में इसका लाभ जिले के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

बाइक एंबुलेंस की खरीदारी तो आनन-फानन में कर ली गई है, लेकिन इसका संचालन कैसे होगा इसका मापदंड अब तक तय नहीं हो पाया है। बाइक एंबुलेंस के लिए चालक की नियुक्ति कौन करेगा, इसमें इंधन किस मद से भराया जाएगा, मरीजों को इसकी सुविधा लेने पर कितना चार्ज लगेगा, यह एंबुलेंस किन गांवों में भेजी जाएगी, इन सभी बिंदुओं पर अब तक कोई भी निर्णय नहीं हुआ है। बाइक एंबुलेंस को अस्पताल की शोभा बढ़ाने के लिए लगा दिया गया है। अस्पताल परिसर में खड़ी-खड़ी बाइक एंबुलेंस का पाट्र्स भी जंग खा रहा है। चिनिया, धुरकी, भंडरिया और बडगड़ में बाइक एंबुलेंस रखी गई है। चिनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस जंग खा रही है। चिनिया प्रभारी डॉ. अशोक कुमार बाखला ने बताया कि बाइक एंबुलेंस तो उपलब्ध करा दिया गया, लेकिन उसके चालक और इंधन की व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस सुदूरवर्ती इलाके में लोगों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उपलब्ध कराई गई थी।

**'मनुष्य कितना ही गोरा क्यों ना हो परंतु उसकी परछाई हमेशा काली होती है। इसलिए यह अहंकार मत कीजिए कि सिर्फ मैं ही श्रेष्ठ हूं' – गौतम बुद्ध**



# संसद महज इमारत नहीं

***संसद*** भारत का सर्वोच्च विधायी निकाय है। यह सरकार के संसदीय स्वरूप ('वेस्टमिंस्टर' मॉडल) को अपनाने के कारण भारतीय लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था में प्रमुख और केंद्रीय स्थान रखता है। राज्य सभा, लोक सभा और राष्ट्रपति के रूप में इसके तीन अंग होते हैं। राष्ट्रपति किसी भी सदन का सदस्य नहीं होता है और संसद की बैठकों में भाग नहीं लेता है, लेकिन वह संसद का एक अभिन्न अंग है। वह राष्ट्र का मुखिया होता है और देश में सर्वोच्च औपचारिक प्राधिकारी होता है। इसलिए संसद महज कंक्रीट की इमारत नहीं होती है, आम नागरिकों की उम्मीदों का प्रतीक होती है कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि यहां बैठकर, जनहित और देशहित के मसलों पर सार्थक चर्चा करेंगे, उचित फैसले लेंगे। संसद भवन कई सौ कमरों की सर्वसुविधायुक्त इमारत हो या कोई साधारण सा मकान हो, असल मुद्दा तो ये है कि वहां लोकतंत्र धड़कता हुआ, अपने जिंदा होने पर खुश दिखाई देना चाहिए। नए संसद भवन का राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और विपक्ष रहित उद्घाटन हाल के वर्षों में संसदीय परंपरा और लोकतांत्रिक मूल्यों में निरंतर आ रही गिरावट की दुर्भाग्यपूर्ण कड़ी है।

**नई संसद का उद्घाटन राष्ट्रीय एकता प्रदर्शित करने का मौका बन सकता था, लेकिन से 20 से अधिक विपक्षी दलों ने समारोह में राष्ट्रपति को आमंत्रित नहीं किए जाने के विरोध में इस आयोजन का बहिष्कार किया।**

नई संसद का उद्घाटन राष्ट्रीय एकता प्रदर्शित करने का एक मौका बन सकता था, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा हो नहीं सका। 20 से अधिक विपक्षी दलों ने पूर्व घोषणा के अनुसार इस आयोजन का बहिष्कार किया। उन्होंने इस बात को इंगित किया था कि राष्ट्र की मुखिया होने के नाते राष्ट्रपति, न कि सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री को इस भवन का उद्घाटन करना चाहिए। विपक्ष के इस तर्क में दम तो था, लेकिन बहिष्कार जैसे अतिवादी कदम उठाने से बचा जा सकता था। हालांकि भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 24 अक्टूबर, 1975 को संसदीय सौंध भवन का उद्घाटन किया था और राजीव गांधी ने 15 अगस्त, 1987 को संसद की पुस्तकालय की नींव रखी थी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश विधानसभा के नए केंद्रीय कक्ष का उद्घाटन किया था। मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और तमिलनाडु के सीएम एम करुणानिधि ने नए विधानसभा परिसर का उद्घाटन किया था और इन कार्यक्रमों में राज्यपाल को नहीं बुलाया गया था। फिर भी, किसी सौंध, पुस्तकालय या विधानसभा के उद्घाटन की तुलना प्रतिनिधि सरकार के राजसी भवन के उद्घाटन से नहीं की जा सकती। राष्ट्रपति और राज्यपाल के पदों, अधिकारों और शक्तियों में बड़ा अंतर है। दोनों को एक पलड़े पर नहीं रखा जा सकता।

विधानसभा या उसके किसी केंद्र या कक्ष का उद्घाटन राज्यपाल न करें तो उससे फर्क नहीं पड़ता। मगर राष्ट्रपति की जगह प्रधानमंत्री से संसद भवन का उद्घाटन कराया जाए, इससे संवैधानिक व्यवस्था पर फर्क पड़ता है। राष्ट्र की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को एक 'पक्षपातपूर्ण' आयोजन में बदलना निश्चित रूप से खराब दृष्टांत है। इससे लोकतंत्र को भारी क्षति पहुंची है। इससे ज्यादा कठोर विडंबना और कुछ हो नहीं सकती कि सरकार और विपक्ष के बीच संवाद या तो नदारद है या फिर दुश्मनी भरा है। लोकतंत्र का आशय इमारतों और मूर्तियों से नहीं है, बल्कि इसका रिश्ता विचार-विमर्श और साझी जमीन तलाशने से है। दुनिया के कई लोकतंत्रों में संसदीय सत्ता की कीमत पर कार्यपालिका की शक्ति में इजाफा चिंता का एक सबब है और अफसोस की बात यह है कि भारत भी इसका गवाह बनता जा रहा है। संसद कार्यपालिका को जनता के प्रति जवाबदेह ठहराने के लिए होती है और यह कार्यपालिका के वर्चस्व की जगह नहीं है। नया संसद भवन सेंट्रल विस्टा, जोकि भारत सरकार का केंद्र है, के पुनर्निर्माण का एक हिस्सा है। इसके उद्घाटन में न सिर्फ राष्ट्रपति बल्कि विपक्ष के नेताओं की भी सक्रिय भूमिका होनी चाहिए थी।

# टूटने लगा है भू-जल पर भरोसा





कुलभूषण उपमन्यु

***भू-जल*** भंडार कोई निजी जमीन तक सीमित रहने वाली संरचना नहीं है। भू-गर्भ-विज्ञान के विकास के साथ हमें पता चल गया है कि भू-जल भंडार तो मीलों तक आपस में जुड़े हो सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि भू-जल को निजी भूमि से जुड़े व्यक्तिगत अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती। भू-जल एक सामुदायिक संसाधन है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पूरी दुनिया में जल आपूर्ति अपने आप में एक चुनौती के रूप में उभरती दिख रही है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढंका हुआ है। कुल उपलब्ध जल का 97 प्रतिशत भाग सागरों में है जो खारा है, इसलिए पीने या सिंचाई के काम नहीं आ सकता। केवल तीन प्रतिशत ही प्रयोग के योग्य है, जिसमें 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों में है। केवल 0.6 प्रतिशत जल ही नदियों, झीलों आदि में है। पृथ्वी पर कुल 32 करोड़ 60 लाख खरब गैलन पानी है। यह मात्रा घटती-बढ़ती नहीं है। सागरों से पानी भाप बनकर बादलों के रूप में बरसता है, उसमें से कुछ ही ग्लेशियरों और बर्फ, नदी जल, भूजल के रूप में धरती पर रुक जाता है, बाकी बहकर फिर समुद्र में चला जाता है। जो पानी धरती पर रुक गया, वही हमारे उपयोग के योग्य बचता है। जलवायु परिवर्तन से जमीन पर गर्मी बढ़ रही है और इससे ग्लेशियर और बर्फ के रूप में रुकने वाला जल ग्लेशियरों और बर्फ के पिघलने की गति बढ़ने के कारण घटता जा रहा है। अति-वृष्टि और अनावृष्टि का चक्र चल पड़ा है। वर्षा वाले दिन कम हो रहे हैं और वर्षा की बौछार बढ़ती जा रही है। कई-कई दिन होने वाली बारीक बारिश की फुहार गये जमाने की बात हो गई है, जिससे भू-जल पुनर्भरण ज्यादा होता था। पिघलने की दर तेज होने से, आकलन के मुताबिक 2050 तक हिमालय के ग्लेशियर लगभग समाप्त हो जायेंगे, जिससे नदी की वर्ष भर की सतत आपूर्ति बाधित हो जायेगी। इससे भू-जल पर निर्भरता बढ़ती जायेगी। इस समय भी देश में 61.6 प्रतिशत भूमि सिंचाई के लिए भू-जल पर निर्भर है, केवल 24.5 प्रतिशत ही नहरों से सिंचित है। शेष अन्य पारंपरिक साधनों से सिंचाई होती है। कुल निकाले गये भू-जल का 89 प्रतिशत सिंचाई के लिए, 2 प्रतिशत उद्योगों के लिए और 9 प्रतिशत घरेलू उपयोग के लिए प्रयोग हो रहा है। भू-जल के अत्यधिक दोहन से भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। इसके चलते भू-जल दोहन के लिए ऊर्जा का खर्च बढ़ता ही जा रहा है और देश के लगभग एक तिहाई जिलों में स्थायी भू-जल भंडार भी समाप्त हो गये हैं। हमें उतना ही भू-जल निकालना चाहिए जितना हर वर्ष पुनर्भरण से इकठ्ठा होता है। यदि उससे ज्यादा दोहन करेंगे तो स्थायी भू-जल भंडार खत्म होते जायेंगे। इस आसन्न संकट को देखकर ही हमें भू-जल विकास कार्यक्रम बनाने चाहिए और उनका अनुश्रवण करना चाहिए। भू-जल के मामले में एक तो हमारे पास वर्तमान तकनीकों से मेल खाने वाले कानूनों का अभाव था, दूसरे व्यवस्थित अनुश्रवण व्यवस्था भी नहीं थी। 2005 के कानून ने इस कमी को कुछ हद तक पूरा किया है। उससे पहले 1882 का एक कानून था जिसके अनुसार कोई भी अपनी जमीन के नीचे से भू-जल दोहन कर सकता था। जाहिर है, उस समय ऊर्जा-चलित गहरे कुएं बनाने की कोई सुविधा ही उपलब्ध नहीं थी। लोग रेहट, कुओं आदि से भू-जल दोहन करते थे जिससे भू-जल स्तर पर कोई प्रभाव पड़ने की संभावना ही नहीं रहती थी। आज जब एक डेढ़ हजार फुट नीचे

**2005 के कानून ने इस कमी को कुछ हद तक पूरा किया है। उससे पहले 1882 का एक कानून था जिसके अनुसार कोई भी अपनी जमीन के नीचे से भू-जल दोहन कर सकता था।**

**इन दिनों**

तक से भू-जल का निकास संभव हो गया है तो सोचना जरूरी है। भू-जल भंडार कोई निजी जमीन तक सीमित रहने वाली संरचना नहीं है। भूगर्भ-विज्ञान के विकास के साथ हमें पता चल गया है कि भूजल भंडार तो मीलों तक आपस में जुड़े हो सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि भू-जल को निजी भूमि से जुड़े व्यक्तिगत अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती। भू-जल एक सामुदायिक संसाधन है इसलिए सामुदायिक हितों के दृष्टिगत ही इसका प्रबन्धन होना चाहिए। वर्तमान कानून में इस दिशा में रास्ता बना है, किन्तु मौके पर कानून के प्रावधानों को लागू करने की लचर व्यवस्थाओं से काम चलने वाला नहीं है। 2005 के कानून के अंतर्गत 'भू-जल प्राधिकरण' को भू-जल नियंत्रण और विनिमयन की पर्याप्त शक्तियां मिली हैं। उनका सम्यक उपयोग किया जाना चाहिए। हिमाचल के सन्दर्भ में एक नजर डालने का प्रयास करते हैं। हिमाचल में दोहन योग्य भू-जल 0.97 बिलियन घन मीटर वार्षिक है, जिसमें से 0.36 बिलियन घन मीटर ही निकाला जा रहा है। 2019 तक प्रदेश में 39085 हैंड पंप 'जलशक्ति विभाग' द्वारा लगाये गये हैं और 8000 सिंचाई कुएं लगे हैं, किन्तु यह आंकड़ा विश्वसनीय बिलकुल भी नहीं है, क्योंकि बिना मंजूरी और पंजीकरण के कितने हैंडपंप और सिंचाई कुएं लगे हैं इसकी कोई जानकारी किसी के पास नहीं है। विभाग ने कई बार पंजीकरण के आदेश भी दिए हैं उनका क्या असर हुआ, कोई नहीं जानता। नियमों का उल्लंघन करके ट्यूब-वेल लगाने के लिए 5 साल जेल और 10 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान 2005 के कानून में था, जिसे संशोधित करके जेल की सजा को हटा दिया गया है। यह अच्छा कदम है, किन्तु जुर्माने के साथ अवैध लगाये गए भू-जल दोहन संयंत्रों को बंद करवाने का प्रावधान होना चाहिए, ताकि डर रहे। मौके पर वास्तविक जानकारी के लिए पूरे प्रदेश में फैले 'जलशक्ति विभाग' के फिटर से लेकर सहायक अभियंता तक के स्टाफ को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए ताकि वस्तुस्थिति की जानकारी हो और वैज्ञानिक आकलन के अनुरूप व्यवस्था बनाई जा सके। गैर-पंजीकृत ठेकेदारों के काम करने की भी चर्चा है। 2019 में नये बोर करने पर अगले आदेशों तक प्रतिबन्ध लगा था, किन्तु इसके बाबजूद बोर लगाने का काम ऐसे ही लोगों द्वारा चलता रहा। न ही वैज्ञानिक सर्वेक्षण को विधिवत अपनाया जा रहा है, जो कि इस बात से साबित होता है कि भटियात तहसील में लगे 50फीसदी से ज्यादा हैंडपंप सूखे पड़े हैं। अन्य जगहों में भी इस तरह की स्थितियां देखने में आती हैं। अति दोहन से कई जगह प्राकृतिक जलस्रोत सूखने के भी मामले सामने आये हैं जिनका सर्वेक्षण किया जाना चाहिए, ताकि इसका गलत असर छोटे नदी-नालों के जलस्तर पर न पड़े। इससे हमारी सतही जल पर निर्भर पेयजल योजनाओं पर भी बुरा असर पड़ेगा। यह भी समझ से परे है कि 2017 के आकलन के अनुसार कांगड़ा का इंदौरा, सिरमौर का कालाअंब, सोलन का नालागढ़, और ऊना क्षेत्र में भू-जल दोहन स्तर पुनर्भरण क्षमता से ज्यादा था या अति दोहन की श्रेणी में था, किन्तु 2020 के बाद के आकलन में इन क्षेत्रों को भी सुरक्षित घोषित किया गया है, जबकि उसके बाद दोहन का स्तर तो बढ़ता ही गया है। आशा की जानी चाहिए कि सरकार इस दिशा में गंभीर पहल करेगी।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें वामन अवतार की कथा*

***बलि*** ने हाथ में गंगा जल लेकर तीन पग भूमि देने का संकल्प ले लिया। संकल्प पूरा होते ही वामन का आकार बढ़ने लगा और विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने एक पग में पृथ्वी, दूसरे पग में स्वर्ग तथा तीसरे पग में दैत्यराज बलि ने अपना मस्तक प्रभु के चरणों के आगे रख दिया। अपना सबकुछ गंवा चुके बलि को अपने वचन से ना हटते देख भगवान प्रसन्न हो गये और उन्होंने दैत्यराज को पाताल का अधिपति बना दिया।

***(समाप्त)***

### *आइये सुने निर्जला एकदशी की कथा*

***निर्जला*** एकादशी व्रत की कथा इस प्रकार है- भीमसेन व्यासजी से कहने लगे कि हे पितामह! भ्राता युधिष्ठिर, माता कुंती, द्रोपदी, अर्जुन, नकुल और सहदेव आदि सब एकादशी का व्रत करने को कहते हैं, परंतु महाराज मैं उनसे कहता हूं कि भाई मैं भगवान की शक्ति पूजा आदि तो कर सकता हूं, दान भी दे सकता हूं परंतु भोजन के बिना नहीं रह सकता। इस पर व्यासजी कहने लगे कि हे भीमसेन! यदि तुम नरक को बुरा और स्वर्ग को अच्छा समझते हो तो प्रति मास की दोनों एकादशियों को अन्न मत खाया करो। भीम कहने लगे कि हे पितामह! मैं तो पहले ही कह चुका हूं कि मैं भूख सहन नहीं कर सकता। यदि वर्षभर में कोई एक ही व्रत हो तो वह मैं रख सकता हूँ, क्योंकि मेरे पेट में वृक नाम वाली अग्नि है सो मैं भोजन किये बिना नहीं रह सकता। भोजन करने से वह शांत रहती है, इसलिए पूरा उपवास तो क्या एक समय भी बिना भोजन किये रहना कठिन है। अतः आप मुझे कोई ऐसा व्रत बताइये जो वर्ष में केवल एक बार ही करना पड़े और मुझे स्वर्ग की प्राप्ति हो जाय। श्री व्यासजी कहने लगे कि हे पुत्र!बड़े-बड़े ऋषियों ने बहुत शास्त्र आदि बनाये हैं जिनसे बिना धन के थोड़े परिश्रम से ही स्वर्ग की प्राप्ति हो सकती है। इसी प्रकार शास्त्रों में दोनों पक्षों की एकादशी का व्रत मुक्ति के लिए रखा जाता है।

***(क्रमशः)***

# संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन व भारत की भूमिका



योगेश कुमार गोयल

***सारी*** दुनिया में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस हर साल 29 मई को मनाया जाता है। इस मिशन में भारत की अहम भूमिका है। 1960 से 1964 तक के यूएसओसी कांगो मिशन में भारतीय वायुसेना के छह कैनबरा बॉम्बर एयरक्राफ्ट तैनात किये गये थे। इनमें 467 अधिकारी, 401 जेसीओ और 11354 जवानों ने हिस्सा लिया था। इस मिशन में 39 सैनिकों ने अपने प्राण गंवाए थे। 1992 से 1993 तक कंबोडिया में भारत ने सीजफायर की निगरानी की थी। यहां के चुनाव में भी सहायता की थी। भारत ने संयुक्त राष्ट्र के इस मिशन में 1373 सैनिकों की तैनाती की थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2002 में आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार शांति रक्षा मिशन को अधिकार दिये। साथ ही 29 मई को 'शांति रक्षक दिवस' के रूप में नामित किया। तब से प्रतिवर्ष इस दिन को संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक है। कनाडा और पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 75वीं सालगिरह मना रहा है। उसके अब तक के शांति रक्षक अभियानों में अब तक दुनियाभर के 4000 से भी ज्यादा शांति रक्षकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इनमें भारत के शांति रक्षकों की संख्या करीब 170 है। यह संख्या किसी भी अन्य देश के मुकाबले सर्वाधिक है। 24 अक्टूबर 1945 को संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी। इसकी स्थापना द्वितीय विश्वयुद्ध के विजेता देशों ने की थी। इसका मकसद था कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के मामलों में हस्तक्षेप करने से भविष्य में पुनः विश्वयुद्ध जैसे हालात न उभरने पाएं। इन देशों में अमेरिका, यूके, फ्रांस, रूस इत्यादि शक्तिशाली देश शामिल थे। इन संस्थापकों को उम्मीद थी कि वे इसके जरिये युद्ध को सदा के लिए रोक पायेंगे किन्तु 1945 से 1991 के शीत युद्ध के समय विश्व के विरोधी भागों में विभाजित होने के कारण शांति रक्षा संघ को बनाये रखना बहुत कठिन हो गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 29 मई 1948 को पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इजरायल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए यूएन शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। फिलहाल विश्व में एक लाख से भी अधिक पुरुष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है। इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में तैनात हैं। यूएन के शांति मिशनों में भारत की भूमिका अहम है। सबसे पहले नवम्बर 1950 से जुलाई 1954 तक चले कोरियाई युद्ध के दौरान भारत ने इस मिशन में 17 अधिकारी, नौ जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) तथा 300 सैनिक तैनात किए गए थे। भारत हथियारों से लैस एक दल को 1956 से 1967 के बीच संयुक्त राष्ट्र की आपातकालीन सेना में भेजने वाला देश भी बना था।

**यूएसओसी कांगो मिशन में भारतीय वायुसेना के छह कैनबरा बॉम्बर एयरक्राफ्ट तैनात किये गये थे। इनमें 467 अधिकारी, 401 जेसीओ और 11354 जवानों ने हिस्सा लिया था।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से

ज़िंदगी
एक आईना है..
ये,
तभी मुस्कुराएगी
जब हम मुस्कुराएँगे...:)

# नई संसद : सर्वधर्म प्रार्थना का संदेश जायेगा दूर तक



आर.के.सिन्हा

***देश*** को एक नई, भव्य और गरिमामय संसद की इमारत मिल गई। इसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उदघाटन किया। लेकिन, इस बात का दुःख भी होता है पूर्व प्रधानमंत्रियों ने अंग्रेजों की गुलामी के इस संसद को बदलने की जरूरत है, इसपर सोचा तक नहीं, ऐसा क्यों? उनके उद्घाटन करने से पहले सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित हुई। यह भारत ही है जहां पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा के विचार को आत्मसात किया गया है। महात्मा गांधी ने अपनी सभाओं में सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का श्रीगणेश करवाया था। नई संसद के उद्घाटन से पूर्व भारत के सभी प्रमुख धर्मों के विद्वानों ने अपने-अपने धर्मों की पवित्र पुस्तकों के कुछ अंशों को पढ़ा। जिसने भी नई संसद परिसर में प्रार्थना सभा के कार्यक्रम को देखा तो उसका हृदय गदगद हो गया। हिन्दू धर्म के विद्वान डॉ. बलदेव आनंद सागर ने गीता के 5-6 श्लोकों को भी पढ़ा। वे गांधी जयंती पर होने वाली प्रार्थना सभाओं में भी भाग लेते रहे हैं। वे आमतौर पर पंचदेव की प्रार्थना का भी पाठ करते हैं। सर्वधर्म प्रार्थना का विचार वास्तव में बहुत बड़ा और व्यापक है। यह एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि भारत में सब धर्मों को मानने वाले एक-साथ बैठकर अपने धर्मग्रंथों के मुख्य बिन्दुओं को रख सकते हैं। उम्मीद है कि नई संसद में भी देश के सभी धर्मों, वर्गों, प्रांतों वगैरह से आने वाले सांसद स्वस्थ बहस करेंगे। लोकतंत्र की आत्मा होते हैं वाद, विवाद, संवाद। जहां पर बहस नहीं है, उसे लोकतंत्र कहना बेमानी होगा। उधर, ईसाई धर्म से फादर जॉर्ज सोलोमन प्रार्थना सभा का हिस्सा रहते हैं। महात्मा गांधी की सर्वधर्म प्रार्थनाओं में ईसाई प्रार्थना पहले दिन से ही आरंभ हो गई थी। उनका ईसाई धर्म, बाबइल और मिशनरियों के कामकाज से साक्षात्कार तब हुआ जब वे दक्षिण अफ्रीका में रहते थे। जॉर्ज सोलोमन विभिन्न स्थानों पर होने वाली सर्वधर्म प्रार्थनाओं में बाइबल का पाठ करते हैं। वे कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी की सरकार भारत में सबके साथ समान व्यवहार करती है। सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का सरकारी आयोजनों में भी होना इस बात की गवाही है कि भारत सरकार का सब धर्मों को लेकर रवैया एक जैसा है। बाकी धर्मों के ग्रंथों की तरह बाइबल का भी रास्ता एक-दूसरे से प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। गांधी जी को बाइबल और ईसाई धर्म को करीब से जानने का अवसर मिला दक्षिण अफ्रीका में। सोलोमन को जब भी किसी सर्वधर्म प्रार्थना सभा में जाने का अवसर मिलता है तो वे उस मौके को छोड़ते नहीं है। वहां का हिस्सा होना अपने आप में अप्रतिम अनुभव होता है। उन्हें विश्वास है कि भारत के नेतृत्व में चलकर विश्व नफरत पर विजय पा लेगा। संसार में शांति, सच्चाई और सहिष्णुता के एक नये युग की शुरूआत होगी। आपको याद होगा कि जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कुछ समय पहले एतराज जताया था जब केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने यहां गांधी जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का आयोजन करें। महबूबा मुफ्ती को तकलीफ इसलिए हो रही थी क्योंकि सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं में हिन्दुओं के प्रिय भजन भी गाए जाने थे। यानी उन्हें गांधी जी की सर्वधर्म प्रार्थना सभा में भी मीन मेख निकालने का मौका मिल गया। 85 साल की कात्सू सान भारत सरकार की तरफ से आयोजित होने वाली प्रार्थना सभाओं के अलावा दो अक्टूबर तथा 30 जनवरी को राजघाट और फिर 30 जनवरी मार्ग (बिड़ला हाउस) में आयोजित होने वाली सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं का भी स्थायी चेहरा हैं।

**जॉर्ज सोलोमन विभिन्न स्थानों पर होने वाली सर्वधर्म प्रार्थनाओं में बाइबल का पाठ करते हैं। वे कहते हैं कि नरेन्द्र मोदी की सरकार भारत में सबके साथ समान व्यवहार करती है।**

**देश-दुनिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# परेशानी का सबब बन सकता है आम खाना



जरूरत से ज्यादा आम का सेवन करना गर्मियों में परेशानी का सबब बन सकता है। आम की तासीर गर्म होती है, जिसकी वजह से इसका सेवन करने से लोगों को नाक से खून आने और मुंहासे जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में बिना परेशान हुए आम का सेवन कैसे किया जा सकता है? तपिश भरे गर्मियों के मौसम का इंतजार लोग सिर्फ आम खाने के लिए करते हैं। गर्मियों की शुरूआत होते ही आम बाजारों में आ जाता है और फिर हमारे घरों के किचन में इसे पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगता। आम से कई तरह की चीजें जैसे शेक, आम पापड़, सब्जी, चटनी और अचार बनाई जा सकती है। इसलिए इस मौसम में ये लोगों की डाइट का एक जरुरी हिस्सा बन जाता है। मौसमी समस्याओं से बचने के लिए भी आम का सेवन करने की सलाह दी जाती है। हालाँकि, जरूरत से ज्यादा आम का सेवन करना गर्मियों में परेशानी का सबब बन सकता है। आम की तासीर गर्म होती है, जिसकी वजह से इसका सेवन करने से लोगों को नाक से खून आने और मुंहासे जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में बिना परेशान हुए आम का सेवन कैसे किया जा सकता है?

### आम को पानी में भिगोएं

बाजार से आम लाते ही उनका सेवन करने की बजाय पहले उन्हें दो से तीन घंटों के लिए पानी में भिगो दें। ऐसा करने से आम में मौजूद फाइटिक एसिड निकल जाएगा। फाइटिक एसिड फलों में पाए जाने वाला एक पदार्थ है, जो शरीर को आयरन, जिंक, कैल्शियम जैसे खनिजों को सोखने से रोकता है। इसके अलावा ये शरीर में गर्मी बढ़ाने का काम करता है। इसलिए जब आप आम को भिगो देते है तो ये फाइटिक एसिड निकल जाता है। फिर इसकी वजह से शरीर में गर्मी नहीं बढ़ती और मुहांसे, त्वचा की समस्या, सिरदर्द, कब्ज जैसी समस्याएं भी नहीं होती है।

### आम के साथ करें इन बीजों का सेवन

आम का ज्यादा सेवन करने से मुहांसे, कब्ज और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। इनसे बचना चाहते हैं तो आम के साथ तुलसी के बीजों का सेवन करें। तुलसी के बीजों की तासीर ठंडी होती है, जो आम की गर्मी को काटती है। इसलिए जब भी आप आम का सेवन करें इसके साथ एक चम्मच सब्जा/तुलसी के बीच भी खाएं।

अकेले करें आम का सेवन- गर्मियों के मौसम में आमतौर पर लोग खाने के साथ आम का सेवन करते हैं। ऐसा करने से त्वचा और पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स, आम को एक फल की तरह खाने की सलाह देते हैं। लोगों को इसे भोजन के साथ मिलाकर खाने से बचना चाहिए।

## काव्य कोना

### भरोसा

रिश्तों की बातों में,
डोर को खींचो न उसके ठौर तक।
सन्नाटे में गूंज को ढूंढने कभी बाजार चल
हम से हम खुद ही मिल जायेंगे।

सोचता है क्यूंकर हमेशा हमेशा
निर्णायक बनूं अपना अपने।
गिरकर संभलने के लिए
भरोसा तो रख , उम्मीदें औरों को भी है।

एक तो मेरी भाषा ऐसे ही तंग
उस पर यह दुविधा की आंच।
शिकन की चर्चा क्यूं करें?
अभी भोर की लाली कहां आई है।

❖ नाग मणि

# वृक्कातिपात का आयुर्वेदिक निदान



वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा
डालटनगंज पलामू झारखण्ड
मो. - 7903216488, 9334716688

**वृक्क (किडनी रोग) रोग का संक्षिप्त परिचयः** - आयुर्वेद मनीषियों को वृक्कों का पूर्ण ज्ञान था। वृक्क दो हैं और ये दोनों मूत्र उत्पादक अंग हैं। घ्यान दें 'नाभिश्च हृदयं च क्लोमं च, यकृच्च वृक्कौच' यहां चरक ने वृक्क शब्द के लिए द्विवचन का प्रयोग करके वृक्को का दो होना स्वीकार किया है। आचार्य चरक ने शरीर स्थान में लिखा है-
**''रक्तमेदः प्रसादजौ वृक्को''**
यहां भी वृक्क दो ही माने हैं । हमारे आयुर्वेद ग्रंथों में शरीर विज्ञान का पूरा वर्णन किया गया था, परंतु उनमें से कई आग की भेंट चढ़ गये तथा कई अभी अनजान अंधेरे में पड़े हैं। वृक्क शरीर का शोधन करने वाले महत्वपूर्ण अवयव हैं। फुस्सफुस शरीर को वायु द्वारा तथा वृक्क जल द्वारा शुद्ध करते हैं। पर्याप्त जल पीने से गुर्दे मल रहित रहते हैं। गुर्दे शरीर में मिले जहरीले पदार्थों को छानकर बाहर निकालते हैं। गुर्दों की लम्बाई 11 से.मी., चौडाई 6 से.मी और मोटाई 3 से. मी. है।

वृक्क के कार्यः- आयुर्वेद मानता है कि भोजन के बाद उसकेदो भाग हो जाते हैं। क. सार भाग ख. किट्टू भाग अर्थात फोंक। सार भाग से रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि,मज्जा और तेज अर्थात वीर्य का निर्माण होता है तथा किट्टू भाग से मल व मूत्र का निर्माण होता है। ये दोनों काम अमाशय व पक्काशय में पाचक पित्त व समान वायू करती हैं। औदरिक वृहद धमनी(एबडोमिनल अरोटा) की दो शाखाएं दोनों वृक्कों में जाती हैं जहां पतली-पतली असख्य शाखाएं/कोशिकाएं वृक्कों की नालियों के आस-पास फैल जाती हैं। ग्लोमरूल छलनी अर्थात फिल्टर है। शरीर में जो रक्त बनता है, जो अभी पूर्ण रूप से रक्त नहीं बना होता, रक्त का यह जलीय भाग इस फिल्टर से नलिकाओं में चला जाता है। यहाँ वृक्क की अंदर की नलिकाओं द्वारा वस्ति में बूंद-बूंद कर करके मूत्र इक्कठ्ठा होता रहता है। इन नलिकाओं का मुख्य कार्य है शरीर की आवश्यकताओं के अनुसार लवण और इलेक्ट्रोलाइटस जल को शोख कर शरीर कोष के बाहरी रस को पुष्ट करना।

**शरीर में निम्न कार्य भी वृक्कों द्वारा किये जाते हैः-**

1. अनुपयोगी पदार्थ जैसे यूरिया, युरिक एसिड, क्रेटनिन आदि को शरीर से बाहर कर देना
2. मधुर(ग्लुकोज) को तिक्त अम्ल अर्थात एमिनो एसिडस् और अवशोषक उपादानों से अवशोषण कर शरीर को पुनः लौटाना।
3. जल,लवण तथा इलेक्ट्रोलाइटस का जितना अंग शरीर को चाहिए उतना फिर दे देना, ये कार्य वृक्क(गुर्दे) करते हैं। आधुनिक वैज्ञानिक वक्कों का कार्य मूत्रोत्पति मानते हैं, परंतु वैद्य वृक्कों का मूत्रोत्पति से कोई संबंध नहीं मानते है। उनका मानना है कि वृक्कों का मुख्य कार्य मेद धातु को पुष्ट करना है। उनका कहना है कि वृक्क के चारो ओर मेद अर्थात फैट बहुत रहती है, इस फैट का वृक्कों से क्या संबंध है, इसको आधुनिक वैज्ञानिक अभी तक समझ नहीं पाए।

**ध्यान दें:-**
**''वृक्को पुष्टि करो प्रोक्तो जठरस्थस्य मेदसः''**
वृक्क (किडनी), गवनियाँ (यूरेटर्स), वस्ती (यूरिन ब्लैडर) इन तीनों का कार्य व पारस्परिक संबंध आयुर्वेद में वर्णित है। आयुर्वेद का मानना है कि मूत्र में जो यूरिया इत्यादि पदार्थ होते है , ये वृक्कों में नहीं बनते, वृक्क के मूत्र छानने का कार्य करता है। ध्यान रहे कि वृक्कों में मल भाग आकर छन कर मूत्राशय भाग में जाकर गवनियों द्वारा वस्ति में जाता है।

**वृक्क पात (रीनल फेल्योर) का कारण :- वृक्क अर्थात किडनी की क्रिया सामान्यतः चार प्रकार के शारीरिक विकारों से बिगड़ती है।** 1 जीर्ण वृक्कशोथ और इसी प्रकार की बीमारी से गुर्दाकोश (नेफ्रांस) का नष्ट होना। 2 रक्त नालिका के संकुचित होने या रक्त के धक्के आदि के अटक जाने या किसी प्रकार की चोट लगने के कारण रक्त के रास्ते में रूकावट आ जाने से गुर्दे का काम करना बन्द कर देना। 3 चोट लगने से गुर्दे की नलियों में घाव हो जाना या 4 रक्तचाप 50 से कम हो जाने पर ग्लोमरूल अर्थात छलनी की फिल्टर क्रिया के बंद हो जाने से गुर्दे काम करना बंद कर देते है। उपरोक्त चारों कारणों में से सबसे हानिकारक है वह विषमता जो वृक्कों द्वारा यूरिया को न निकाल पाने के अनुपात में होती है। हृदय में जैसी ताल-सी गति चलती है और हृदय की धड़कन सताल (कम्पेन्सेटेड) या बेताल (डी-कम्पन्सेटेड) होती है उसी प्रकार वृक्क में भी ताल सी गति होती चलती है। हृटिपण्ड की तरह वृक्कों में भी ताल बांधकर धड़कन करने की असाधारण शक्ति है। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि यदि वृक्कों का तीन चौथाई भाग भी नष्ट हो जाये, तो शेष एक चौथाई भाग ही सम्पूर्ण शरीर की निःसारण क्रिया को चालू (ताल-बद्ध) रख सकता है। वृक्क का मुख्य कार्य यूरिया को निकालना है। गुर्दा इस प्रक्रिया को थोड़े से जल में भी उसे (यूरिया को)पूरी तरह गलाकर सम्पन्न करता है। रोग के कारण जब तक गुर्दे की शक्ति एकदम समाप्त नहीं हो जाती, तब तक मूत्र विषययता (यूरेरिया)और अमूत्रता (अनुयूरिया) के लक्ष्ण दिखलाई नहीं देते। यूरिया एक विषला तत्व है, जिसे गुर्दे मूत्र-मार्ग से शरीर से बाहर निकालते रहते है। इसी के साथ एक और विषैला तत्व क्रेटिनिन है जो खून में मिला रहता है। जब इन दोनों तत्वों को गुर्दे शरीर से बाहर निकालने में असमर्थ हो जाते है, तब गुर्दे के फेल होने का सन्देह बनने लगता है। अब प्रश्न उठता है कि शरीर के इन तत्वों को बाहर निकालने के गुर्दे अपने आप ही काम करते है या कोई अदृश्य शक्ति है, जो गुर्दे को ऐसा करने के लिए मजबूर करती है? जी हां अदृश्य शक्ति है और वह शक्ति है शरीर में रहने वाली वायु। केवल गुर्दे ही नहीं , शरीर की नबों इन्द्रियों पर वायु ही अपना दबाव बना उन से काम करवाती है।

**'सर्वेन्द्रियाणामुद्योजकः स वायुः-' (चरक)**
वायु ही हमारी इन्द्रियों को अपने-अपने काम करने के लिए मजबूर करता है। अब देखें, जैसे ही शरीर की वायु असमान स्थिति में होती है, तब वह गुर्दे पर दबाव नहीं डाल पाती। ऐसी स्थिति में गुर्दे शरीर से विषैले पदार्थो को नहीं निकाल पाते। शरीर की वायु कब और क्यों बिगड़ती है उस समबन्ध में चक्रऋषि ने कहा है-

**रूक्षशीताल्पलध्वतं व्यवायाति प्रजाभरै : । विषमाहाररविहाराज्य दोषसृक्रत्रवणादपि।।**
(चरक)

**भवार्थ :-**रूक्ष, शीतल, अम्ल, तथा लघु आहार के निरन्तर सेवन से तथा बहुत ज्यादा स्त्री-संसर्ग एवं रात में जागने से वायु का सन्तुलन बिगड़ जाता है। कहने कातात्वर्य है कि गलत आहर-विहार के कारण भी वायु प्रकूपित हो जाती वायु शरीर के विभिन्न अंगों कैसे चलाती है, इसका हजारों साल पहले चरक ऋषि ने कितना सटिक वर्णन किया था। हमारा शरीर जिस वायु पर टिका है वह पांच प्रकार की है। 1 प्राण वायु 2 उदानवायु 4 व्यान वायु 5 अपान वायु। समान, व्यान व अपान वायु की शरीर में असमान मात्रा हो जाने के कारण ही गुर्दे फेल हो जाते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा से जैसे ही ये तीनों सम अवस्था में आती हैं, तो उस रोगी के गुर्दे ठीक काम करने लगते हैं। देखा आपने, आयुर्वेद के सामने कहाँ टिकेगी आधुनिक चिकित्सा। चिकित्सक यह भी ध्यान रखें कि भोजन पचने के बाद रस, दोष, मल को एक दूसरे से अलग-अलग करने का काम 'समान वायु' करती है। उसके बाद 'ब्यान वायु' का काम होता है शरीर को पुष्ट करने के लिए उन्हे विभिन्न अंगों को भेजना। अब शरीर में ब्यान वायु का और काम देखें। ये मल रस को आगे धकेलने,सिकोड़ने व फैलाने का भी कार्य करती है। 'अपान वायु' शरीर के मल-मूत्र को बाहर निकालने का काम करती है। अब हम देखेंगे कि लगातार गलत आहार-विहार के कारण शरीर में रह रही 'समान वायु' असमान हो जाने से रक्त में यूरिया व क्रेटनिन को अलग-अलग करने की क्रिया भी गड़बड़ा जाती है। इस कारण व्यान वायु के काम करने की क्षमता भी बिगड़ जाने के कारण शरीर के अंगो में आगे धकेलने की क्रिया सही ढंग से संपादित नहीं हो पाती तथा अपान वायु रक्त से यूरिया व क्रेटनिन को मूत्र मार्ग से बाहर करने में असमर्थ हो जाती है। एक बात और भी ध्यान में रखें कि अपान वायु के बिगड़ जाने के कारण वह दोषों को गुदा व मूत्र द्वारा बाहर निकालने की बजाय ऊपर की ओर ले जाती है, जिस कारण से मुख से उल्टीयां व मूत्र जैसी दुर्गन्ध आनी शुरू हो जाती है। अंत में एक मुख्य बात को चिकित्सक अवश्य ध्यान में रखें कि युरिया की उत्पति का स्थान यकृत माना गया है, जिसे सुश्रुत नें 'रक्ताशय' ''शोणितस्य स्थानं यकृत्प्लीहानो'' का नाम दिया है।

**गुर्दा (वक्क) विकार की चिकित्साः-**

1. पंचतृण मूल अर्क- 30 एम.एल- 30 एम.एल सुबह - शाम सेवन करें।
2. वृक्क दोषान्तक क्वाथ - 30 एम. एल- 30 एम.एल सुबह-शाम सेवन करें।

**वृक्क दोषान्तक क्वाथ के घटकः-** वरूण छाल, छोटा गोखरू, पीपल वृक्ष छाल, सोंठ, पाषाण भेद, मकोय, पुर्ननवा, नीम के पत्ते व छाल, अनन्त मूल, कासनी, तीरा, गिलोय, खीरा और तरबूज के बीज, दारू हल्दी, गुलबनफ्शा, जटामासी।

3. शरीर को दो घंटे के लिए बाथ टब(जिसमें 40 डीग्री सेल्सियस तक गर्म जल भरा रहे) में सर बाहर रख कर पूरे शरीर को डूबाये रखें। ये क्रिया दिन में एक बार रोज करें, लगातार 90 दिनों तक करने से किडनी रोग से निजात पा जाएंगे।

**अपथ्य-** दूध, दूध से बने पदार्थ, कैल्सियम वाली दवा व पदार्थ न दें।
**पथ्य-** हरी सब्जियां दें। पालक, बथुए का साग व जूस दें।
**ध्यान दें :-** क्षतिग्रस्त गुर्दे के रोगियों को सोयाबीन अवश्य दें। सोयाबीन का प्रयोग क्षतिग्रस्त गुर्दे में वरदान साबित होगा।

# क्या करें हम...



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

वे आए दिन दूर की हांकते हैं। उनकी मानो तो वे चुटकियों में भारत को विश्व का सरताज बना सकते हैं। अमेरिका जैसे विकसित देशों की प्रगति को व्यर्थ मानते हैं। उनकी मानो तो वे रातों रात दुनिया की रूपरेखा बदल सकते हैं। हम दोनों एक ही पाठशाला में पढ़ते थे। उसमें और मुझ में छह साल का अंतर था। किंतु उसने कभी इस अंतर को मित्रता के बीच आने नहीं दिया। जब वह पंद्रह साल का था तब वह दसवीं कक्षा पढ़ रहा था। उसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उसने भाषण देते हुए एक कहानी का जिक्र किया। कहानी का सार यही था कि बदलने की प्रबल इच्छा चिंगारी की भांति हमारे भीतर सुलगती रहनी चाहिए। उसने सभी से अपने-अपने गांवों की रूपरेखा बदलने की शपथ दिलायी। भाषण इतना प्रेरक और जोरदार था कि तालियों की गड़गड़ाहट से प्रांगण गूंज उठा। उसी दिन कई गपोड़ियों ने उसका नाम हक्कड़ सिंह रख दिया। दस वर्ष बाद जब उसकी उम्र पच्चीस की हुई तो उसका विवाह हो गया। अब उसमें पहले जैसा उत्साह नहीं रहा। वह आए दिन कहता- असली जिंदगी का पता तो शादी के बाद चलता है। घर-गृहस्थी के चक्कर में जीवन कचूमर बन जाता है। वह खाक अपने गांव को बदलेगा। वह अगर अपनी गली की दशा बदल दे तो वही काफी है।

जब वह पैंतीस वर्ष का हुआ तो उसे लगा कि गली की दशा बदलना भी आसान नहीं है। तरह-तरह के लोग और तरह-तरह की सोच के बीच तालमेल करना टेढ़ी खीर है। भला इन्हें कौन बदल सकता है? बदलाव, परिवर्तन आदि पर्यायवाची शब्द शब्दकोश में ही अच्छे लगते हैं। वास्तविक जीवन में इसका पालन नभ-पाताल नापने के बराबर है। उसे लगा कि गली से पहले अपने परिजनों में परिवर्तन लाना जरूरी है।

अब वह पैंतालीस वर्ष का हो चला है। वह परिजनों को बदलने चला था। परिजनों ने उसकी एक न सुनी। उसे तरह-तरह के उलाहने दिए। उसे भला-बुरा कहा। एक दिन जब उसके घर के पास एक बैठक चल रही थी तो उसमें एक पंद्रह वर्षीय बालक मेरे मित्र की भांति समाज में परिवर्तन लाने के बारे में जोर-शोर से भाषण दे रहा था। मित्र को अपना बचपन याद आ गया। उसने मेरे कंधे पर हाथ रखते हुए कहा - लो एक और मुझ जैसा दिवाना आ गया है। चला है समाज बदलने! उसे कोई समझाए कि समाज बदलना पापड़ बेलने जितना आसान काम नहीं है। यहां हम इतने वर्षों से बदलने के चक्कर में बूढ़े हो चले हैं। आजकल आदमी जीता ही कितना है? साठ साल की जिंदगी भी जी ले तो वह धन्य मनावे। इतने साल से हम कुछ नहीं कर पाये, भला यह खाक कर पाएगा? यही सब वह कर रहा था कि मंच पर लगे लाउडस्पीकर पर एक गाना चल पड़ा- हमको मन की शक्ति देना, मन विजय करें, दूसरों की जय से पहले, खुद को जय करें। यह गाना सुनने भर की देरी थी कि उसके आंखों में आंसू आ गए। उसने मुझसे केवल इतना ही कहा - शायद मैं दूसरों को तर्जनी अंगुली दिखाने से पहले खुद को दिखाता तो आज मैं कुछ और होता।

## सूडोकु नवताल- 6714

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6713 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**29 मई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.27 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कर्क | 08.40 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.56 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 13.08 बजे से |
| गुरु | मेष में | तुला | 15.19 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 17.34 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.50 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 21.55 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 23.41 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मीन | 01.14 बजे से |
| | | मेष | 02.45 बजे से |
| | | वृष | 04.25 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 149 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** नवमी 11.50 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 04.29 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वज्र 21.01 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 11.50 बजे तदनन्तर तैतिल 00.34 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 09.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 33' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871628 **जूलियन दिन** 2460093.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** जिल्काद **तारीख** 09 **विशेष** महेश नवमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7776




**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान,इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद,नियामत-4
8. केश-2
10. कसम,प्रतिज्ञा,वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी,स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम,केश-2
20. अधिकार,आरोप-2
21. सतह,स्तर,पटल-2
23. लूटपाट,डाका-4
25. सभ्यीकरण,विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा,विचित्र,विलक्षण-3
2. नया,नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन,प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल,कालकोठरी-4
18. शोर,ध्वनि,कंपन्न-3
20. ताप,शवदाह-2
22. यज्ञ,आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

**शब्द पहेली -7775 का हल**



## आज का राशिफल

**मेष राशि** : बातचीत में संयत रहें। कारोबार में सुधार के लिए किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। मित्रों से भेंट होगी।

**वृष राशि** : शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**मिथुन राशि** : धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क राशि** : स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों में वृद्धि होगी। फिर भी धन की प्राप्ति होती रहेगी। माता-पिता का साथ मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**सिंह राशि** : किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या राशि** : जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**तुला राशि** : मन में नकारात्मकता से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। पुराने मित्र का आगमन भी हो सकता है।

**वृश्चिक राशि** : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**धनु राशि** : परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। कारोबार के लिए पिता से धन प्राप्त हो सकता है। किसी पुराने दोस्त से सम्पर्क हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर राशि** : उत्साही होने से बचें। आत्मसंयत रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है।

**कुंभ राशि** : परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त हो सकता है। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन प्राप्ति के योग हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि** : शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता रहेगी। पैतृक व्यवसाय का विस्तार हो सकता है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में कोहली के बारे में सोचना मुश्किल: हसी


**एजेंसी। नयी दिल्ली**

माइकल हसी का मानना है कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से लंदन के ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल जीतना है तो विराट कोहली का प्रदर्शन काफी मायने रखेगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की जीत की संभावना के लिए कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा का प्रदर्शन भी काफी महत्वपूर्ण होगा। हसी ने आईसीसी वेबसाइट से कहा, कोहली से इतर किसी अन्य खिलाड़ी के बारे में सोचना मुश्किल है। उन्होंने (कोहली) निश्चित रूप से खेल के प्रत्येक प्रारूप में शानदार फॉर्म में वापसी की है तथा उनका और रोहित शर्मा का बल्लेबाजी में प्रदर्शन भारत के लिए काफी



महत्वपूर्ण होगा। कोहली फिर से अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं और उन्होंने हाल में इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की तरफ से लगातार मैचों में शतक जमाए थे। कोहली अपने साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज के साथ इंग्लैंड पहुंच चुके हैं और फाइनल से पहले कैंट क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास कर रहे हैं। भारत ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जीत दर्ज की थी लेकिन हसी का मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल पूरी तरह से अलग तरह का खेल होगा। उन्होंने कहा, यह मैच इंग्लैंड में खेला जाएगा तथा वहां की परिस्थितियां भारत की तुलना में भिन्न होंगी, इसलिए मुझे लगता है कि तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम होगी। हसी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और जोश हेजलवुड फिर से फिट हो जाते हैं तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा होगा। उन्होंने कहा, लेकिन भारत के पास भी कई अच्छे गेंदबाज हैं। उनके पास मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज तथा रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे स्पिनर हैं। यह विश्वस्तरीय आक्रमण है और ऑस्ट्रेलिया को उनसे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। हसी ने इस मैच में किसी टीम को जीत के दावेदार के रूप में नहीं चुना। दबाव भारत पर होगा जिसने 2013 के बाद आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के सहयोगी स्टाफ में शामिल हसी ने कहा, मैं केवल दो श्रेष्ठ टीमों को खेलते हुए देखना चाहता हूं। यह देखना दिलचस्प होगा कौन सी टीम जीत दर्ज करती है। हम केवल अच्छी, कड़ी और निष्पक्ष क्रिकेट देखना चाहते हैं और जो भी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी वह जीत की दावेदार होगी। यह शानदार मैच होना चाहिए।

# मेसी की मदद से पीएसजी ने जीता रिकॉर्ड 11वां खिताब



**एजेंसी। पेरिस**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लियोनेल मेसी के गोल की मदद से स्ट्रासबर्ग के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर रिकॉर्ड 11वीं बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग का खिताब जीता। इस जीत से पीएसजी के 37 मैचों में 85 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से चार अंक आगे हो गया है। लेंस के 37 मैचों में 81 अंक हैं और अब केवल एक दौर के मैच होने बाकी है। मेसी ने 59वें मिनट में काइलियन एम्बाप्पे के पास गोल करके पीएसजी को बढ़त दिलाई। पीएसजी के पूर्व स्ट्राइकर केविन गामेरो ने 79वें मिनट में स्ट्रासबर्ग की तरफ से बराबरी का गोल दागा। मेसी का यह यूरोप में लीग मैचों में 496वां गोल था और इस तरह से उन्होंने यूरोप की शीर्ष पांच लीग में सर्वाधिक गोल करने के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा। लेंस ने एक अन्य मैच में अजाशियो को 3-0 से हराकर अपना दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। इससे उसने अगले सत्र में होने वाली चैंपियंस लीग में भी अपनी जगह पक्की की।

## NEWS इन ब्रीफ

### चीनी टेबल टेनिस टीम ने विश्व चैंपियनशिप के पांच स्वर्ण पदक जीते



**बीजिंग।** शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में चल रही विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में चीनी खिलाड़ियों ने पुरुष डबल और महिला डबल के दो स्वर्ण पदक जीते। एक दिन पहले चीनी जोड़ी ने मिश्रित इवेंट का स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा पुरुष एकल और महिला एकल के फाइनल में सभी भागीदार चीनी खिलाड़ी होंगे। इस तरह चीनी टीम ने इस चैंपियनशिप की सभी पांच व्यक्तिगत इवेंट्स के खिताब अपने हाथ में ले लिये हैं। पुरुष डबल के फाइनल में चीनी खिलाड़ी फानचनतुंग और वांगछुछिन ने 3-0 से दक्षिण कोरिया की जोड़ी को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। वांगछुछिन ने बताया कि फाइनल मैच शानदार रहा। पहले गेम में हमने बहुत कठिन स्थिति को उलटफेर कर दिया, जिस ने कुंजीभूत भूमिका निभायी। महिला डबल के फाइनल में चीनी खिलाड़ी छन मंग और वांगयीति ने 3-0 से दक्षिण कोरियाई जोड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

### ब्राजील ग्रुप डी में शीर्ष पर रहा, इटली व नाइजीरिया भी आगे बढ़े ब्यूनस

**आयर्स।** ब्राजील ने पहले हाफ के आखिर में किए गए दो गोल की मदद से नाइजीरिया को 2-0 से हराकर अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। इटली ने भी डोमेनिका गणराज्य को 3-0 से पराजित करके ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहकर अंतिम 16 में जगह बनाई। नाइजीरिया तीसरे स्थान पर रहने के बावजूद नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रहा। वह तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में सर्वश्रेष्ठ चार टीम में शामिल रहा जिससे वह अंतिम 16 में प्रवेश करने में सफल रहा। इन तीनों टीम के समान छह अंक रहे लेकिन ब्राजील बेहतर गोल अंतर के कारण पहले स्थान पर रहा।

# रोहित को टेस्ट एकादश का कप्तान : रिकी पोंटिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया और भारत की संयुक्त टेस्ट एकादश का चयन किया है जिसमें उन्होंने हालिया फॉर्म को तरजीह देते हुए रोहित शर्मा को कप्तान बनाया है। पोंटिंग ने सबसे पहले बाएं-दाएं संयोजन के साथ प्रत्येक टीम से एक सलामी बल्लेबाज का चयन किया क्योंकि उन्होंने रोहित शर्मा और उस्मान ख्वाजा को क्रम के शीर्ष पर रखा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने एक कप्तान के रूप में अपने व्यापक अनुभव के कारण संयुक्त टेस्ट एकादश की कप्तानी करने वाले खिलाड़ी के रूप में रोहित की पहचान की, हालांकि पैट कमिंस को अभी भी पोंटिंग के लाइन-अप के अभिन्न अंग के रूप में देखा जाता है।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, मैं उस्मान ख्वाजा के साथ शुरूआत करूंगा। मैं दूसरे सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित शर्मा के पास जाऊंगा। वह पूरी तरह से फॉर्म-आधारित भी नहीं है। मैं चाहता था कि वह टीम का कप्तान बने। पैट कमिंस, मैं उनका जिक्र बाद में करूंगा, वह इस टीम में होंगे, लेकिन सिर्फ रोहित के साथ अनुभव के धष्टिकोण से, वह जाहिर तौर पर पैट की तुलना में काफी लंबे समय तक कप्तान रहे हैं, इसलिए मुझे लगा कि वह टीम के कप्तान बनने के योग्य हैं।

रोहित ने इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया पर घरेलू धरती पर



भारत को 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत दिलाई और नागपुर में शुरूआती मैच में कड़ी मेहनत के साथ शतक बनाया। 36 वर्षीय ने इस साल की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला को 40.33 की औसत से 242 रन बनाकर समाप्त किया।

पोंटिंग ने कहा, हम जानते हैं कि वह बल्ले से किस तरह की क्लास रखता है। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज में उसका हालिया फॉर्म भी शानदार था, उसने उस विकेट पर अविश्वसनीय शतक बनाया था, जहां हर कोई वास्तव में संघर्ष कर रहा था। 48 वर्षीय पोंटिंग ने संयुक्त टेस्ट एकादश में नंबर 3 बल्लेबाज के रूप में मार्नस लाबुशेन को चुना। उन्होंने कहा, मुझे बल्लेबाजी लाइन-अप में मिली अगली जोड़ी से आगे जाना बहुत कठिन है, जो कि विराट कोहली और स्टीव स्मिथ हैं। यदि आप पिछले दशक के महान खिलाड़ियों के बारे में बात करते हैं, तो ये दोनों शीर्ष पर होंगे। जबकि प्रत्येक टीम के कई बल्लेबाज अंतिम मध्य क्रम के स्थान के लिए दावा कर सकते थे, पोंटिंग ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के साथ गए, जो आसानी से नंबर छह या नंबर सात स्थान पर कब्जा कर सकते हैं।

पोंटिंग ने संयुक्त टेस्ट एकादश में एलेक्स केरी को विकेटकीपर के रूप में शामिल किया, लेकिन यह निश्चित नहीं था कि वह लाइन-अप में कहां बल्लेबाजी कर कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी ने जोर देकर कहा कि वह अधिक से अधिक गेंदबाजी विकल्प चाहते हैं, और महत्वपूर्ण क्षणों में भारत के बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा गेंद फेंकने में सहज होंगे। पोंटिंग को कमिंस, मिचेल स्टार्क और मोहम्मद शमी के रूप में अपने तीन तेज गेंदबाजों को चुनने में थोड़ी परेशानी हुई। स्टार्क विशेष रूप से पोंटिंग से पिछले वर्ष में उनके योगदान के लिए उच्च प्रशंसा के लिए आए थे। पोंटिंग ने कहा, पैट कमिंस, आपको किसी भी टेस्ट टीम में होना चाहिए जिसे आप चुन रहे हैं। मिचेल स्टार्क के पिछले 12 महीने, मुझे लगता है कि वह वास्तव में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ में से कुछ रहे हैं।


# शुभमन के फैन हुए सचिन बांधे तारीफों के पुल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल 2023 के फाइनल से पहले शुभमन गिल की प्रशंसा की और इस सीजन में उनके प्रदर्शन को अद्भुत बताया। गिल ने इस साल आईपीएल में 16 मैचों में 60.79 की औसत से 851 रन बनाए। साथ ही उन्होंने आखिरी चार मैचों में तीन शतक बनाए हैं। उनका दूसरा शतक आरसीबी के खिलाफ आया और इससे मुंबई को प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिली। हालांकि, क्वालीफायर 2 के दौरान गिल टकके गेंदबाजों पर टूट पड़े। उन्होंने 60 गेंदों में 129 रन बनाए और उनकी पारी में सात चौके और 10 छक्के शामिल थे।

# सबालेंका की मजबूत शुरूआत फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में



**एजेंसी। पेरिस**

नंबर 2 वरीय आर्यना सबालेंका ने रविवार को यहां दुनिया की नंबर 39 यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक को 6-3, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस जीत ने सबालेंका के 2023 के जीत-हार के रिकॉर्ड को 30-5 तक पहुंचा दिया है। वह रौलां गैरो से पहले खेले अपने आठ टूर्नामेंटो में से सात में कम से कम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची हैं जिनमें से पांच तो फाइनल हैं। 25 वर्षीय सबालेंका का अगला मुकाबला पन्ना उदवर्डी और इरीना शिमानोविच के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। रौलां गैरो एकमात्र प्रमुख मेजर है जिसमें 25 वर्षीय को अभी तक तीसरे दौर से आगे नहीं जा पायी हैं, लेकिन उसने तीन सप्ताह पहले मैड्रिड में दूसरे खिताब के साथ क्ले-कोर्ट की अपनी साख को मजबूत किया। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन के पास इस पखवाड़े की रैंकिंग के शीर्ष पर इगा स्वीयाटेक को अपदस्थ करने का अवसर है।




# प्रणय ने जीता मलेशिया मास्टर्स का खिताब

**एजेंसी। कुआलालम्पुर**

भारत के विश्व नंबर-9 शटलर एच.एस. प्रणय ने रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन के वेंग होंग यांग को तीन गेमों के कड़े संघर्ष में 21-19, 13-21, 21-18 से हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ, प्रणय ने छह साल से अधिक समय में अपना पहला पुरुष एकल खिताब हासिल किया, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने पहले 2017 यूएस ओपन में खिताब जीता था, जो कि बीडब्ल्यूएफ ग्रां प्री का एक हिस्सा था, जो वर्तमान बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर का पूर्ववर्ती है। साल का अपना पहला फाइनल खेल रहे प्रणय और यांग पहले गेम की शुरूआत में ही आमने-सामने हो गए । जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, दोनों खिलाड़ियों ने बढ़त हासिल करने के लिए संघर्ष किया। 16-16 के बराबर स्कोर के साथ, भारतीय ने अपने खेल में सुधार किया और मैच में पहला गेम जीत लिया। प्रणय हालांकि दूसरे गेम में लय बरकरार रखने में नाकाम रहे और चीनी खिलाड़ी ने मिडवे ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बना ली। बाद में, उन्होंने लगातार छह अंक जीते और दूसरे गेम में जीत हासिल कर मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। निर्णायक गेम में, भारतीय खिलाड़ी ने धीमी शुरूआत की और शुरूआत में 2-5 से पीछे हो गया, लेकिन उसने ठोस वापसी करते हुए 9-9 से स्कोर टाई कर दिया। 18-ऑल के स्कोर पर प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 इवेंट जीतने के लिए तीन बैक-टू-बैक अंकों के साथ मैच को समाप्त कर दिया। सेमीफाइनल के दौरान चोट के कारण इंडोनेशिया के क्रिश्चियन एडिनाटा के हटने के बाद प्रणय फाइनल में पहुंच गए। इससे पहले, 30 वर्षीय प्रणय ने क्वार्टर फाइनल और प्री-क्वार्टर फाइनल में क्रमशः जापान के केंटा निशिमोटो और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शि फेंग को हराया था।

# भारत ने जूनियर एशिया कप में पाक से मैच 1-1 से ड्रॉ खेला

**एजेंसी। सलालाह (ओमान)**

भारत ने पूल ए का अपना तीसरा मैच चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला और इस तरह से पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान जारी रखा। शारदानंद तिवारी ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में 24वें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन बशारत अली ने 44वें मिनट में पाकिस्तान की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। यह मैच ड्रॉ समाप्त होने से भारत के अब तीन मैचों में सात अंक



हो गए हैं और वह पूल ए में दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान के भी सात अंक हैं लेकिन वह गोल अंतर बेहतर होने के कारण पहले स्थान पर है। जापान तीन मैचों में छह अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने शनिवार को चीनी ताइपे को 10-1 से पराजित किया था। भारत ने इससे पहले चीनी ताइपे को 18-0 और जापान को 3-1 से हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाकर अपनी विरोधी टीम को दबाव में रखा। भारत को शुरू में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी कुछ मौके बनाए और वह पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने की स्थिति में भी पहुंच गया था लेकिन भारतीय गोलकीपर अमनदीप लाकड़ा ने बेहतरीन बचाव करके उसका यह प्रयास नाकाम कर दिया। पहला क्वार्टर गोल रहित छूटने के बाद शारदानंद ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इसके बाद भारतीय टीम अधिक आत्मविश्वास के साथ खेलने लग गई और उसने पाकिस्तानी रक्षा पंक्ति में लगातार सेंध लगाई लेकिन गोल करने में असफल रही। पाकिस्तानी टीम छोर बदलने के बाद गोल करने के लिए बेताब दिखी और उसने कुछ अच्छे मूव बनाए। इसका उसे फायदा मिला और बशारत ने मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर में अधिक आक्रामक खेल दिखाया जबकि पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले किए।

## आईपीएल 2023 | सुरेश रैना बोले जैसे युवराज के 6 छक्के नहीं भूले

# वैसे ही रिंकू के 5 छक्के कोई नहीं भूलेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने अपनी तूफानी पारियों के दम पर सभी को अपना दीवाना बना लिया है। रिंकू के दम पर केकेआर सीजन में विरोधी टीमों को टक्कर देती भी दिखी। वहीं रिंकू के लगातार 5 छक्के भी आईपीएल 2023 में सबसे चर्चित मूमेंट में से एक हैं, जिनके दम पर केकेआर ने हारा हुआ मैच जीता था। वहीं अब पूर्व भारतीत क्रिकेटर सुरेश रैना ने रिंकू के 5 छक्कों की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि ये पल किसी को भी नहीं भूलेगा।

सुरेश रैना ने कहा, 'रिंकू सिंह के आखिरी ओवर में 5 छक्के लगाकर मैच जिता दिया, इसे कोई लंबे समय तक नहीं भूल पाएगा।





जैसे युवराज सिंह के 6 छक्के आज तक कोई नहीं भूला, वैसे ही रिंकू सिंह के 5 छक्के कोई नहीं भूलेगा'' बता दें कि रिंकू ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ यह करिश्मा किया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात ने पहले बैटिंग करते हुए 204 रन बनाए थे। जवाब में कोलकाता ने आखिरी गेंद पर रिंकू सिंह के छक्कों के दम पर 3 विकेट से जीत दर्ज की। रिंकू ने यश दयाल के ओवर की आखिरी 5 गेंदों में 5 छक्के उड़ाए। वहीं युवराज सिंह ने इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में इंग्लैंड के खिलाफ 6 गेंदों में 6 छक्के लगाए थे। ये रिकॉर्ड ऐसा है, जो शायद ही टूटे। टी20 विश्व कप 2007 के दौरान टूनामेंट का 21वां मैच भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जा रहा था। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए युवराज सिंह ने यह अनोखा कारनामा कर दिखाया था। उन्होंने 19 सितंबर को विश्व कप के दौरान 19वां ओवर करने आए ब्रॉड के ओवर में 36 रन बनाए थे।



# वर्चुअल इवेंट्स प्लेटफॉर्म एअरमीट ने की 30 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू वर्चुअल इवेंट्स प्लेटफॉर्म एयरमीट ने लगभग 75 कर्मचारियों को निकाल दिया है, जो इसके कुल कर्मचारियों का लगभग 30 प्रतिशत है। प्रमुख स्टार्टअप समाचार पोर्टल इंक42 के अनुसार, छंटनी ने बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप में बिक्री, विपणन, तकनीक और संचालन विभागों को प्रभावित किया। छंटनी ने भारत, अमेरिका और यूरोप में कर्मचारियों को प्रभावित किया। एयरमीट के सीईओ ललित मंगल ने एक आंतरिक ईमेल में कहा कि कम मार्केटिंग बजट और वर्चुअल इवेंट कैटेगरी के तेजी से कमोडिटीकरण के कारण यह निर्णय लिया गया। सिकोइया कैपिटल द्वारा समर्थित, प्लेटफॉर्म ने हाल ही में प्रॉसस वेंचर्स, सिस्तेमा एशिया फंड से सीरीज बी फंडिंग राउंड में 35 मिलियन डॉलर जुटाए। मंगल ने ईमेल में लिखा, हर जगह बहुत कम मार्केटिंग बजट और वर्चुअल इवेंट श्रेणी के तेजी से कमोडिटाइजेशन के साथ, हमारा दृढ़ निष्पादन एक स्वस्थ वित्तीय स्थिति को बनाए रखने के लिए आवश्यक परिणाम नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा, समुदायों और कंपनियों के लिए डिजिटल जुड़ाव के नए भविष्य का निर्माण करने के लिए एयरमीट फिर से एक फुतीर्ली कंपनी बन गई है। प्लेटफॉर्म ने भारत में हटाए गए कर्मचारियों के लिए दो महीने के वेतन की पेशकश की है। यह 18 अगस्त तक इन कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज भी बढ़ाएगा। यूएस में प्रभावित कर्मचारियों के लिए भी कंपनी विच्छेद वेतन की पेशकश करेगा। इस बीच, भारतीय स्टार्टअप्स में कम से कम 27 हजार टेक कर्मचारियों ने पिछले साल सर्दियों में फंडिंग के बाद से अपनी नौकरी खो दी है। लगभग 26,868 कर्मचारियों को 98 स्टार्टअप द्वारा गुलाबी पर्ची सौंपी गई है, इसमें एडटेक की बड़ी कंपनियों के नेतृत्व वाले यूनिकॉर्न भी शामिल हैं। कम से कम 22 एडटेक स्टार्टअप्स ने अब तक 9,781 नौकरियों में कटौती की है।

# जीएसटी रिटर्न की स्क्रूटनी के लिए एसओपी हुई जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड की ओर से वित्त वर्ष 2019-20 और उसके बाद जीएसटी रिटर्न की स्क्रूटनी के लिए एसओपी (रङ्कढ) जारी कर दी है। इनका इस्तेमाल जीएसटी की एनालिटिक्स यूनिट की ओर से विभिन्न प्रकार की रिस्क के आधार पर जीएसटी रिटर्न की स्क्रूटनी करने के लिए किया जाएगा। एसओपी के मुताबिक, स्क्रूटनी के लिए जीएसटी रिटर्न का चयन डायरेक्टरेट जनरल ऑफ एनालिटिक्स एंड रिस्क मैनेजमेंट द्वारा किया जाएगा। सेंट्रल टैक्स ऑथोरिटीज के पास पंजीकृत जीएसटीआईएन का ही डीजीएआरएम की ओर से चयन किया जाएगा। इसके बाद चुने हुए जीएसटीआईएन से जुड़ी सभी जानकारी उससे जड़े हुए सेंट्रल टैक्स ऑफिसर के स्क्रूटनी डैशबोर्ड पर दिखाई देगी। इस महीने की शुरूआत में सीबीआईसी की ओर से कहा गया था कि जीएसटी रिटर्न की स्क्रूटनी के लिए जल्द ही एक ऑटोमेटिक मॉड्यूल तैयार किया जाएगा। ऑटोमेटिक मॉड्यूल आने से सिस्टम की ओर से रिस्क और डाटा एनालिटिक्स के आधार पर स्क्रूटनी के लिए जीएसटी रिटर्न की पहचान की जाएगी। इससे टैक्स अधिकारियों को भी स्क्रूटनी के लिए जीएसटी रिटर्न चुनने में भी काफी आसानी होगी।

# घर बैठे आधार में अपडेट कर सकते हैं एड्रेस

**नई दिल्ली।** आधार कार्ड हमारे देश में एक जरूरी डॉक्यूमेंट है। इसमें सभी जानकारियां जैसे आपका नाम, मोबाइल नंबर और पता सहित अन्य चीजें सही होना जरूरी है। कई बार देखा जाता है लोग शहर या पता बदलने पर आधार में इसे अपडेट नहीं करा पाते हैं। उन्हें ये झंझट का काम लगता है, जबकि ऐसा नहीं है। आपको आधार कार्ड में घर का पता बदलवाने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप घर बैठे ऑनलाइन ही इसे अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए आपको 50 रुपए शुल्क देना होगा। हम आपको इसकी पूरी प्रोसेस बता रहे हैं। वक्ळअक परिवार के मुखिया की इजाजत से आधार में ऑनलाइन पता अपडेट करने की सुविधा भी देता है। इसके तहत घर का मुखिया ऑनलाइन आधार एड्रेस अपडेट के लिए अपने बच्चे, पति या पत्नी, माता-पिता के एड्रेस को अप्रूव कर कर सकता है। 18 साल से ज्यादा आयु का कोई भी व्यक्ति ल्डत्र हो सकता है।

## एप्पल जुलाई में 'माई फोटो स्ट्रीम' की सेवा बंद कर देगा

**सैन फ्रैंसिस्को।** एप्पल ने घोषणा की है कि वह 26 जुलाई को 'माई फोटो स्ट्रीम' सेवा बंद कर देगा। इसका मतलब है कि जो उपयोगकर्ता अभी भी इस सुविधा का उपयोग कर रहे हैं, उन्हें 26 जुलाई से पहले आईक्लाउड फोटो पर माइग्रेट करना होगा। माई फोटो स्ट्रीम एक मुफ्त सेवा है जो आईक्लाउड पर पिछले 30 दिनों की इमेज (1,000 तक) को अपलोड करती है, जिससे उन्हें आईफोन, आईपैड, आईपॉड टच, मैक और पीसी पर एक्सेस किया जा सकता है। एप्पल ने कहा, माई फोटो स्ट्रीम 26 जुलाई, 2023 को बंद होने वाली है। इसमें कहा गया है, इस ट्रांजिसन के हिस्से के रूप में, आपके डिवाइस से नए फोटो अपलोड एक महीने पहले यानि 26 जून, 2023 को बंद हो जाएंगे। कंपनी ने कहा कि उस तिथि से पहले सेवा में अपलोड की गई कोई भी तस्वीर अपलोड की तारीख से 30 दिनों तक आईक्लाउड में रहेगी और आपके किसी भी डिवाइस पर उपलब्ध होगी जहां माई फोटो स्ट्रीम वर्तमान में सक्षम है। इसके अलावा, एप्पल ने कहा कि माई फोटो स्ट्रीम में तस्वीरें पहले से ही उपयोगकर्ता के डिवाइस पर संग्रहीत हैं, इसलिए जब तक उनके पास डिवाइस है, उनके पास फोटो रहेंगे। जो उपयोगकर्ता अपनी इमेजेज को किसी विशिष्ट डिवाइस पर रखना चाहते हैं, उन्हें 26 जुलाई से पहले उस डिवाइस पर फोटो लाइब्रेरी में सहेज लेना चाहिए।

# चीन पीसी बाजार में 24 प्रतिशत की गिरावट, लेनोवो सबसे आगे




**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीन की मुख्य भूमि पर पीसी (डेस्कटॉप, नोटबुक और वर्कस्टेशन) की शिपमेंट में पहली तिमाही में पिछले साल के मुकाबले 24 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जिसकी शिपिंग केवल 89 लाख यूनिट रही। कैनालिस के आंकड़ों के अनुसार, डेस्कटॉप (डेस्कटॉप वर्कस्टेशन सहित) शिपमेंट 28 प्रतिशत घटकर 2.8 मिलियन यूनिट रह गया, जबकि नोटबुक (मोबाइल वर्कस्टेशन सहित) शिपमेंट 22 प्रतिशत घटकर 6.1 मिलियन यूनिट रह गया। दूसरी ओर, टैबलेट बाजार ने विकास का अनुभव किया। इसमें कुल शिपमेंट 38 प्रतिशत बढ़कर 6.5 मिलियन यूनिट हो गया। एप्पल ने टैबलेट बाजार का नेतृत्व किया, क्योंकि इसने अपने शिपमेंट को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 2.5 मिलियन यूनिट कर दिया। लेनोवो मुख्य भूमि चीन में शीर्ष विक्रेता बना रहा, लेकिन उसने 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, क्योंकि इसने पहली तिमाही में 3.3 मिलियन यूनिट की बिक्री की। हुआवेई ने एक मजबूत तिमाही का आनंद लिया, अपने पीसी शिपमेंट को 34 प्रतिशत बढ़ाकर केवल दस लाख यूनिट शिपमेंट के तहत दूसरे स्थान पर ले लिया। तीसरे स्थान पर रहने वाले एचपी को 7 प्रतिशत की अपेक्षाकृत मामूली शिपमेंट गिरावट का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसने तिमाही के दौरान मुख्य भूमि चीन के लिए एक महत्वपूर्ण बिक्री और विनिर्माण बाजार के रूप में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। डेल ने शीर्ष पांच विक्रेताओं में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की, इसके पीसी शिपमेंट में 45 प्रतिशत की गिरावट आई। आसुस ने 0.7 मिलियन यूनिट शिपमेंट के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। कैनालिस के विश्लेषक एम्मा जू ने कहा, मुख्यभूमि चीन की पोस्ट-कोविड रिकवरी ने अब तक पीसी उद्योग के लिए कोई राहत नहीं दी है। व्यावसायिक मोर्चे पर, सेवा क्षेत्र से सकारात्मक संकेतों के बावजूद आईटी पर कुल व्यावसायिक निवेश और खर्च अपेक्षाकृत कमजोर रहा। जू ने कहा, यद्यपि संकेत तत्काल अवधि में मौन प्रदर्शन की ओर इशारा करते हैं, 2023 के उत्तरार्ध में सुधार के सकारात्मक संकेत हैं, सार्वजनिक क्षेत्र और बड़े उद्यमों से पीसी की मांग को आगे बढ़ाने की उम्मीद है।

## सी919 ने पहली व्यावसायिक उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की

**बीजिंग।** 28 मई को चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने शांगहाई होंगछाओ हवाई अड्डे से पेइंचिंग राजधानी हवाई अड्डे तक उड़ान एमयू 9191 को निष्पादित करने के लिए कॉमैक द्वारा वितरित दुनिया के पहले सी919 बड़े यात्री विमान का उपयोग किया। भविष्य में अधिकांश यात्री चीन निर्मित बड़े विमानों से यात्रा करना चुन सकते हैं। 28 तारीख की पहली वाणिज्यिक यात्री उड़ान में, 130 से अधिक यात्रियों ने सी919 द्वारा लाई गई हवाई यात्रा का अनुभव लेने का बीड़ा उठाया। पहली वाणिज्यिक यात्री उड़ान में भाग लेने वाले यात्रियों के लिए, चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने एक स्मारक विशेष बोर्डिंग पास तैयार किया है। योजना के अनुसार, 28 तारीख को पहली वाणिज्यिक यात्री उड़ान के बाद, चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस का पहला सी919 बड़ा यात्री विमान 29 मई से शांगहाई होंगछाओ - छंगतू थिएनफू मार्ग पर सामान्य वाणिज्यिक परिचालन को लागू करेगा।

# सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण 1.51 लाख करोड़ रुपये बढ़ा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,51,140.39 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई. सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं. समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया, वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी की बाजार हैसियत घट गई.मार्केट कैप में बढ़ोत्तरी होने वाली कंपनियां : बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 772.01 अंक या 1.25 प्रतिशत के लाभ में रहा. समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 43,131.02 करोड़ रुपये बढ़कर 16,95,833.65 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 39,243.32 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 12,18,098.20 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. आईटीसी की बाजार हैसियत 29,578.69 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,51,431.15 करोड़ रुपये और इन्फोसिस की 20,171.09 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 5,46,662.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गई. मार्केट कैप में बढ़ोत्तरी में इन कंपनियों का रहा दबदबाभारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 9,638.58 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,22,848.39 करोड़ रुपये पर और भारती एयरटेल का 6,981.11 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,56,031.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 2,396.58 करोड़ रुपये बढ़कर 6,23,017.62 करोड़ रुपये पर पहुंच गई.

## विदेश

# अफगानिस्तान और ईरान में पानी को लेकर बॉर्डर पर मुठभेड़, चार की मौत



**एजेंसी। तहरान/काबुल**


अफगानिस्तान और ईरान की सेनाएं रविवार को बॉर्डर पर भिड़ गईं। दोनों देशों के बीच इस्लामिक रिपब्लिक बॉर्डर पर भारी गोलीबारी हुई। ये लड़ाई ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत और अफगानिस्तान के निमरोज प्रांत की सीमा पर हुई। इसमें तालिबान के एक लड़ाके और ईरानी आर्मी के 3 सैनिकों की मौत हो गई। दोनों देशों के बीच हेलमंद नदी के पानी पर अधिकार को लेकर विवाद है। ईरानी मीडिया ने तालिबान को पहले गोलीबारी शुरू करने का जिम्मेदार ठहराया। वहीं तालिबान के मुताबिक, इस जंग की शुरूआत ईरान ने की थी। तालिबान के एक कमांडर हामिद खोरासानी ने कहा- अगर तालिबानी नेताओं ने मंजूरी दी तो हम 24 घंटे के अंदर ईरान पर जीत हासिल कर लेंगे। तालिबानी कमांडर और पक्तिया प्रांत के अहमदाबाद जिले के पूर्व गवर्नर अब्दुल हामिद खोरासानी ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने कहा- जिस उत्साह के साथ हम अमेरिकियों के खिलाफ लड़े थे, उससे कहीं ज्यादा जोश के साथ हम ईरान के खिलाफ लड़ेंगे। ईरान को तालिबानी नेताओं के धैर्य का शुक्रगुजार होना चाहिए। अगर तालिबान के सीनियर नेता हमें इजाजत देते हैं, तो हम ईरान पर जीत हासिल कर लेंगे। दूसरी तरफ, ईरान ने भी लड़ाई में तालिबान को हराने का संकल्प लिया है। ईरान के पुलिस चीफ अहमदरजा रदान ने कहा- हमारी बॉर्डर फोर्स हर हमले का जवाब देगी। अफगानिस्तान को अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करने का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उसे अपने एक्शन्स का जवाब देना होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तालिबान इस लड़ाई में मिसाइल, तोपों और मशीन गन्स का इस्तेमाल कर रहा है।

## चीनी टेबल टेनिस टीम ने विश्व चैंपियनशिप के पांच स्वर्ण पदक जीते

**बीजिंग।** 27 मई को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में चल रही विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में चीनी खिलाड़ियों ने पुरुष डबल और महिला डबल के दो स्वर्ण पदक जीते। एक दिन पहले चीनी जोड़ी ने मिश्रित इवेंट का स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा पुरुष एकल और महिला एकल के फाइनल में सभी भागीदार चीनी खिलाड़ी होंगे। इस तरह चीनी टीम ने इस चैंपियनशिप की सभी पांच व्यक्तिगत इवेंट्स के खिताब अपने हाथ में ले लिये हैं। पुरुष डबल के फाइनल में चीनी खिलाड़ी फानचनतुंग और वांगछुछिन ने 3-0 से दक्षिण कोरिया की जोड़ी को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। वांगछुछिन ने बताया कि फाइनल मैच शानदार रहा। पहले गेम में हमने बहुत कठिन स्थिति को उलटफेर कर दिया, जिस ने कुंजीभूत भूमिका निभायी। महिला डबल के फाइनल में चीनी खिलाड़ी छन मंग और वांगयीति ने 3-0 से दक्षिण कोरियाई जोड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

### नासा कर रहा मंगल पर रहने की तैयारी

# पृथ्वी पर लाल ग्रह के अनुकूल बना घर, चार वैज्ञानिक करेंगे टेस्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मंगल ग्रह पर लोगों को बसाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। इस कड़ी में एक ट्रायल शुरू कर दिया गया है। अगर इस ट्रायल में सब कुछ सही रहा, तो अगले सात सालों यानी 2030 तक आम इंसानों को भी मंगल ग्रह पर भेजना शुरू कर दिया जाएगा। मंगल ग्रह पर लोगों को बसाने के लिए नासा की ओर से एक ट्रायल प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। इसमें एक घर बनाया गया है, जिसके अंदर के वातावरण को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जैसे मंगल ग्रह का वातावरण होता है। इस प्रोजेक्ट के लिए नासा ने चार लोगों को चुना है, जिसमें एक कनाडाई जीवविज्ञानी केली हेस्टन भी शामिल हैं। यह प्रोजेक्ट एक साल तक चलेगा, जिसमें केली हेस्टन ने बताया कि वो न बाहर आ पाएंगी और न कोई अंदर नहीं जा पाएगा। जून के अंत तक चारों शोधकर्ता इस घर में जाएंगे और आम जीवन से अलग जिंदगी बिताएंगे। जानकारी के मुताबिक, ह्यूस्टन के जॉनसन स्पेस सेंटर में इस प्रोजेक्ट घर को बनाया गया है। घर के अंदर की व्यवस्था बिल्कुल मंगल ग्रह जैसी है। वहां पर भी लाल रंग की मिट्टी डाली गई है। यदि शोधकर्ता कंट्रोल सेंटर से संपर्क करेंगी तो, वहां से यहां तक मैसेज आने में बीस मिनट का समय लगेगा और कंट्रोल सेंटर से उन शोधकताओं तक मैसेज पहुंचने में 20 मिनट और लगेंगे। दरअसल, मंगल ग्रह से पृथ्वी तक कोई मैसेज आने में औसतन इतना ही समय लगता है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घर 3डी प्रिंटेड है, जो 160 वर्ग मीटर में फैला हुआ है। इसका नाम मार्स ड्यून रखा गया है।

## गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में हिमस्खलन से दस की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) क्षेत्र में खानाबदोशों के एक काफिले के हिमस्खलन की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। मलबे में बड़ी संख्या में लोगों के फंसे होने की आशंका है और अस्तोर जिले के दूर-दराज के इलाके में खराब मौसम के बावजूद बचाव दल उन्हें निकालने की कोशिश कर रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जी.बी. मोहिउद्दीन अहमद वानी ने बताया कि खानाबदोश अपने मवेशियों के साथ पाकिस्तान-नियंत्रित कश्मीर से एस्टोर जा रहे थे। अधिकारी ने कहा कि हर साल मई से जून तक, हजारों खानाबदोश अलग-अलग क्षेत्रों से इस क्षेत्र में चले जाते हैं और अक्टूबर में बर्फबारी के मौसम की शुरूआत से पहले वापस चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों सहित घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संकट

### क्लाइमेट चेंज के खिलाफ देश के बड़े हाइवे रोके, गिरफ्तारी से बचने पुलिसवाले को दांत से काटा

# नीदरलैंड में सेलेब्रिटीज समेत 1500 प्रदर्शकारी गिरफ्तार

**एजेंसी। हेग**

नीदरलैंड में पुलिस ने शनिवार को 1500 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों ने सरकार की क्लाइमेट विरोधी नीतियों के खिलाफ हेग शहर के अहम हाईवे ब्लॉक कर दिए थे। प्रदर्शनकारियों में देश के कई बड़े सेलिब्रिटी भी शामिल हैं। पुलिस ने इन्हें खदेड़ने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। हालांकि उसका प्रदर्शनकारियों पर कोई खास असर नहीं पड़ा। अलजजीरा के मुताबिक जब एक प्रदर्शनकारी को हिरासत में लेने की कोशिश की तो उसने पुलिसवाले को ही काट लिया। वहीं पुलिस की तरफ से छोड़ी गई पानी की बौछारों का सामना करने के लिए लोग घर से ही स्विम सूट पहन कर और छाते लेकर आए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'एक्सटिंक्शन रेबेलियन' नाम का संगठन ये प्रदर्शन करवा रहा है। हाल ही में डच यानी नीदरलैंड की सरकार ने फोसिल फ्यूल सब्सिडी की घोषणा की है। जिसके खिलाफ प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। संगठन ने दावा किया है कि सरकार की क्लाइमेट विरोधी नीतियों के खिलाफ 7 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम तब तक प्रदर्शन करते रहेंगे जब तक पुलिस हमें घसीट कर रास्ते से दूर नहीं कर दे। क्लाइमेट चेंज बड़ा संकट खड़ा कर रहा है। हमें पता है कि ये सब कैसे हो रहा है, इसके बावजूद हमारी सरकारें फोसिल फ्यूल पर सब्सिडी दे रही हैं। यूरोप में क्लाइमेट चेंज लोगों के लिए बड़ी समस्याएं खड़ी कर रहा है। यूरोपीय संघ के मुताबिक इस साल यूरोप में दिसंबर से फरवरी तक औसत तापमान में 1994 के मुकाबले 1.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। यूरोप में दिसंबर के अंत और जनवरी की शुरूआत में भी गर्मी रही। यूरोपीय आयोग ने कहा कि 2 जनवरी को पूरे महाद्वीप में तापमान के सैकड़ों रिकॉर्ड टूट गए थे, जिसमें स्विस शहर अल्टडॉर्फ भी शामिल था, जहां तापमान 19.2उ तक पहुंच गया था, जो 1864 के बाद से सबसे ज्यादा है। एक्स्टिंक्शन रेबेलियन ग्रुप ने 23 मई को जेनेवा में प्राइवेट जेट्स की बिक्री से जुड़े एक कार्यक्रम में भी प्रदर्शन किया था। संस्था के लोग रनवे पर बैठ गए थे। इसकी वजह से काफी समय तक कार्यक्रम नहीं हो पाया था। संस्था का कहना है कि दुनिया की लगभग 80 फीसदी आबादी ने कभी हवाई जहाज में सफर नहीं किया है। दुनिया के केवल कुछ फीसदी लोग ही इसका इस्तेमाल करते हैं। जो सबसे ज्यादा ग्रीन हाउस गैस एमिशन के लिए जिम्मेदार है। इसलिए इनके इस्तेमाल पर बैन लगना चाहिए।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### एलएनजेपी अस्पताल में सत्येंद्र जैन से मिले अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एलएनजेपी में अपने पूर्व मंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने लिखा- आज मैं बहादुर व्यक्ति और हीरो से मिला। मुख्यमंत्री के साथ जैन की यह मुलाकात एक साल बाद संभव हो पाई है। तिहाड़ जेल में साल भर से बंद रहे जैन की तबियत बिगड़ने के बाद इलाज के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 6 सप्ताह की जमानत दी है। जैन 6 सप्ताह तक अस्पताल में इलाज कराएंगे।

### कुशीनगर में शौचालय की टंकी में उतरा करंट, पांच की मौत

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के जनपद कुशीनगर में रविवार को शौचालय की टंकी को साफ करने के दौरान उसमें उतरे करंट की चपेट में आकर पांच लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी घटनास्थल पर रवाना हो गए। जानकारी के मुताबिक, नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के गांव बोहरा रामनगर के टोला खपरधिक्का में शौचालय की टंकी को साफ की जा रही थी। इस दौरान उतरे करंट की चपेट में आकर एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई।

### धानुका ने बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद की ली शपथ

**मुंबई।** राज्यपाल रमेश बैस ने रविवार को राजभवन में आयोजित समारोह में न्यायाधीश रमेश देवकीनंदन धानुका को बाम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। इस समारोह में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे, मुंबई के पालक मंत्री दीपक केसरकर, राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष कमल किशोर तातेड़, बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश और सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश, राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ, पुलिस महानिदेशक रजनीश सेठ आदि उपस्थित थे।

# ई-फार्मेसी को विनियमित करने के लिए परामर्श के परिणाम से अवगत कराने का केंद्र को निर्देश

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



दिल्ली उच्च न्यायालय ने ई-फार्मेसी को विनियमित करने के लिए मसौदा नियमों पर हितधारकों के साथ परामर्श और विचार-विमर्श के परिणाम के बारे में सूचित करने के लिए केंद्र को छह सप्ताह का समय दिया है। अदालत दवाओं की 'अवैध' ऑनलाइन बिक्री पर प्रतिबंध लगाने तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दवाओं एवं प्रसाधन सामग्री नियमों में और संशोधन करने के लिए प्रकाशित मसौदा नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने यह स्पष्ट किया कि इन मामलों का लंबित रहना केंद्र सरकार द्वारा उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के आड़े नहीं आएगा जो ऑनलाइन फामेर्सी द्वारा लाइसेंस के बिना दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने वाले अदालत के 12 दिसंबर, 2018 के अंतरिम आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं। केंद्र द्वारा दायर नवीनतम स्थिति रिपोर्ट का अवलोकन करने पर, अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत संघ ने अभी तक अगस्त 2018 की मसौदा अधिसूचना को अंतिम रूप नहीं दिया है और यह परामर्श एवं विचार-विमर्श के लिए लंबित है। पीठ ने कहा, भारत संघ को परामर्श एवं विचार-विमर्श के परिणाम की सूचना देने और इस मामले में भारत संघ द्वारा अपनाए गए अंतिम रुख की भी जानकारी देने के लिए छह सप्ताह का समय दिया जाता है। 28 अगस्त, 2023 के लिए सूचीबद्ध किया जाए। यह स्पष्ट किया जाता है कि 12 दिसंबर, 2018 के अंतरिम आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भारत संघ के कार्रवाई करने में वर्तमान मामलों का लंबित रहना आड़े नहीं आएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दवाओं की ऑनलाइन बिक्री को विनियमित करने के लिए 28 अगस्त, 2018 की अपनी अधिसूचना में नियम, 1945 में नियमों को शामिल करने के लिए मसौदा संशोधन जारी किया था और केंद्र सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए सभी हितधारकों से आपत्तियों और सुझावों को मांगा था। मंत्रालय ने स्थिति रिपोर्ट में कहा है कि इसके बाद, प्राप्त टिप्पणियों/सुझावों के आधार पर, उचित विचार के बाद, आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन के लिए मसौदा नियमों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इसने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने अधिकारियों को प्रतिवेदन दिया है जो विचाराधीन है। रिपोर्ट में कहा गया है, तथ्यों और परिस्थितियों की समग्रता को ध्यान में रखते हुए, जिसमें विभिन्न हितधारकों से प्राप्त मसौदा अधिसूचना पर बड़ी संख्या में चिंताएं जताई गई हैं, उनके विचारों को ध्यान में रखा जाना चाहिए और इस मामले पर और विचार-विमर्श की आवश्यकता है। यह भी कहा गया है कि अधिकारियों को मसौदा नियमों पर विभिन्न हितधारकों से बहुत से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और उनमें से अधिकांश ने दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर मसौदा नियमों का विरोध किया है।

### 'मन की बात' में प्रधानमंत्री बोले

# देश-देशवासियों की उपलब्धियों पर चर्चा का कार्यक्रम : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मई माह के अंतिम रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि इसे सुनने वाले मानते हैं कि यह देश और देशवासियों की उपलब्धियों पर चर्चा का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के 101वें कार्यक्रम में रविवार को कहा कि इसमें सबकी भागीदारी की ताकत हमें देखने को मिलती है। पिछले 100 वें कार्यक्रम को बड़ी संख्या में देश और विदेश में लोगों ने सुना है। इन्हीं का मानना है कि यह देश और देशवासियों की उपलब्धियों पर चर्चा का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत से जुड़ी भावना को लेकर पिछले दिनों कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी क्रम में अब 'युवा संगम' का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दो युवाओं से भी टेलीफोन पर बातचीत की।

#### अरुणाचल, बिहार के छात्रों ने मोदी से अपने अनुभव साझा किए

प्रधानमंत्री ने रविवार को अपने 'मन की बात' रेडियो टॉक शो के दौरान दो छात्रों, अरुणाचल प्रदेश के ग्यामार न्योकुम और बिहार की विशाखा सिंह से बात की। छात्रों ने युवा संगम पहल में भाग लिया था, जिसका उद्देश्य दो राज्यों के लोगों को एक-दूसरे की संस्कृतियों से रू-ब-रू कराना था। एनआईटी (अरुणाचल) में प्रथम वर्ष के छात्र न्योकुम ने पीएम मोदी को बताया कि उन्होंने अपने संस्थान के माध्यम से युवा संगम के बारे में जाना और इसके बारे में इंटरनेट पर जानकारी खोजी। उन्होंने युवा संगम के माध्यम से राजस्थान की यात्रा की और राज्य की समृद्ध संस्कृति की खोज की। न्योकुम ने पीएम मोदी को बताया, मैं पहली बार अरुणाचल प्रदेश के बाहर किसी जगह गया था। मैंने राजस्थान की जीवंत संस्कृति के बारे में सीखा, जिसे मैं पहले कभी नहीं जानता था। जवाब में मोदी ने ग्यामार को बताया कि अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर तैनात कई सैनिक राजस्थान से हैं और सुझाव दिया कि जब वह उनसे मिलेंगे तो ग्यामार को खुशी होगी। पीएम मोदी ने तब न्योकुम से अपनी यात्रा के बारे में एक ब्लॉग लिखने का अनुरोध किया, जिसमें बताया गया कि कैसे उन्होंने नई संस्कृतियों के बारे में सीखा और राजस्थान की विरासत का अनुभव किया। न्योकुम के बाद पीएम मोदी ने बिहार के सासाराम गांव से विशाखा सिंह से बात की।



# संघ से निकटता के चलते गडकरी को 'टारगेट' कर रहा पीएफआई

**एजेंसी। नागपुर**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से निकटता के चलते प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के निशाने पर आ गए। गडकरी को मिली धमकी के मामले में नागपुर पुलिस के समक्ष गैंगस्टर जयेश पुजारी उर्फ शाकिर ने खुद यह बात कबूली है। केंद्रीय मंत्री गडकरी के नागपुर स्थित कार्यालय में इस साल जनवरी एवं मार्च में दो बार धमकी भरे फोन आए। फोन करने वाले ने गडकरी के कार्यालय में फोन कर फिरौती मांगी और उनको जान से मारने की धमकी दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने जब इस मामले को खंगाला तो इसके तार कर्नाटक के बेलगाव जेल में बंद गैंगस्टर जयेश पुजारी उर्फ शाकिर से जुड़े पाए गए। नागपुर पुलिस ने शाकिर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो बेहद चौंकाने वाली बात सामने आई। शाकिर ने पुलिस को बताया कि उसका नाम भले ही जयेश पुजारी है, लेकिन उसने धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कबूल किया है। अब उसका नाम शाकिर है। शाकिर पीएफआई के संपर्क में था। शाकिर 2014 से कर्नाटक की अलग-अलग जेलों में बंद रहा है। इस दौरान पीएफआई के लोगों ने उसका ब्रेनवॉश किया। नतीजतन शाकिर बदनाम गैंगस्टर से खतरनाक जिहादी बन गया। लगातार ब्रेनवॉश के चलते शाकिर संघ समेत अन्य हिन्दुत्वनिष्ठ संगठनों से नफरत करने लगा। पीएफआई पर प्रतिबंध लगने के बाद शाकिर को लगने लगा कि यदि पीएफआई प्रतिबंधित हो सकती है तो संघ पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए। वहीं केंद्रीय मंत्री गडकरी के संघ के बेहद करीबी होने की वजह से शाकिर उनसे बेहद नफरत करने लगा। इसी के चलते उसने बेलगाव कारागार से गडकरी के कार्यालय को फोन कर धमकाया था। शाकिर ने जेल में रहते हुए बम बनाने का प्रशिक्षण लिया। कर्नाटक की जेल में उसे 24 घंटे मोबाइल और इंटरनेट सुविधा उपलब्ध थी। शाकिर को जेल में सारी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए अज्ञात लोगों ने एक वर्ष में 18 लाख रुपये खर्च किए।

# पहलवानों ने बैरिकेड तोड़ा, कई हिरासत में

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दरअसल, पहलवान पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर नए संसद भवन की तरफ मार्च करने की कोशिश कर रहे थे। जिस पर पुलिस ने उन्हें रॉयल प्लाजा गोल चक्कर से पहले ही हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार पहलवान साक्षी मलिक, संगीता फोगाट और बजरंग पूनिया को हिरासत में लिया गया है। उनके साथ कई और पहलवान भी हैं। वहीं, हिरासत में लिए गए पहलवानों को अलग-अलग पुलिस स्टेशन में ले जाया गया है। उनके साथ काफी संख्या में समर्थक भी हिरासत में लिए गए हैं। पुलिस ने पहलवान जिस जगह पर प्रदर्शन कर रहे थे, उस जगह को अब खाली करा रही है। जंतर मंतर से बड़े-बड़े कूलर, खाने-पीने के सामान, टेंट का सामान, गद्दे-फोल्डिंग, पलंग सभी को पुलिस की तरफ से हटाया गया है। पहलवानों के टेंट तंबू को पुलिस ने पूरी तरह से हटा दिया है।

### तीन दिवसीय दौर पर सिंगापुर जाएंगे शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमिता मंत्री मौजूदा संबंधों को मजबूत करने तथा शिक्षा और कौशल विकास में द्विपक्षीय जुड़ाव के दायरे को व्यापक बनाने की संभावना तलाशने के लिए आज सिंगापुर की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। यात्रा के दौरान धर्मेन्द्र प्रधान सिंगापुर सरकार के विभिन्न प्रमुख मंत्रियों से मिलेंगे जिनमें सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री लॉरेंस वोंग, वरिष्ठ मंत्री थरमन शनमुगरत्नम, विदेश मंत्री डॉ. विवियन बालकृष्णन, व्यापार और उद्योग मंत्री गण किम योंग और शिक्षा मंत्री चान चुन सिंग शामिल हैं।

### समस्या : लद्दाख-अरुणाचल प्रदेश से सटी सीमा पर चीनी सेना ने कई बार उकसावे की कार्रवाई की

# एलओसी पर कहीं सुधरे हालात, तो कहीं नहीं मानी संधि की बात

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश से सटी सीमा पर चीनी सेना ने कई बार उकसावे की कार्रवाई की है। चीन मुख्य तौर पर लद्दाख, पैंगोंग, तिब्बत, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम से लगे अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के आसपास दिक्कतें पैदा करता रहा है। हाल के वर्षों में भारत चीन सीमा पर चाइनीस आर्मी ने पहले गलवान, पैंगोंग और फिर उसके बाद 2022 में अरुणाचल प्रदेश के यांग्त्से इलाके में उकसावे की कार्रवाई की है। वहीं डेपसांग के मैदानी क्षेत्र की बात करें तो यहां समस्या 2020 में गलवान में समस्या उत्पन्न होने से भी बहुत पहले से है। डेपसांग मैदान, भारत के जम्मू व कश्मीर के पूर्वी भाग में लद्दाख क्षेत्र की सीमा पर स्थित एक ऊंचा मैदानी इलाका है।

यहां विवाद की शुरूआत तब हुई जब चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा बैरिकेड लगाकर भारतीय सेना के जवानों को उनके पेट्रोलिंग पॉइंट तक पहुंचने से रोक दिया गया। भारतीय सेना के जवानों को उस बिंदु तक पहुंचने से रोका गया जहां तक उन्हें अपनी ड्यूटी के तहत पहुंचना था। इसके बाद जवाब में भारतीय सेना ने भी मजबूती से अपनी कार्रवाई की। गौरतलब है कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा पूर्वी लद्दाख में कई स्थानों पर समझौतों का उल्लंघन करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का उल्लंघन करने के बाद पूर्वी लद्दाख में तनाव पैदा हुआ।

स्थिति को सामान्य करने के लिए दोनों देशों द्वारा कोर कमांडर स्तर की वार्ता 2020 में शुरू की गई। मई 2020 में गतिरोध शुरू होने के बाद से दोनों सेनाएं पैंगोंग त्सो, गोगरा और हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र के उत्तरी और दक्षिणी किनारों से विस्थापित हो गई हैं, हालांकि डेपसांग मैदानी क्षेत्र और डेमचोक में तनाव बना हुआ है। डेपसांग और डेमचोक के संबंध में दोनों पक्ष कोई प्रगति करने में विफल रहे हैं। भारत ने डी-एस्केलेशन की मांग की है, जिसमें सभी अतिरिक्त सैनिकों और उपकरणों को एलएसी के अग्रिम क्षेत्रों में अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति में वापस ले जाना शामिल है।

हालांकि, चीन की ओर से अभी तक इसके लिए कोई झुकाव नहीं दिखा है। वह मौजूदा होल्डिंग पोजीशन को नई यथास्थिति के रूप में मानना चाहते हैं। इस बीच बॉर्डर से लगे कई इलाकों पर चीन द्वारा हवाई पट्टियां बनाई जा चुकी हैं। लद्दाख स्थित एलएसी पर ऐसा ही तनाव है। यहां चीन के कारण पैंगोंग झील पर पहले ही दोनों देशों की सेनाओं के बीच टकराव हैं। अब पैंगोंग झील के इलाके में चीन तेजी से पुल निर्माण कर रहा है। सैटेलाइट से प्राप्त तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन लगभग आठ मीटर चौड़े पुल का निर्माण कर रहा है और भीषण ठंड के बावजूद सर्दियों में पुल का काम जारी रहा।

यह पुल पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर स्थित चीनी सेना के बेस से दक्षिण की तरफ है। साल 2020 में भारत के साथ टकराव के दौरान चीन ने इस जगह पर अपने अस्थाई अस्पताल और गोडाउन बना लिए थे। गौरतलब है कि जून 2020 को पूर्वी लद्दाख के गलवान में भारत और चीन के सैनिकों के बीच खूनी संघर्ष हुआ था। उस झड़प में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे, जबकि चीन को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी थी और उसके 42 जवान शहीद हो गए थे। दोनों देशों की सेनाओं के बीच यह हिंसक झड़प 15 जून 2020 की रात को हुई। इस पूरी घटना के लिए चीन की अतिक्रमणवादी हरकतें जिम्मेदार थीं।




### सनी लियोनी ने कान मोमेंट के लिए पति डेनियल का आभार व्यक्त किया



**अभिनेत्री** सनी लियोन ने हाल ही में अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'कैनेडी' के साथ कान में डेब्यू किया। सनी ने 15 साल तक साथ रहने के लिए अपने पति डेनियल वेबर का आभार व्यक्त किया। अभिनेत्री सनी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म समारोह से अपने पति के लिए एक स्वीट नोट के साथ दो वीडियो साझा किए हैं। एक वीडियो में सनी और डेनियल को ग्रैंड थिएटर लुमियर में प्रवेश करने से पहले तस्वीरों के लिए पोज देते हुए किस करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी फिल्म 'कैनेडी' को दिखाया गया। सनी ने लिखा, गॉड ने आपको अट द रेट डेनियल99 को मेरे जीवन में मेरे सबसे बुरे पल में भेजा। उस पल में आपने सचमुच मेरी जान बचाई और तब से मेरे साथ हैं।

### दर्शन के लिए बद्रीनाथ धाम पहुंचे फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार




**फिल्म** अभिनेता अक्षय कुमार रविवार सुबह बदरीनाथ धाम दर्शन करने पहुंचे। अक्षय कुमार हैलीपेड से बद्रीनाथ मंदिर पहुंचे और भगवान बद्रीविशाल के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। बद्रीनाथ मंदिर परिसर में बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने फिल्म अभिनेता का हैलीपेड पर स्वागत किया। उन्होंने मंदिर में भगवान बदरीविशाल का प्रसाद और तुलसी की माला अक्षय कुमार को भेंट की। काम के मोर्चे पर, मराठी फिल्म 'ओएमजी 2' और 'बीएमसीएम' में शिवाजी की भूमिका निभा रहे अक्षय कुमार की 2023 में 6 फिल्में रिलीज होंगी।

### आईफा अवार्ड्स 2023 : आलिया-ऋतिक बने बेस्ट एक्टर, 'दृश्यम 2' को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार



**अंतरराष्ट्रीय** भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) में अजय देवगन अभिनीत फिल्म 'दृश्यम-2' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार अपने नाम किया। आलिया भट्ट और ऋतिक रोशन को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। हिंदी फिल्मों का यह सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार समारोह हर साल किसी विदेशी स्थल पर आयोजित किया जाता है। इस साल इसे एतिहाद एरिना में आयोजित किया गया जो यास द्वीप पर यास बे वाटरफ्रंट का हिस्सा है। फिल्म 'दृश्यम 2' इसी नाम की मलयालम फिल्म का रीमेक है। उसे सर्वश्रेष्ठ 'एडेप्टेड स्टोरी' का पुरस्कार भी मिला। आलिया भट्ट ने इस साल पुरस्कार समारोह में शिरकत नहीं की। उन्हें संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में उनकी अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। वहीं, रितिक रोशन को एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'विक्रम वेध' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। किरदार निभाने का मौका देने के लिए निर्देशक जोड़ी पुष्कर और गायत्री का शुक्रिया अदा करते हुए रोशन ने कहा, मैं कई वर्षों से वेध को जी रहा हूं। यह सब यहीं अबू धाबी में शुरू हुआ।